RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 24
नई दिल्ली, मंगलवार, 26 नवंबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

ज़रीन खान ने किया समलैंगिकता का समर्थन

विविध-16

www.dailypioneer.com

शिव पवार का पावर प्ले-162 विधायकों की परेड

मुंबई के होटल ग्रैंड हयात में शिवसेना, राकांपा, कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन-भरी हुंकार-162 हैं हम, दम है तो तोड़कर दिखाओ

- शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की भाजपा से दो टूक-हमारे लिए खाली करो महाराष्ट्र में शासन का रास्ता
- राकांपा नेता शरद पवार ने विधायकों को किया आश्वस्त-भाजपा के खिलाफ वोटिंग पर नहीं जाने देंगे किसी की भी सदस्यता
- भतीजे अजीत पर किया वार-नेता विधायक दल के पद से हटाए जा चुके हैं, नहीं है व्हिप जारी करने का कानूनी अधिकार

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई/नई दिल्ली

देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार को रातोरात मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाकर शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस को जोरदार झटका देने वाली भाजपा की नींद अब इस तिकड़ी ने उड़ा दी है। सोमवार को मुंबई के पांच सितारा होटल ग्रैंड हयात में तीनों दलों ने मीडिया के सामने 162 विधायकों की खुली परेड कराकर न सिर्फ अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया बल्कि सभी विधायकों को वफादारी की शपथ भी दिलाई। सलामी मुद्रा में विधायकों ने शपथ ली कि वे भाजपा के दिए किसी प्रलोभन में नहीं आएंगे, ऐसा कुछ नहीं करेंगे जिससे भाजपा की मदद हो या उसे फायदा पहुंचे, किसी भी पार्टी विरोधी गतिविधि का हिस्सा नहीं बनेंगे और अपनी-अपनी पार्टियों से (शेष 10 पर)

मुंबई में सोमवार को शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के विधायकों के साथ शरद पवार, उद्धव ठाकरे, मल्लिकार्जुन खड़गे व अन्य वरिष्ठ नेता

नौ केस बंद-एसीबी का तर्क अजीत पवार से संबंध नही

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई/नई दिल्ली

सिंचाई घोटाला

- कांग्रेस ने साधा निशाना, कहा-महाराष्ट्र में प्रजातंत्र के चीरहरण की असलियत उजागर

महाराष्ट्र में चल रहे हाईवोल्टेज सियासी ड्रामे के बीच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को बताया कि उसने राज्य की नौ सिंचाई परियोजनाओं में कथित अनियमितताओं की जांच बंद कर दी है। एजेंसी ने इसके साथ ही स्पष्ट किया कि ये मामले उप मुख्यमंत्री अजीत पवार से जुड़े हुए नहीं हैं। उधर, इस मामले को लेकर कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा और दावा किया कि इससे अब महाराष्ट्र में प्रजांतत्र के चीरहरण के अध्याय की असलियत उजागर हो गई है।

एसीबी ने यह सफाई विपक्षी कांग्रेस के इस दावे के बाद दी कि दो दिन पहले सरकार बनाने में भाजपा की मदद करने की वजह से अजित पवार को दोषमुक्त (शेष 10 पर)

फ्लोर टेस्ट पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में जारी सियासी उठापटक के बीच सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में विपक्षी दलों शिवसेना, एनसीपी-कांग्रेस की याचिका पर डेढ़ घंटे सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार सुबह 10.30 बजे इस मामले में फैसला सुनाएगा। इस गठबंधन ने भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाने के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के फैसले को चुनौती दे रखी है। इससे पहले विपक्ष ने 24 घंटे में शक्ति परीक्षण (फ्लोर टेस्ट) कराने की मांग की। राज्य में राजनीतिक हलके में अनिश्चित्ता बढ़ गयी है क्योंकि केन्द्र ने सोमवार को भी यही दावा किया कि महाराष्ट्र में सरकार गठित करने के लिये भाजपा को एनसीपी के 54 विधायकों का समर्थन था। केन्द्र ने न्यायालय से अनुरोध किया कि राज्यपाल के फैसले के खिलाफ याचिका पर जवाब देने के लिये उसे दो तीन दिन का वक्त दिया जाये। न्यायमूर्ति एनवी रमण, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष शिवसेना की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उनके गठबंधन के (शेष 10 पर)

महाराष्ट्र के घमासन से गूंजी संसद, हंगामा-कामकाज ठप

संसद भवन परिसर में सोनिया गांधी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी नेता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महाराष्ट्र में जारी सियासी घमासान की गूंज सोमवार को संसद के दोनों सदनों में सुनाई दी। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने जबर्दस्त हंगामा किया जिसके चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर बाधित रही। शोरगुल और नारेबाजी के कारण लोकसभा की बैठक दो बार और राज्यसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले, कांग्रेसी सांसदों ने सोनिया गांधी के नेतृत्व में संसद भवन परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया। सदन के भीतर हंगामे की आलोचना करती भाजपा ने अपील की कि सभी पार्टियों को संसद की पवित्रता व महान परंपरा को बनाए रखने के लिए साथ आना चाहिए।

सुबह लोकसभा की बैठक शुरू होते ही नारेबाजी करते कांग्रेसी सांसद आसन के निकट पहुंच गए। पार्टी के सदस्यों हिबी इडेन और टी एन प्रतापन ने हाथ में बड़ा पोस्टर ले रखा था। स्पीकर ओम बिरला ने पोस्टर लहरा रहे विपक्षी सदस्यों को ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी। जब वे नहीं माने तब मार्शलों को आदेश दिया कि उन्हें सदन से बाहर करें। इडेन-प्रतापन समेत अन्य कांग्रेसी सदस्यों व मार्शलों के बीच धक्कामुक्की हो गई जिसके बाद हंगामा बढ़ता देख अध्यक्ष ने बैठक दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पूर्व स्पीकर ने प्रश्नकाल शुरू कराया औरअनुसूचित जाति के लड़के-लड़कियों के छात्रावास विषय पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से पूरक प्रश्न पूछने को कहा। इनकार करते राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र (शेष 10 पर)

मौसम

अधिकतम	27.2°C (+1)
न्यूनतम	13.7°C (+2)

बाजार

सेंसेक्स	40,889	↑ 530	
निफ्टी	12,074	↑ 159	
सोना	38,604	↓ 166	/10g
चांदी	45,178	↓ 402	/kg

क्विक न्यूज

दो कश्मीरी नेता नजरबंदी से रिहा किए गए

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने दो राजनीतिक नेताओं को नजरबंदी से रिहा करने की सोमवार को घोषणा की। इसके अलावा दो अन्य को विधायक हॉस्टल से उनके घर स्थानांतरित किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पीडीपी से दिलावर मीर और गुलाम हसन मीर गत पांच अगस्त से नजरबंद थे और 110 दिनों से अधिक की नजरबंदी के बाद नए केन्द्र शासित प्रदेश प्रशासन ने उन्हे रिहा कर दिया। रिहा किए गए ये लोग पूर्व विधायक है और अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को हटाए जाने संबंधी केन्द्र के फैसले के दिन पांच अगस्त से इन लोगों को अपने-अपने आवासों पर नजरबंद किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर की विधानसभा मे विधायक रहे अशरफ मीर और हाकीन यासीन को उनके घर स्थानांतरित किया जाएगा लेकिन वे नजरबंदी मे रहेंगे।

नियंत्रण रेखा के पास खाई में गिरने से जवान की मौत

जम्मू। कश्मीर के कुपवाड़ा जिले मे नियंत्रण रेखा के पास गश्त के दौरान पैर फिसलने से एक जवान खाई मे गिर गया और उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 29 वर्षीय जवान कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर मे नियंत्रण रेखा के पास गश्त कर रहा था। इसी दौरान खराब मौसम और हिमपात के कारण उसका पैर फिसल गया और वह खाई मे गिर गया। जवान की पहचान राजस्थान के नायक पीड़ा राम के रूप मे की गई है।

गुवाहाटी में आयोजित होगा 65वां फिल्मफेयर पुरस्कार

गुवाहाटी। असम पर्यटन विकास निगम (एटीडीसी) और टाइम्स ऑफ इंडिया समूह ने गुवाहाटी मे 65 वां फिल्मफेयर पुरस्कार आयोजित करने के लिए सोमवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह पुरस्कार समारोह अगले 15 फरवरी को आयोजित किया जाना है।

प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट खफा

दम घोंटने से अच्छा है सबको साथ बारूद से उड़ा दिया जाए

- दिल्ली-एनसीआर में वायु और जल की गुणवत्ता पर न्यायालय का राज्यों को नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सभी राज्यों सवाल पूछते हुए कहा कि छह हफ्ते के अंदर वे इस बात का जवाब दें कि वायु प्रदूषण से प्रभावित लोगों को मुआवजा देने के लिए उन्हें क्यों न निर्देश दिया जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि यह उनका कर्तव्य है कि वे नागरिकों को साफ हवा और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं नागरिकों को मुहैया कराए। पराली से प्रदूषण पर अदालत ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि पाबंदी के बावजूद पराली जलाई जा रही है। क्या इसे बर्दाश्त किया जाना चाहिए? क्या यह आंतरिक युद्ध से कहीं ज्यादा बदतर नहीं है? बेहतर होगा कि आप इन सभी को विस्फोट से खत्म कर दें।

सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता सूचकांक, वायु गुणवत्ता प्रबंधन और कूड़े के निपटारे समेत विभिन्न मुद्दों पर सभी राज्यों को नोटिस जारी करते हुए कई जानकारियां मांगी हैं। अदालत ने दूषित पानी के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) तथा अन्य संबंधित राज्यों और उनके प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से कहा कि वे प्रदूषण, गंगा और यमुना सीवेज तथा कूड़े डालने जैसे मुद्दों से निपटने के संबंध में उसके समक्ष आंकड़े पेश करें।

अदालत ने केन्द्र से कहा कि दिल्ली-एनसीआर में नागरिकों की उम्र कम कर रहे प्रदूषण से निबटने के लिए 10 दिन के भीतर स्मॉग टावर लगाने के बारे में ठोस निर्णय लिया जाए। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने पराली जलाने की स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि इसके लिए सरकारी तंत्र ही नहीं बल्कि किसान भी जिम्मेदार हैं। न्यायालय ने केन्द्र और संबंधित प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति से निबटने के लिए स्मॉग टावर लगाने के बारे में दस दिन के भीतर निर्णय लिया जाए। पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेशों के बावजूद इसे जलाने का सिलसिला बदस्तूर (शेष 10 पर)

पुरानी यूनीफार्म में ही दिखे राज्यसभा मार्शल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राज्यसभा में मार्शल सोमवार को सेना जैसी वर्दी के बजाय सामान्य बंद गले के सूट में नजर आए लेकिन उनके सर पर पगड़ी नहीं थी। पिछले सोमवार को, आसन के समीप मौजूद रहने वाले दोनों मार्शल गहरे रंग की सेना जैसी वर्दी तथा पी-कैप पहने हुए थे। नई वर्दी की कुछ संसद सदस्यों तथा सेना के कुछ पूर्व अधिकारियों की ओर से आलोचना किए जाने के बाद सभापति एम वेंकैया नायडू ने मार्शलों के ड्रेस कोड की समीक्षा के आदेश दिए थे। आज सदन की बैठक शुरू होने पर आसन के दोनों ओर खड़े रहने वाले मार्शल सेना जैसी वर्दी के बजाय गहरे रंग के सामान्य बंद गले के सूट में नजर आए। बहरहाल, उनके सर पर पगड़ी नहीं थी। सेना जैसी वर्दी के बारे में राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया था कि पहले वाली वर्दी को लेकर, खास कर सर पर पहनी जाने वाली पगड़ी को लेकर मार्शल भी खुश नहीं थे। इसलिए वर्दी में बदलाव किया गया। नई वर्दी का डिजाइन नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) ने तैयार किया था।

एसपीजी एक्ट संशोधन बिल पेश, प्रधानमंत्री के साथ रहने वाले परिजनों को ही सुरक्षा कवर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोकसभा में महाराष्ट्र मुद्दे पर कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के बीच सोमवार को विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) अधिनियम में संशोधन विधेयक पेश किया गया। इसमें धारा 4 में एक उपधारा का प्रस्ताव किया गया है कि विशेष सुरक्षा समूह प्रधानमंत्री और उनके साथ निवास करने वाले उनके निकट परिवार के सदस्यों तथा किसी भूतपूर्व प्रधानमंत्री और उनके आवंटित आवास पर निवास कर रहे निकट परिजनों को उस तरीख से, जब वह प्रधानमंत्री नहीं रह जाते हैं, पांच वर्ष तक की अवधि के लिए निकट सुरक्षा प्रदान करेगा। निचले सदन में गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने एसपीजी अधिनियम संशोधन विधेयक पेश किया। इस दौरान सदन में गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे। इसमें धारा 4 के खंड ख को प्रतिस्थापित किया गया है कि जहां किसी भूतपूर्व प्रधानमंत्री से निकट सुरक्षा हटा ली जाती है, वहां ऐसी निकट सुरक्षा ऐसे पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के सदस्यों से भी हटा ली जाए। उल्लेखनीय है कि प्रतिष्ठित एसपीजी कमांडो देश के प्रधानमंत्री, उनके परिजनों, पूर्व प्रधानमंत्रियों और उनके करीबी परिवार के सदस्यों की सुरक्षा का जिम्मा संभालते रहे हैं। सुरक्षा संबंधी खतरों के आधार पर यह सुरक्षा प्रदान की जाती है। विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों में कहा गया है कि अधिनियम में भूतपूर्व प्रधनमंत्रियों या उनके कुटुंब के सदस्यों को एसपीजी संरक्षा की व्यवस्था करने की कोई अवधि निश्चित नहीं की गई है। अत: ऐसे व्यक्तियों की संख्या जिन्हें एसपीजी सुरक्षा दी जानी है, काफी अधिक हो सकती है। इस परिप्रेक्ष्य में एसपीजी के संसाधनों, प्रशिक्षण और संबंधित अवसंरचना पर भी प्रभाव पड़ सकता है। अत: अधिनियम में संशोधन की जरूरत समझी गई जिसमें मुख्य आदेश पर ध्यान केंद्रित किया जा सके क्योंकि प्रधान के रूप में प्रधानमंत्री की सुरक्षा, सरकार, शासन और राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च महत्व की है। पदस्थ प्रधानमंत्री के लिए अत्यंत जरूरी महत्वपूर्ण सुरक्षा को मान्यता देते हुए विशेष सुरक्षा समूह के गठन के लिए अधिनियम बनाया गया था जिसका एकमात्र उद्देश्य प्रधानमंत्री और उनके कुटुंब के सदस्यों को निकट सुरक्षा प्रदान करना है। एसपीजी अधिनियम के तहत, एसपीजी की सुरक्षा प्रधनमंत्री एवं उनके परिवार के सदस्यों को प्रदान की जाती है। इसके अलावा किसी पूर्व प्रधानमंत्री या उनके परिवार के सदस्यों को पद छोड़ने के एक वर्ष तक इसे प्रदान किया जाता है और एक वर्ष बाद खतरे का आकलन कर सुरक्षा कवर को बढ़ाया जा सकता है। कांग्रेस ने संसद के दोनों सदनों में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष तथा सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की एसपीजी सुरक्षा वापस लिए जाने का मुद्दा उठाया है। हालांकि सत्तारूढ़ भाजपा ने कहा कि यह फैसला गृह मंत्रालय का है और इसमें कोई राजनीति नहीं है।

संविधान दिवस पर संसद की संयुक्त बैठक का बहिष्कार कर सकते हैं विपक्षी दल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दल संविधान दिवस के मौके पर मंगलवार को होने जा रही संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का बहिष्कार कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रम के मद्देनजर दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में शामिल नहीं होने के बारे में विचार कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया कि विपक्षी दलों की योजना है कि इस बैठक का बहिष्कार कर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया जाए। सरकार ने संविधान सभा द्वारा संविधान का अनुमोदन किए जाने की 70वीं वर्षगांठ के मौके पर सेंट्रल हाल में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुलाई है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मौके पर सांसदों को संबोधित करेंगे।

भाजपा प्रत्याशी को मार-मारकर झाड़ियों में फेंका

बंगाल उपचुनाव

- तृणमूल कांग्रेस ने घटना में कार्यकर्ताओं के शामिल होने से किया इनकार
- निर्वाचन आयोग ने की रिपोर्ट तलब

पायनियर समाचार सेवा। कोलकाता

भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश मजूमदार की पिटाई कर झाड़ियों धकेलते लोग

पश्चिम बंगाल के करीमपुर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को उपचुनाव के लिए मतदान के दौरान भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश मजूमदार को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर थप्पड़, लात, घूंसे मारे और सड़क किनारे झाड़ी में फेंक दिया। हालांकि, टीएमसी ने इस घटना में अपने कार्यकर्ताओं के शामिल होने से इनकार किया है। निर्वाचन आयोग ने इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। वहीं भाजपा ने इस मसले को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जीवीएल नरसिम्हा राव कहा कि यह राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की घबराहट दिखाती है और वह हिंसा का इस्तेमाल कर जीतने की कोशिश कर रही हैं। निर्वाचन आयोग को इसका संज्ञान लेना चाहिए।

यह घटना नदिया जिले के पिपुलखोला थाने के अंतर्गत खियाघाट इस्लामपुर प्राथमिक स्कूल बूथ के बाहर उस समय हुई, जब मजूमदार यह जानकारी मिलने पर कि बूथ से लगभग 10 मीटर की दूरी पर एक 'संदिग्ध' दावत के लिए एक घर में बड़ी मात्रा में भोजन पकाया जा रहा है। मजूमदार मौजूदा प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने 10-11 लोगों को खाना पकाने में व्यस्त पाया और इन लोगों ने दावा किया कि भोजन मतदान अधिकारियों के लिए तैयार किया जा रहा है। हालांकि, अधिकारियों ने इस तरह की किसी जानकारी से इनकार किया।

टीवी फुटेज में कुछ लोग मजूमदार मारपीट करते दिखाई देते हैं। उन्होंने तृणमूल के गुंडों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जख्म भर जाएंगे लेकिन यह घटना पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र के अंत का स्पष्ट संकेत है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि तृणमूल कार्यकर्ता फर्जी मतदाता थे जो मतदान को बाधित करने के इरादे से वहां इकट्ठे हुए थे। पश्चिम बंगाल में भाजपा इकाई के उपाध्यक्ष मजूमदार ने कहा, मैंने निर्वाचन आयोग से भी इसकी शिकायत की है। मजूमदार के इन आरोपों को निराधार बताते हुए तृणमूल की नदिया जिला इकाई ने कहा कि स्थानीय लोगों ने उनपर हमला किया क्योंकि वे उनके द्वारा चुनावी माहौल खराब किए जाने से नाराज थे। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने मामले पर रिपोर्ट मांगी है। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया। महुआ मोइत्रा के कृष्णानगर लोकसभा सीट से चुनाव जीतने के बाद करीमपुर सीट खाली हो गई थी।

आतंकवादी मामले में एनआईए अदालत ने छह को दोषी ठहराया

पायनियर समाचार सेवा। कोच्चि

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक अदालत ने केरल और पड़ोसी राज्यों में हमले की साजिश रचने के लिए सोमवार को छह लोगों को दोषी पाया है। दोषी पाए जाने वालों में मनसीद महमूद, स्वालीह मोहम्मद, राशिद अली, रामशाद, सफवान और मोइनुद्दीन शामिल हैं। विशेष न्यायाधीश पी कृष्णकुमार ने हालांकि जसीम एन के को बरी कर दिया। उन्हें गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया गया है, जिसमें आतंकवादी संगठन की सदस्यता और आतंकवादी संगठन को समर्थन से संबंधित अपराध शामिल हैं। एनआईए ने अक्टूबर 2016 में कन्नूर जिले के कनकमाला में आईएसआईएस के मोड्यूल का उस समय भंडाफोड़ किया था, जब इसके सदस्य न्यायाधीशों, पुलिस अधिकारियों, नेताओं और विदेशी पर्यटकों सहित (शेष 10 पर)

यूपीपीसीएल का कारनामा

सवा लाख ग्राहकों का रिकॉर्ड गायब

नए नियमों के तहत सिक्योरिटी राशि बढ़ाने के बाद जांच में हुआ खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों की लापरवाही से सवा लाख उपभोक्ताओं की सिक्योरिटी राशि का रिकॉर्ड लापता हो गया है। नए नियमों के तहत सिक्योरिटी राशि बढ़ाने के बाद हुई जांच में इसका खुलासा हुआ है। नए नियम के तहत पावर कॉरपोरेशन सभी उपभोक्ताओं से 45 दिन के बिजली बिल की औसत राशि सिक्योरिटी के रूप में जमा करा रहा है। जिस उपभोक्ता के पास पुरानी सिक्योरिटी की रसीद है, उसकी सिक्योरिटी में से यह राशि काटी जा रही है। जिसके पास रसीद नहीं है उससे पूरी सिक्योरिटी राशि की वसूली की जा रही है।

पावर कॉरपोरेशन के पास सिर्फ पिछले दस साल का रिकॉर्ड है, जबकि नोएडा में वर्ष 1976 से बिजली के कनेक्शन दिए जा रहे हैं यानि 43 साल में से सिर्फ10 साल का ही रिकॉर्ड पावर कॉरपोरेशन के पास है। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों का मानना है कि औद्योगिक क्षेत्र के उपभोक्ताओं के पास पुराने दस्तावेज सुरक्षित होंगे। सबसे ज्यादा परेशानी घरेलू उपभोक्ताओं को हो रही है। कॉरपोरेशन ने नवंबर में सिक्योरिटी की राशि जोड़कर बिल भेज दिए हैं यानि 45 दिन के बिल की सिक्योरिटी राशि और एक माह का बिजली बिल एक साथ उपभोक्ताओं के घर पर पहुंचा है।

विभागीय अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि बिना सिक्योरिटी राशि के बिल जमा नहीं होगा और दस हजार से अधिक का बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। कनेक्शन लेते समय जमा की गई कनेक्शन राशि का सिर्फ पिछले दस साल का ही रिकॉर्ड अधिकारी अपने पास बता रहे हैं और उनका कहना है कि यदि उससे पूर्व में जमा की गई सिक्योरिटी की कोई रसीद उनके पास है तो वह उसे ले आएं। वह सिक्योरिटी में से उसे काट कर शेष जमा करा लेंगे। अधिकारियों के अनुसार ही गौतमबुद्ध नगर जिले के करीब दो लाख 60 हजार उपभोक्ताओं में से करीब सवा लाख उपभोक्ताओं का रिकॉर्ड विभाग के पास नहीं है।

नोटिस से लोगों के उड़े होश

पावर कॉरपोरेशन के इलेक्ट्रीसिटी सप्लाई कोड 2005 के तहत सिक्योरिटी राशि जमा कराने के नोटिस से जिले के 1.40 लाख उपभोक्ताओं पर करीब 280 करोड़ रुपये का भार पड़ रहा है। इससे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। उपभोक्ताओं से 45 दिन के औसत बिल के बराबर सिक्योरिटी राशि जमा कराई जा रही है। इसके लिए उपभोक्ताओं को सितंबर से ही नोटिस भेजने शुरू कर दिए गए हैं। अब उपभोक्ताओं की सिक्योरिटी राशि को नवंबर के बिल में जोड़कर भेजा जा रहा है। पावर कॉरपोरेशन के मुख्य अभियंता वीएन सिंह ने कहा कि 45 दिन का औसत बिल सिक्योरिटी राशि के रूप में जमा कराया जा रहा है। अगर किसी को पुरानी सिक्योरिटी को लेकर कोई समस्या है तो वह अपनी रसीद दिखाकर उसे समायोजित करा सकता है।

मुठभेड़ के बाद 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

गाजियाबाद। मुरादनगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों से पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार के एक इनामी बदमाश को गोली लग गई जिसे गिरफ्तार कर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं उसका एक साथी फरार हो गया।

रविवार रात पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी तभी एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का ईशारा किया पर दोनों रूके नहीं और भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने ईस्टर्न पेरिफेरल के पास जंगल में बदमाशों को घेर लिया। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसमें जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती करा दिया है। पुलिस के अनुसार बदमाश की पहचान 25 हजार के इनामी जान मोहम्मद के रूप में हुई। इसपर आधा दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं।

गैंगस्टर सुंदर भाटी के भतीजे सहित तीन धरे गए

ईकोटेक स्थित कंपनी प्रबंधकों को धमकाकर रंगदारी मांगने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस ने गैंगस्टर सुंदर भाटी के भतीजे सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर जिले में स्थित कंपनियों के प्रबंधकों को धमकाकर उनसे रंगदारी वसूलने तथा ट्रांसपोर्ट, पानी, स्क्रैप के ठेके लेने का आरोप है।

एसएसपी वैभव कृष्ण ने बताया कि ईकोटेक- प्रथम थाना क्षेत्र में स्थित जूवलाइन फूड लिमिटेड कंपनी की तरफ से पुलिस में शिकायत की गई कि बदमाश सुंदर भाटी का भतीजा अनिल भाटी और उसके साथी उनसे रंगदारी की मांग कर रहे हैं तथा उनकी कंपनी में जबरन ट्रांसपोर्ट का ठेका हासिल कर अपने लोगों की बसें चलवा रहे हैं।

● पूछताछ में कइयों के नाम आए सामने

कृष्ण ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने जांच की तथा इन दिनों भाटी के गिरोह का संचालन कर रहे उसके भतीजे अनिल भाटी, सुमित भाटी और प्रवीण भाटी को सोमवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। सुंदर भाटी जेल में बंद है। उन्होंने बताया कि इन लोगों के पास से अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान कुछ पुलिस अफसरों, कर्मियों, नेताओं और अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं, जो भाटी गिरोह को परोक्ष रूप से सहयोग देते हैं और उसके एवज में गिरोह के लोग उन्हें मोटी रकम देते है।

अनिल भाटी भाजपा नेता शिव कुमार यादव की हत्या के मामले में कुछ दिन पूर्व ही जेल से जमानत पर छूटा है। उस पर रासुका के तहत भी कार्रवाई की गई थी। सूत्रों का दावा है कि नेताजी के नाम से चर्चित सुंदर भाटी जेल से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहा है।

गिरफ्तार बदमाशों के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसएसपी वैभव कृष्ण।

डेयरी मालिक को बंधक बनाकर लूट ली भैंस

गाजियाबाद। खजुरी पुस्ता मार्ग स्थित विजय विहार कॉलोनी में रविवार रात कार सवार आठ हथियारबंद बदमाशों ने डेरी में सो रहे संचालक को बंधक बनाकर पांच भैंस समेत छह जानवर लेकर फरार हो हए। बदमाशों ने संचालक को बंधक बनाकर करीब चार किलोमीटर दूर मंडोला आवास विकास के पास फेंककर फरार हो गए।

एसएचओ रमेंशचंद राणा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर लूट की धारा में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है तथा जिस रास्ते से बदमाशों की गाड़ी निकली है वहां लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगाल रही है। जल्द उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दोस्त संग शराब पीकर हंगामा करने वाली महिला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जनपद के थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 19 में बीती रात शराब पीकर कथित हंगामा कर रही एक महिला अभियंता एवं उसके दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोप लगाया कि महिला एवं उसके दोस्त ने मौके पर पहुंची पुलिस के साथ बदसलूकी भी की।

थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक राजवीर सिंह चौहान ने बताया कि बीती रात को सेक्टर 19 चौकी प्रभारी अशोक कुमार गश्त पर थे और उन्हें सूचना मिली कि सेक्टर 19 में एक युवक और युवती शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दोनों को समझाने- बुझाने का प्रयास किया तो उन लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालकर पुलिस वालों के साथ बदसलूकी की।

● पुलिस के समझाने पर की बदसलूकी

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार महिला ने थाने में भी काफी देर तक हंगामा किया।

जीएसटी पंजीयन बढ़ाने की अपील

गाजियाबाद। जीएसटी पंजीयन बढ़ाने को लेकर लोहा मंडी में पंजीयन जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। वाणिज्य कर के जोनल कमिश्नर ने अपील की कि पैन नंबर की तरह जीएसटी पंजीयन सभी छोटे व्यापारियों के लिए आवश्यक है। सुगम कारोबार के साथ व्यापारी बीमा और पेंशन योजना के लाभ लेने के लिए जीएसटी पंजीयन लाभप्रद होगा।

शिविर का आयोजन लोहा विक्रेता मंडल के कार्यालय में किया गया। वाणिज्य कर के जोनल कमिश्नर संजीव कुमार सिंहा ने शासन द्वारा व्यापारियों के लिए लागू की गई बीमा और पेंशन योजना के बारे में भी जानकारी दी।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर चक्का जाम हड़ताल कर पैदल मार्च निकालते ट्रांसपोर्टर।

मांगों को लेकर ट्रांसपोर्टरों ने शहर में निकाला पैदल मार्च

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देश में लागू हुए नए मोटर व्हीकल एक्ट से नाराज ट्रांसपोर्टरों ने सोमवार को जनपद के विभिन्न इलाकों में अपनी 11सूत्रीय मांगों को लेकर पैदल मार्च निकाला। ऑल इंडिया ट्रक यूनियन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सोमवार को देशव्यापी अनिश्चितकालीन चक्का जाम की भी घोषणा की गई थी। इस कारण बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टरों ने साहिबाबाद थाना क्षेत्र के कई इलाकों में चक्का जाम कर अपना समर्थन करते हुए अपने ट्रक सड़कों से हटा दिए हैं।

जानकारी के अनुसार,ऑल इंडिया ट्रक यूनियन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा निकाले गए पैदल मार्च में बड़ी संख्या में ट्रक मालिक व चालक शामिल हुए।

ट्रक आपरेटरों ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को संकट से उबरने के लिए नए मोटर व्हीकल एक्ट, डीजल को जीएसटी दायरे में लाने के संबंध में व ड्राइवरों की सुरक्षा के साथ गाड़ियों की सुरक्षा से जुड़ी कई मांगे केंद्र सरकार के समक्ष रखा था लेकिन, इस संबंध में अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसको लेकर आज देशभर में अनिश्चितकालीन चक्का जाम की शुरुआत की गई है।

संक्षिप्त समाचार

सुरक्षा की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपते अल्पसंख्यक समाज के लोग।

सुरक्षा की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

गाजियाबाद। माइनोरिटी वेलफेयर एसोसिएशन ने अल्पसंख्यक वर्ग की सुरक्षा को लेकर डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि ईसाई समाज के लोगों पर धर्मान्तरण के आरोप लगाए जा रहे हैं। ईसाई पादरी व समुदाय के लोगों को मारा-पीटा जा रहा है। ईसाई समुदाय के साथ-साथ मुसलमान, सिक्ख, बौद्ध व जैन समुदाय में भी इन घटनाओं से भय का माहौल है। एसोसिएशन ने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति अल्पसख्यंक समुदाय से धर्मान्तरण करते पाया जाए या देश में अराजकता फैलाता मिले तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए लेकिन उसकी सजा पूरे समुदाय को न दी जाए। एसोसिएशन ने डीएम को ज्ञापन देकर सुरक्षा की मांग की। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. केजेड बुखारी, कोषाध्यक्ष अजय जैन,महासचिव पादरी मानेश्वर दास, बीएल सिद्धार्थ, मरगूब त्यागी, विनोद कुमार पन्ना, डॉ. यशवंत पाल, एआर रहमान, ताहिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

परिचित पर लगाया बलात्कार का आरोप

नोएडा। दादरी थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपने परिचित पर कार में बैठाकर बलात्कार करने का आरोप लगाया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपाधीक्षक दादरी सतीश कुमार ने बताया कि बीती रात एक युवती ने दादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका परिचित आसिफ उसे कार में बैठाकर अपने साथ ले गया तथा उसने उसके साथ बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि पीड़िता का आरोप है कि आसिफ ने उसके साथ मारपीट करके उसे दादरी बाईपास पर फेंक दिया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के लिए सिरदर्द बना डीजे का शोर

गाजियाबाद। डीजे का शोर फार्म हाउस और बैंक्वेट हॉल के आसपास रहने वाले लोगों के साथ-साथ पुलिस के लिए भी परेशानी का सबब बना हुआ है। रात 10 बजे की तय समय सीमा के बाद बजने वाले डीजे के शोर ने उनकी रातों की नींद उड़ा दी है। सिहानी गेट थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन में बड़ी संख्या में फार्म हाउस और बैंक्वेट हॉल हैं। इनमें शादी समारोह आयोजित होते हैं। इस समय 112 नंबर पर रात में सबसे ज्यादा कॉल डीजे बंद करवाने को लेकर आ रही हैं। कई शिकायतें ट्विटर पर भी आ रही हैं। जिनके लिए पुलिस को दौड़ लगानी पड़ रही है। जिले में 112 नंबर पर औसतन 25-30 कॉल रडीजे बंद करवाने के संबंध में आती हैं। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस ऐसी कॉल पर रिस्पॉन्ड करती है।

जिम ट्रेनर पर लगाया ब्लैकमेल कर जबरन दुष्कर्म का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

साहिबाबाद थाना क्षेत्र के शालीमार गार्डन इलाके में एक महिला से जिम ट्रेनर द्वारा ब्लैकमेल कर जबरन रेप करने का मामला सामने आया है। महिला ने जिम मालिक योगेश सिद्धू पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने बताया कि शालीमार गार्डन में जिम ट्रेनर योगेश उस पर गंदी नजर रखे हुआ था। एक दिन उसको जिम में अकेला पाकर उसने चेंजिंग रूम में उसकी अश्लील फोटो खींच ली और उसको लगातार ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने की धमकी देता रहता था।

● पीड़िता की शिकायत के बाद हुआ गिरफ्तार

पीड़िता ने बताया कि आरोपी के घर जाने पर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। इसके बाद ब्लैकमेल से परेशान होकर उसने जिम ट्रेनर के खिलाफ थाने में में तहरीर दी है। सीओ साहिबाबाद डॉ राकेश मिश्रा ने बताया कि जिम ट्रेनर योगेश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

आम्रपाली के प्रोजेक्ट में फंसे खरीदारों को जल्द मिलेंगे घर

एनबीसीसी ने परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 9 माह से 3 साल तक तय की समयसीमा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आम्रपाली की परियोजनाओं में फंसे 47062 फ्लैट को पूरा करने के लिए नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (एनबीसीसी) ने खाका खींच लिया है। इन सभी परियोजनाओं को पांच चरणों में पूरा किया जाएगा। ये परियोजनाएं 9 महीने से लेकर 3 साल तक के समय में पूरी हो जाएंगी। इस पर करीब 8327 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

आम्रपाली के प्रोजेक्ट को पूरा कराने के लिए उच्चतम न्यायालय ने कोर्ट रिसीवर नियुक्त किया हुआ है। उनकी अगुवाई में प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। फंसे हुए प्रोजेक्टों को पूरा करने के लिए एनबीसीसी ने योजना तैयार कर ली है। इन प्रोजेक्ट्स को पांच चरणों में पूरा किये जाने का खाका खींचा गया है। सबसे कम फ्लैट पांचवें चरण में हैं, जबकि सबसे अधिक यूनिट दूसरे चरण में हैं। सभी चरणों में कुल 47062 फ्लैट हैं। इनमें से 38646 फ्लैट निर्माणाधीन हैं।

इन प्रोजेक्ट को पूरा कराने के लिए 8327 करोड़ रुपये लगेंगे। पांचों चरणों को अलग×अलग समय में पूरा किया जाएगा। पूरा काम तीन साल में होने की उम्मीद है। प्रोजेक्टों की फॉरेंसिक जांच के बाद आई रिपोर्ट के आधार यह योजना बनाई गई है। पहले चरण में नोएडा के जोडिएक, सफायर, प्रिंसले, सिलिकॉन व ग्रेटर नोएडा के सेंचुरियन पार्क प्रोजेक्ट शामिल हैं।

इसमें 4452 निर्माणाधीन यूनिट हैं। इन यूनिटों को पूरा करने में 9 महीने से 2 साल तक का समय लगेगा। जबकि दूसरे चरण में नोएडा के प्लेटिनम एंड टाइटेनियम, हर्ट बीट, सिलिकॉन सिटी.क्रस्टल होम्स और ग्रेटर नोएडा के गोल्फ होम्स, किंगवुड, लेजर पार्क फेस×1 शामिल हैं। इस चरण में 10607 यूनिट निर्माणाधीन हैं।

इसी चरण में सबसे अधिक यूनिट हैं। इस चरण को पूरा करने में 9 महीने से लेकर 3 साल तक का समय लगेगा। आम्रपाली के खरीदार पैसे भी जमा करा रहे हैं। सेंचुरियन पार्क के खरीदार अमित गुप्ता ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से फ्लैट खरीदार पैसा जमा कर रहे हैं। अब तक 20 करोड़ रुपये से अधिक पैसा जमा किया जा चुका है। यह प्रक्रिया चलती रहेगी।

इकलाख के घर 4 साल बाद गूंजी शहनाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बिसाहड़ा के बहुचर्चित इकलाख हत्याकांड के बाद परिवार में रविवार को लंबे समय बाद शादी की शहनाई गूंजी। इकलाख की बेटी शाइस्ता का निकाह दिल्ली के रहने वाले सिविल इंजीनियर महमूद आलम सैफी से मोदीनगर स्थित रास गार्डन में हुआ।

बता दें कि आज भी इकलाख का परिवार 28 सितंबर 2015 को हुई इकलाख की भीड़ द्वारा की गई हत्या से इतना भयभीत है कि उन्होंने पैतृक गांव बिसाहड़ा से किसी को भी शादी का न्योता तक नहीं दिया।

● बिसाहड़ा में नहीं दिया किसी को न्यौता

भतीजी की शादी के मौके पर इकलाख के भाई जान मोहम्मद ने बताया कि इकलाख की हत्या के बाद से अभी तक उनका परिवार भयभीत है। इसलिए हत्याकांड के बाद से उनके परिवार का कोई सदस्य बिसाहड़ा गांव नहीं गया है। वे लोग अपने पैतृक गांव के किसी व्यक्ति के संपर्क में नहीं है। पूरा परिवार ही बाहर रहता है। उन्होंने बताया कि रविवार को परिवार ने इकलाख की बेटी शाइस्ता का निकाह मुरादनगर में ही किया है।

बता दें कि इकलाख की हत्या के दौरान शाइस्ता की आयु लगभग 19 वर्ष थी और वह केस में गवाह भी है। इसलिए शाइस्ता को भी पैतृक गांव से दूर रखा गया है। जान मोहम्मद ने बताया कि हालांकि बिसाहड़ा से अभी भी उनके पास आयोजन आदि के निमंत्रण आते हैं, लेकिन वह भाई की हत्या के बाद से वहां नहीं गए हैं। भले ही उनके पैतृक गांव से शादी समारोह के निमंत्रण आते हों, लेकिन शाइस्ता के निकाह का न्यौता उन्होंने बिसाहड़ा में किसी को नहीं दिया है।

लैदर ड्रेस व ज्वैलरी शो में दिखाया हुनर

गाजियाबाद। सेठ जयप्रकाश मुकुंदलाल पॉलिटेक्निक कॉलेज में फैशन डिजाइनिंग एवं गारमेंट टेक्नोलॉजी विभाग की और से ज्वैलरी व लैदर ड्रेस फैशन शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निटरा के डायरेक्टर डॉ. अरविंदम वासु रहे।

विभाग की व्याख्याता रंजना मिश्रा ने बताया कि लैदर ड्रैस शो की थीम 'गन्धम वस्त्रम् में अंतिम वर्ष की छात्राओं ने अपनी बनाई ड्रेसेस् का प्रदर्शन किया। ज्वैलरी शो आम्रपाली में अंतिम वर्ष की छात्राओं ने स्वयं बनाई ज्वैलरी की मॉडलिंग की।

फैशन शो के दौरान सेठ मुकंदलाल कॉलेज की छात्राएं।

पीएम आवासीय योजना के लिए प्राधिकरण बदलेगा नियम

शहर में 20 हजार लोगों को मिल सकेगा अपने सपनों का आशियाना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत दिए गए लक्ष्य को प्राधिकरण पूरा करना चाहता है। इसके लिए जो गाइड लाइन सरकार की ओर से प्राधिकरण को भेजी गई थी उसे नियोजन विभाग को भेज दिया गया है। इस गाइड लाइन के अनुसार ही कार्य योजना तैयार की जा रही है। जबकि यह गाइड लाइन औद्योगिक विकास प्राधिकरण पर लागू नहीं होती। ऐसे में जारी की गई गाइड लाइन के अनुसार ही प्राधिकरण अपने नियमों में बदलाव कर सकता है। इसके लिए प्रयास किए जा रहे है।

यदि प्राधिकरण योजना के तहत ऐसा करता है तो 20 हजार लोगों का सपनों का आशियाना मिल सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नोएडा प्राधिकरण को 20 हजार आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके लिए शासन की ओर से आवास विकास विभाग को एक गाइड लाइन जारी की गई।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि गाइड लाइन को प्राधिकरण के बिल्डिंग-बॉयलाज के क्रम में संशोधित कर नई गाइड लाइन जारी करने का आग्रह किया था। एक साल बीत जाने के बाद भी इस पर कार्य नहीं किया जा सका है। अब प्राधिकरण शासन से जारी गाइड लाइन के अनुपालन में कार्य करने का मन बना रहा है।

प्राधिकरण ने हाल ही में हुई बोर्ड बैठक में नियोजन विभाग को इसके लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा है। इस पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बतौर प्राधिकरण गाइड लाइन के मुताबिक ही अपने नियमों में बदलाव कर सकता है। यह बदलाव सिर्फ इस योजना के तहत ही किए जा सकते है। इसके बाद नियोजन विभाग शहर में इन फ्लैटों को बनाने के लिए भूखंड काटेगा। यह भी बताया गया कि कुछ फ्लैटों की स्कीम को भी इस योजना के साथ मिलाया जा सकता है।

बता दें पीएम आवास योजना सबके लिए आवास शहरी मिशन का शुभांरभ 17 जून 2015 को किया गया था। यह मिशन 2022 तक शहर क्षेत्र के लिए सभी पात्र परिवारों के लाभार्थियों को आवास प्रदान करने के लिए केंद्रीय सहायता प्रदान करेगा।

निजी विकासकर्ताओं को किया जाएगा आमंत्रित

प्राधिकरण पर बोझ न बने इसके लिए क्षेत्र के निजी विकासकताओं को योजना के तहत निर्माण के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्हें प्राधिकरण द्वारा दिए गए नई गाइड लाइन के मुताबिक कार्य करना होगा। लक्ष्य 20 हजार फ्लैटों के निर्माण का है। इस लक्ष्य को तय समय में पूरा कर लिया जाएगा। बहराल प्राधिकरण बकायदारों से बकाया वसूलने के लिए लगातार आरसी जारी कर रहा है। साथ ही भूखंड निरस्त कर नई योजनाएं निकाल रहा है ताकि प्राधिकरण अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर कर सके।

एडीएम की अध्यक्षता में समिति करेगी होमगार्ड घोटाले की जांच

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नोएडा में होमगार्ड वेतन भुगतान घोटाले के खुलासे के बाद जनपद में भी डीएम ने जांच के निर्देश दिए हैं। डीएम ने एडीएम (वित्त एवं राजस्व) यशवर्धन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक समिति भी गठित की है।

यह समिति माह जून 2019 में जनपद में कुल तैनात होमगार्ड्स की संख्या, उनकी वास्तविक तैनाती की पुष्टि, हाजिरी पंजिका के अनुसार कुल भुगतान की गई धनराशि के बिन्दुओं पर जांच करेगी। समिति में एडीएम यशवर्धन श्रीवास्तव के अलावा एसपी देहात नीरज जादौन, जिला पंचायत के वित्तीय परामर्शदाता अभिषेक जैन, सहायक कोषाधिकारी अशोक कुमार को शामिल किया गया है।

● जिलाधिकारी ने एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

यह समिति रैंडम जांच करेगी। डीएम ने निर्धारित बिन्दुओं पर जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि नोएडा में होमगार्ड्स के वेतन भुगतान में घोटाले का खुलासा हुआ था। इसे लेकर पूरे प्रदेश में खलबली मच गई। इस मामलें में कई अधिकारियों को निलम्बित किया गया है। घोटाले को देखते हुए प्रदेश के अन्य जिलों में भी होमगार्ड्स के वेतन भुगतान व डयूटी की जांच कराई जा रही है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
ई-निविदा आमंत्रण सूचना (आई.डी.: 2019_AAI_36389_1)
अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से "हैदराबाद में डिसास्टर रिकवरी के लिए आईटी इनफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना और 5 वर्षों के लिए ऑपरेशन तथा मैंटेनेंस" कार्य हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित है। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 1102514229/- है। निविदा दस्तावेज, पात्रता मापदंड, अन्य संबन्धित शुद्धिपत्र डाऊनलोड करने एवं निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए कृपया सीपीपी पोर्टल की वेबसाइट https://etenders.gov.in देखें। उक्त निविदा आमंत्रण सूचना भा.वि.प्रा. की वेबसाइट www.aai.aero पर भी देखी जा सकती है। इस संबंध में आगे कोई भी स्पष्टीकरण/शुद्धिपत्र, केवल सीपीपी पोर्टल/भा.वि.प्रा की वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा। (एन-72/2019-20)

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

सफल लोकतंत्र वही, जहां विपक्ष की राय का सम्मान

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने विधानसभा में आयोजित 10वें राष्ट्रमंडल युवा संसद को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सफल लोकतंत्र वही है, जहां विपक्ष की राय सुनी जाए और उसके विचारों का सम्मान हो। बिड़ला ने दिल्ली विधानसभा में आयोजित 10वीं राष्ट्रमंडल युवा संसद के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि संवाद, बहस और इनके आधार पर निर्णय लेना संसदीय लोकतंत्र का मूल है। समारोह में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम लोकतंत्र के ऐसे स्वरूप की परिकल्पना करते हैं, जहां शासन में जनता की प्रत्यक्ष भागीदारी हो। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने भी अपने विचार रखे।

● शासन में जनता की हो प्रत्यक्ष भागीदारी : सीएम

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और संसदीय लोकतंत्र पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने प्रतिभागियों से सशक्त लोकतंत्र के लिए काम करने का आह्वान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि वास्तविक तौर पर लोकतंत्र की परिकल्पना तभी साकार हो सकती है जब उसमें आम जनता की सक्रिय भागीदारी हो। वह बजट से लेकर नीति-निर्धारण में सीधी भागीदार बने। अभी लोकतंत्र तो है, लेकिन एक बार प्रतिनिधि का चुनाव करने के बाद जनता की भागीदारी खत्म हो जाती है। यह सही नहीं है।

10वीं राष्ट्रमंडल युवा संसद में 24 राष्ट्रमंडल देशों के 47 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसका आयोजन विधानसभा के हॉल हुआ। इस दौरान विधानसभा स्पीकर राम निवास गोयल, सीपीए की अध्यक्ष एमिलिया लिफाका एवं विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। दो-दिवसीय कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि लोकतंत्र स्थिर नहीं, बल्कि एक गतिशील प्रक्रिया है, यह मानव सभ्यता के चलते ही विकसित होती रही है। उन्होंने कहा कि पांच साल में एक बार प्रतिनिधि जनता के बीच आते हैं। फिर प्रतिनिधि लोगों पर शासन करने के लिए कार्यकारी और विधायी दोनों शक्तियों का इस्तेमाल करते हैं। अगले पांच वर्षों में लोगों का शासन में बहुत कम हस्तक्षेप होता है। जबकि प्रशासन का यह स्वरूप इस तरह विकसित होना चाहिए जहां हमारे पास लोकतंत्र का प्रत्यक्ष रूप हो। जिसमें एक प्रतिनिधि का चुनाव करने के बाद पांच साल तक लोगों का प्रतिनिधियों पर किसी प्रकार का प्रत्यक्ष नियंत्रण हो। यही नहीं, सरकारी कार्यों पर, सरकारी अधिकारियों पर, सरकारी धन पर, लोगों का प्रत्यक्ष हस्तक्षेप हो।

दिल्ली विधानसभा में राष्ट्रमंडल युवा संसद का उद्घाटन करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला साथ में हैं सीएम केजरीवाल।

धमाके की साजिश नाकाम, तीन आतंकी धरे गए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली को दहलाने की साजिश को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नाकाम कर दिया है। सेल ने असम के गोलपारा से इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के साथ तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों आतंकी पहले असम में एक मेले में टेस्ट अटैक करने वाले थे जिसके बाद उनके निशाने पर दिल्ली के भीड़भाड़ वाले थे।

● असम के गोलपारा मेले में विस्फोट करने की थी योजना : पुलिस

ये लोग आइएसआइ बांग्लादेश माड्यूल से प्रभावित थे और राजधानी, असम सहित कई राज्यों में हमले की तैयारी कर रहे थे। तीनों आरोपियों के पास से हथियार व विस्फोटक पाउडर भी बरामद किए गए हैं। आईईडी बनाने के लिए इनके पास विस्फोटक पाउडर कहां से आया इस बारे में जांच जारी है। ये आईएसआईएस से प्रेरित बताए जा रहे हैं।

पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह के अनुसार, तीनों आतंकियों की पहचान इस्लाम, रंजीत इस्लाम और जमील के रूप में हुई है। जमाल 12वीं पास है, मुकद्दिर इस्लाम ड्राइवर है और फिश ट्रेडिंग का काम करता है जबकि रंजीत अली एक फिश ट्रेडिंग फर्म में मैनेजर के रूप में कार्यरत है। तीनों की उम्र 25 से 30 साल के बीच है। दिल्ली पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि तीन-चार संदिग्ध आतंकी बम धमाकों के अलावा लोन वुल्फहमलों को अंजाम देने में भी माहिर हैं। मुखबिर से यह भी पुख्ता पता चला था ये लोग आईइडी जमा कर चुके हैं और पहले असम में एक मेले में हमला करने वाले हैं। इसके बाद दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाके को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। बनाएंगे। इस इस सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों संग साझा किया गया।

पुलिस टीम को 23 नवंबर को असम भेजा गया। रविवार को असम और दिल्ली की संयुक्त टीम ने मधुबन लॉज में छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा पकडे गए तीनों आतंकी।

गैरकानूनी बोरवेल सील करने के लिए 52 टीमें गठित

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में गैरकानूनी बोरवेल को सील करने के लिए 52 टीमें बनाई गई हैं। डीपीसीसी ने एनजीटी अध्यक्ष न्यायाधीश आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि मंडल आयुक्तों ने जिला स्तर पर कार्य योजना तैयार कर ली है। डीपीसीसी ने कहा कि कार्य योजना के अनुसार सभी शेष बोरवेल को 20 मार्च 2020 तक सील करने का लक्ष्य है। सीलिंग की कार्यवाही के लिए 52 दलों का गठन किया गया है जिसमें राजस्व और डीजेबी अधिकारी शामिल हैं। आठ नवंबर से लेकर अब तक 293 गैरकानूनी बोरवेल सील कर दिए गए हैं।

रिहायशी इलाकों में उद्योगों को फौरन बंद करने का आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है कि आवासीय क्षेत्रों में चल रहे 4774 औद्योगिक इकाइयों को तुरंत बंद किया जाए। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने पूर्व न्यायाधीश प्रतिभा रानी की अध्यक्षता वाली पर्यवेक्षण समिति की रिपोर्ट पढ़ने के बाद यह आदेश पारित किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न नगर निगमों के आवासीय इलाकों में स्थित इन उद्योगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बहरहाल दिल्ली के मुख्य सचिव ने एनजीटी से कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में कारण बताओ प्रक्रिया अनावश्यक है। एनजीटी ने कहा कि 4774 इकाइयों को गलत तरीके से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके बजाए उन्हें सीधा बंद कर देना चाहिए था।

अधिकरण ने कहा कि अवैध रूप से फिर से शुरू इस तरह की सभी इकाइयों को उच्चतम न्यायालय के आदेश के मुताबिक बंद किया जाना चाहिए, न कि उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाना चाहिए। ऐसा नहीं किए जाने को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित नगर निगम के आयुक्त के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिसमें उनके एसीआर कॉलम में इंट्री और वेतन बंद करना भी शामिल होगा।

हरित अधिकरण ने यह भी कहा कि ऐसी सभी 29,877 इकाइयों में लंबित सर्वे का काम भी पूरा किया जाए, 31 दिसंबर से पहले कार्रवाई की जाए और 15 जनवरी 2020 तक ई-मेल के माध्यम से स्थिति रिपोर्ट दायर की जाए। इससे पहले एनजीटी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था।

हवा को जहरीला बना रहे अवैध उद्योग

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की हवा को जहरीला बनाने में बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध उद्योग भी भूमिका निभा रहे हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने इस पर सख्त रुख अपना लिया है और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) और संबंधित एसडीएम से उत्तर-पूर्व दिल्ली के न्यू मंडोली औद्योगिक क्षेत्र की रिपोर्ट मांगी है। एनजीटी में एक याचिका दायर कर बताया गया है कि इस इलाके में गैरकानूनी तरीके से चल रहे उद्योगों की भरमार है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अगुवाई वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और गाजियाबाद एसडीएम को भी निर्देश दिया है कि वे उसके द्वारा गठित समिति की सिफारिशों के सदर्भ में गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में उद्योगों का गहन सर्वेक्षण करें। उनसे दो महीने में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने दी रविदास मंदिर के स्थायी निर्माण को अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने तुगलकाबाद वन क्षेत्र में गुरु रविदास मंदिर का स्थाई ढांचा बनाने की अनुमति सोमवार को दे दी। हालांकि केंद्र ने लकड़ी का पोर्टा केबिन बनाने का सुझाव दिया था। शीर्ष अदालत ने मंदिर परिसर के अंदर गुरु रविदास तालाब की बाड़बंदी की याचिका को भी मंजूरी दे दी ताकि यह परिसर का हिस्सा हो सके।

अदालत ने कहा कि एजेंसियां मंदिर निर्माण में सहयोग करेंगी। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने 21 अक्टूबर के अपने निर्णय में संशोधन किया जिसमें लकड़ी का पोर्टा केबिन बनाने का जिक्र किया गया था।

कांग्रेस के पूर्व सांसद अशोक तंवर और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील विकास सिंह और विराग गुप्ता ने कहा कि उन्होंने 21 अक्टूबर को अदालत की सुनवाई के दौरान सूचित किया था कि लकड़ी से बने पोर्टा केबिन के केंद्र की पेशकश उनके लिए स्वीकार्य नहीं है। इस पर अदालत भी सहमत थी कि मंदिर स्थाई ढांचा होगा लेकिन यह 21 अक्टूबर के फैसले में नहीं कहा गया।

विधानसभा का विशेष सत्र 2-3 दिसंबर को

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र 2 व 3 दिसंबर को बुलाया है। केजरीवाल सरकार मौजूदा सत्र में चर्चा और पास करने के लिए दो बिल दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी बिल और दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बिल को सदन के पटल पर रखेगी।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि इन दोनों बिल के ड्राफ्ट कैबिनेट द्वारा मंजूर किए जा चुके हैं और उपराज्यपाल से भी इन्हें सदन के पटल पर रखने की अनुमति ली जा चुकी है। इसके अलावा विधानसभा के अध्यक्ष के कार्यालय को भी इन दोनों बिल के बारे में सूचित कर दिया गया है।

बकाया संपत्तिकर के ब्याज, जुर्माने में सौ फीसद छूट

पूर्वी दिल्ली नगर निगम की आम माफी योजना 25 दिसंबर तक रहेगी लागू : महापौर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने अपने क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत देते हुए संपत्तिकर दाताओं को बकाया संपत्तिकर के ब्याज और जुर्माने में सौ फीसद की छूट देने का ऐलान किया है। यह आम माफी योजना 25 दिसंबर तक लागू रहेगी। अब संपत्ति धारक 31 मार्च 2019 तक की बकाया कर राशि बिना ब्याज और जुर्माने के जमा करा सकते हैं।

पूर्वी दिल्ली की महापौर अंजु कमलकांत, स्थायी समिति के अध्यक्ष संदीप कूपर और नेता सदन निर्मल सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आम माफी योजना 2019-20 लागू कर दी गई है। इसके तहत पूर्वी दिल्ली नगर निगम अपने अधिकार क्षेत्र में संपत्तिकरदाताओं को बकाया संपत्तिकर के ब्याज और जुर्माने में सौ प्रतिशत की छूट दे रहा है। संपत्ति धारक 31 मार्च 2019 तक की बकाया कर राशि बिना ब्याज और जुर्माने के जमा करा सकते हैं और पूरी बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर ब्याज व जुर्माने की राशि के बराबर छूट प्राप्त कर सकते हैं। संपत्ति कर आम माफी योजना की विस्तृत जानकारी निगम की आधिकारिक बेवसाइट पर भी लोग देख सकते हैं। कर जमा करने वालों की सुविधा के लिए सभी वार्डों में संपत्ति कर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

सोमवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते पूर्वी दिल्ली की महापौर अंजु कमलकांत, स्थायी समिति के अध्यक्ष संदीप कूपर और नेता सदन निर्मल।

सीलिंग के नाम पर परेशान न करें अधिकारी: अंजु

अंजु कमलकांत ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे सीलिंग का भय दिखाकर घरेलू उद्योगों और गैर प्रदूषणकारी फैक्टरियों के मालिकों को परेशान ना करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के खिलाफ वे सख्त कार्रवाई करने के पक्ष में हैं।

महाराष्ट्र में भाजपा की तानाशाही के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

संक्षिप्त समाचार

चोरी और लूट का आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके से चोरी एवं लूटपाट के छह मामलों में कथित रूप से शामिल 24 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि आरोपी की पहचान आदिल के रूप में की गई है। उसे रविवार को संगम विहार से गिरफ्तार किया गया जहां वह दुपहिया वाहन चुराने आया था। उसने बताया कि आदिल पहले भी संगम विहार, नेब सराय, तिगरी और मालवीय नगर पुलिस थानों में दर्ज वाहन चोरी, लूटपाट और घर में चोरी के छह मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने दावा किया है कि इस गिरफ्तारी के साथ उसने पांच मामले सुलझा लिए हैं। पुलिस को पांच मोटरसाइकिलें भी बरामद हुई हैं।

जेएनयू शुल्क विवाद समर्थन में पूर्व अध्यक्ष

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन में जेएनयूएसयू के पूर्व अध्यक्षों समेत माकपा महासचिव सीताराम येचुरी और पोलित ब्यूरो सदस्य प्रकाश करात आ गए हैं। छात्रों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए उन्होंने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन को वाम बनाम भाजपा के मुद्दे के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इन लोगों ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जेएनयू के छात्र हमेशा से देश से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करते आए हैं। प्रशासन छात्रों के साथ जिस तरह से पेश आया, उन तौर तरीकों को लेकर भी चिंता जाहिर की।

मनु शर्मा के पैरोल पर जल्द हो फैसला : हाई कोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को जेल प्रशासन को निर्देश दिया किया कि वह जेसिका लाल हत्याकांड के दोषी मनु शर्मा के पैरोल आवेदन पर एक हफ्ते में फैसला ले। शर्मा करीब 17 साल जेल में बिता चुका है और पारिविरक जरूरतों के लिए आठ हफ्ते का पैरोल देने का आवेदन किया है। शर्मा के वकील ने मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर को बताया कि उनके मुवक्किल की पैरोल की अर्जी जेल प्रशासन के पास करीब नौ महीने से लंबित है जबकि इस पर फैसले के लिए चार हफ्ते की जरूरत होती है।

खड़ी बस में लगी आग

नई दिल्ली। पूर्वोत्तर दिल्ली के खजूरी खास इलाके में सोमवार को खड़ी हुई बस में आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घटना के समय बस में कोई नहीं था। इससे बड़ा हादसा टल गया। अधिकारी ने बताया कि उन्हें एक बजकर 40 मिनट पर बस में आग लगने की जानकारी मिली और तुरन्त दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

छोटी-बड़ी दस लाख दुकानें होंगी फ्री होल्ड

राजधानी दिल्ली की सत्ता पाने के लिए भाजपा का बड़ा दांव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने में तकरीबन एक महीने का समय बचा है। ऐसे में आम आदमी पार्टी की सरकार के साथ दिल्ली विकास प्राधिकरण के मातहत भाजपा ने भी बड़ा दांव खेला है। चुनावों में मतदाताओं को लुभाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अनाधिकृत कॉलोनियों के बाद अब दुकानों को लेकर दांव खेला है। छोटी-बड़ी करीब 10 लाख दुकानों को फ्री होल्ड किया जाएगा। इसके तहत उन्हें मालिकाना हक मिलेगा। इस बाबत डीडीए ने अपार्टमेंट एक्ट पास किया है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने अधिसूचना भी जारी कर दी है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण सदस्य विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि बिल्डर/डेवलपर के अधीन कमर्शियल यूनिट धारकों, दुकानदारों को अब एक महत्वपूर्ण निर्णय के अंतर्गत सीधे फ्री होल्ड और मालिकाना हक देने का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यापार करने की सुगमता की नीति के अंतर्गत केंद्र सरकार ने डीडीए के उस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है जिसके अंतर्गत प्राधिकरण के कमर्शियल प्लाट्स पर बने कमर्शियल यूनिटों तथा दुकानों को फ्री होल्ड अधिकार दे दिये गये हैं। ये उन मामलों में लागू होगा जहां बिल्डर/डेवलपर, दुकानदारों/यूनिट धारकों के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। इससे 10 लाख यूनिट धारकों तथा दुकानदारों को फायदा होने की आशा है।

गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि इस नीति के अंतर्गत वे व्यवसायिक इकाइयां तथा दुकानें शामिल हैं जो मास्टर प्लान 2021 बिल्डिंग बायलाज के अंतर्गत दिल्ली अपार्टमेंट अधिनियमए 1986 के अंतर्गत अपार्टमेंट की परिभाषा में आते हैं और वे इसका अनुपालन कर रहे हैं।

निर्भया गैंगरेप मामला दूसरे जज के पास स्थानांतरित

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 2012 के निर्भया सामूहिक बलात्कार मामले को यह तय करने के लिए किसी अन्य न्यायाधीश के पास स्थानांतरित कर दिया है कि दोषियों को दी गई सजा के अमल में तेजी लाने के तिहाड़ जेल अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं।

जिला न्यायाधीश यशवंत कुमार ने पीड़िता के अभिभावक के आवेदन पर मामले को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सतीश अरोड़ा के पास भेज दिया। वह 28 नवंबर को सुनवाई करेंगे। आवेदकों ने कहा था कि इस मामले में दो न्यायाधीशों का स्थानांतरण हो चुका है और मामले को लगातार स्थगित किया जा रहा है।

महाराष्ट्र में भाजपा की तनाशाही के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महाराष्ट्र में भाजपा की तानाशाही के खिलाफ दिल्ली कांग्रेस ने भाजपा मुख्यालय के निकट जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने मुख्यालय जाने से पहले ही रोक दिया। इन लोगों का आरोप है कि महाराष्ट्र में संविधान की धज्जियां उड़ाकर फडनवीस सरकार बनवाई गई है। लोकतंत्र की हत्या को इतिहास में काले अक्षरों में दर्ज किया जाएगा।

प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने न केवल लोकतंत्र की हत्या ही है बल्कि संविधान को भी ठेंगा दिखाया है। यह इतिहास की पहली घटना है जब अहले सुबह 5.15 बजे राष्ट्रपति शासन हटा लिया जाता है और मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री को राजभवन में शपथ दिला दी जाती है। पूरा खेल मात्र 22 मिनट में महाराष्ट्र की जनता के जनादेश का कत्ल लोकतंत्र के इतिहास में काले अक्षरों मे लिखा जाएगा।

● लोकतंत्र की हत्या, इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा : चोपड़ा

डॉक्टरों ने निकाली दुनिया की सबसे वजनी किडनी

भार है 7.4 किलो, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स दर्ज कराने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के एक अस्पताल में चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर 56 वर्षीय व्यक्ति के शरीर से 7.4 किलो की किडनी निकाल दी है। दावा किया जा रहा है कि यह दुनिया की सबसे बड़ी किडनी है। अस्पताल के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि किडनी इतनी बड़ी थी कि उसने मरीज के पेट को लगभग पूरा ही घेर लिया था। इसे निकालने के लिए ऑपरेशन में दो घंटे का समय लगा।

सर गंगा राम अस्पताल में यूरोलॉजी कंसलटेंट डॉ. सचिन कथूरिया ने बताया कि निकाली गई किडनी का वजन दो नवजात बच्चों के कुल वजन से भी अधिक था और इसका आकार 32 गुणा 21.8 सेमी था। सामान्य किडनी लगभग 120-150 ग्राम की होती है। अस्पताल का दावा है कि यह दुनियाभर में यह पहला मामला है जिसमें इतनी बड़ी किडनी निकाली गई है।

डॉ. कथूरिया ने कहा कि ऑपरेशन से पहले डॉक्टरों को यह तो पता था कि किडनी बड़ी है, लेकिन हमने उम्मीद नहीं की थी कि यह अब तक कि सबसे अधिक वजन वाली किडनी होगी। गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज दुनिया की सबसे अधिक बड़ी किडनी का वजन 4.25 किलो था। यह अब तक दुनिया की सबसे बड़ी किडनी मानी जाती थी। इसे चिकित्सकों ने 2017 में निकाला था, उस किडनी में गाठें थीं।

सर गंगा राम अस्पताल के चिकित्सक इस सर्जरी के आधार पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में आवेदन करने की योजना बना रहे हैं। जिस मरीज की किडनी निकाली गई है वह दिल्ली का रहने वाला है। वह ऑटोसोमल डॉमिनेंट पॉलिसिस्टिक किडनी रोग नाम के जेनेटिक विकार से पीड़ित था।

● लगभग 120-150 ग्राम की होती है सामान्य किडनी

बाल दिवस समारोह में बच्चों ने बिखेरे कला के रंग

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति से लेकर नाटकों का मंचन किया। बढ़ते प्रदूषण की वजह से गत 14 नवंबर बाल दिवस के मौके पर सभी स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई थी। जिसके कारण इस कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा था।

अपर आयुक्त अल्का शर्मा ने कहा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम शिक्षा के स्तर को और बेहतन करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए बधाई दी और कहा कि विपरीत परिस्थितियों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं।

चुनाव जीते तो संसदीय बोर्ड तय करेगा सीएम : तिवारी

आप ने साधा निशाना, सिर्फ औपचारिकता के लिए चुनाव लड़ रही भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तमाम अटकलों के बीच दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में वह भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि यदि उनकी पार्टी चुनाव जीतती है तो मुख्यमंत्री का फैसला संसदीय बोर्ड करेगा। दिल्ली के सह-प्रभारी और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार को पहले मनोज तिवारी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बताया था लेकिन कुछ घंटों बाद ही वह अपने बयान से पलट गए थे।

दिल्ली में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता खुद को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बताने की होड़ कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी के अलावा, विजय गोयल और विजेंद्र गुप्ता कार्यकर्ताओं के बीच काफी सक्रिय हैं। सूत्रों के अनुसार कई बार दिल्ली के कद्दावर नेता और केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन और हरदीप पुरी का नाम भी सीएम रेस में उछाला जाता है।

आप अपना रही है पिछले विस चुनाव की रणनीति

आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद के दावेदार को लेकर भाजपा पर बार-बार निशाना साध रही है। पिछले 2015 चुनाव की तरह ही पार्टी की रणनीति है कि भाजपा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने अपना सीएम प्रत्याशी घोषित करे। दूसरी तरफ विपक्षी भाजपा गुटबाजी से बचने और पिछले अनुभव को देखते हुए ऐसा कदम उठाने से बच रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पूर्व आईपीएस किरन बेदी को सीएम चेहरा घोषित किया था लेकिन पार्टी को करारी हार झेलनी पड़ी थी। खास यह है कि दिल्ली में जब जब भाजपा ने मुख्यमंत्री उम्मीदवार का नाम घोषित कर चुनाव लड़ा वह मात खा गई।

अंडरटेकिंग भरकर होंडा कंपनी में 300 श्रमिकों ने संभाली ड्यूटी

होंडा श्रमिक यूनियन की आम सभा का हुआ आयोजन

स्थायी श्रमिकों को ड्यूटी पर भेजने का लिया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

होंडा कंपनी की श्रमिक यूनियन की आम सभा में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि प्रबंधन की चाल कामयाब न हो, इसलिए सभी स्थायी श्रमिकों को अंडरटेकिंग देकर ड्यूटी पर जाना है और उन्हें उत्पादन करना है। यह निर्णय इसलिए लिया गया, ताकि होंडा मोटर्स व औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिक शांति बनी रहे। करीब 300 स्थायी श्रमिक अंडरटेकिंग पर हस्ताक्षर कर कंपनी पहुंच गए।

श्रमिक यूनियन के प्रधान सुरेश गौड़ ने बताया कि अंडरटेकिंग में कहा गया है कि श्रमिक कंपनी प्रबंधन की हिदायतों के अनुसार काम करेंगे और किसी प्रकार के कंपनी विरोधी अभियान में शामिल नहीं होंगे। यहां कमला नेहरू पार्क में सोमवार को होंडा श्रमिक यूनियन की आम सभा में यूनियन के अध्यक्ष कामरेड सुरेश गौड़ की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में यूनियन के सदस्यों ने भाग लिया। आम सभा में अन्य श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। प्रधान सुरेश गौड़ ने कहा कि होण्डा मोटर्स प्रबंधन अस्थायी श्रमिकों को नौकरी से निकालने पर तुली हुई है। प्रबंधन श्रमिकों के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता भी नहीं करना चाहती। ये सभी श्रमिक धरने पर डटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने श्रमिक विरोधी कार्रवाई करते हुए श्रमिक यूनियन के प्रधान सहित छह सक्रिय सदस्यों पर मनगढ़ंत आरोप लगाते हुए निलंबित भी कर दिया है। प्रबंधन ने गत एक पखवाड़े से स्थायी श्रमिकों की पहले छुट्टी की, जिससे उत्पादन ठप पड़ा है। अब प्रबंधन स्थायी श्रमिकों से भी अंडरटेकिंग ले रही है, जो सरासर गैरकानूनी है। प्रबंधन इस अंडरटेकिंग की आड़ में श्रमिक विवाद को बढ़ाकर श्रमिक अशांति फैलाना चाहती है, लेकिन श्रमिक यूनियन ऐसा नहीं होने देगी। आम सभा को श्रमिक नेताओं अशोक यादव, रमेश समोता, हरजीत ग्रोवर, रमेश प्रधान, कुनंद मेहता, महेश जायसवाल, अनुरोध, अशोक दलाई, पंकज, राजेश व राकेश शर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

होंडा के अस्थायी श्रमिकों का धरना 21वें दिन भी जारी

गुरुग्राम। आईएमटी मानेसर स्थित होण्डा मोटर्स के आंदोलनरत श्रमिकों में कंपनी प्रबंधन व श्रम विभाग के अधिकारियों के प्रति रोष व्याप्त होता जा रहा है। नौकरी बचाने के लिए ये अस्थायी श्रमिक पिछले 21 दिन से कंपनी के बाहर डेरा डाले पड़े हैं।

सोमवार को भी इन श्रमिकों का धरना जारी रहा। श्रमिकों के आंदोलन को सहयोग देने के लिए बड़ी संख्या में श्रमिक नेता भी पहुंच रहे हैं। धरने पर बैठे श्रमिकों को संबोधित करते हुए एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार व अध्यक्ष सुरेश गौड़ आदि ने कहा कि श्रम विभाग श्रमिकों का कंपनी प्रबंधन से समझौता कराने में पूरी तरह से असफल रहा है।

श्रमिक नेताओं ने कहा कि श्रम विभाग द्वारा होण्डा प्रबंधन को समझौता वार्ता में समन देकर बुलाया था, लेकिन प्रबंधन समझौता वार्ता में पहुंची ही नहीं। इससे ऐसा लगता है कि कंपनी प्रबंधन श्रमिकों के साथ कोई समझौता करना ही नहीं चाहती।

महिलाओं को इंसाफ देने में देरी न करें पुलिस : डॉ. राजुलबेन

महिला थाने का जायजा लेतीं महिला राष्ट्रीय आयोग की सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

महिलाओं को इंसाफ दिलाने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली की सदस्य डा. राजुलबेन एल देसाई ने सोमवार को जिला सचिवालय नूंह में महिलाओं के लिए भारत सरकार, राज्य सरकार और एस्पिरेशनल डिस्टिक के संबंध में नीति आयोग द्वारा महिलाओं के कल्याण एवं उत्थान के लिए जिले में चलाई जा रही सभी योजनाओं की समीक्षा बैठक की।

जिसमें उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा व सुरक्षा एवं उनके विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि महिलाओं को पूरा मान-सम्मान मिल सके और वे सुरक्षा की दृष्टि से पूर्ण रूप से सुरक्षित रहें और उनके स्वास्थ्य पर भी पूरा ध्यान रखा जा सके। मीटिंग के बाद डा. राजुलबेन एल देसाई ने नूंह वन स्टॉप सेंटर व महिला थाने का दौरा कर महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों के बारे में जानकारी हासिल की। वहीं मौके पर वन स्टॉप सेंटर एक पीड़ित महिला ने उनके सामने अपनी शिकायत रखी, जिस पर उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस को कार्रवाई करने का आदेश दिया।

डॉक्ट देसाई ने कहा कि पीड़ित महिलाओं को समय पर इंसाफ मिले। पुलिस मामले भी मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच करे कि मामला झूठा है या सच्चा। महिला थाने के दौरे के दौरान डीएसपी अनिल, महिला थाना प्रभारी सुमन और जगबीर एसआई आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

पांच ग्राम पंचायतों में 15 लाख से बनेंगे कूड़ा केंद्र

सोहना। खंड की पांच ग्राम पंचायतों में कूड़ा केंद्र बनाएं जाएंगे। जिसके लिए करीब 15 लाख रुपये पंचायत विभाग द्वारा मंजूर कर दिए गए हैं। आने वाले छह माह में कूड़ा केंद्र बनकर तैयार हों जाएंगे। एनजीटी के गोद लिए गांव दौला, अभयपुर, दमदमा, खेड़ला और बहलपा में कूड़ा केंद्र बनाए जाएंगे। पंचायत विभाग के स्थानीय एसडीओ अब्दुल रजाक ने बताया कि कूड़ा केंद्र बनाने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कूड़ा केंद्र के निर्माण पर करीब तीन लाख रुपये खर्च होंगे और ये छह माह में बनकर तैयार हो जाएंगे। एसडीओ ने बताया कि एनजीटी ने सोहना और गुरुग्राम ब्लॉक के आठ गांवों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई का जिम्मा लिया हुआ है। ग्राम पंचायत सोहना दो ग्राम पंचायत मंडावर व बादशाहपुर और गुरुगाम ब्लॉक की हंसनपुर पंचायत में पहले से ही कूड़ा केन्द्र बनाए गए हैं। जिनका उपयोग किया जा रहा है।

रामकुमार बने एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान

गुरुग्राम। श्रमिक संगठन ऑल इंडिया यूनाइटेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) का जिला प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन सूरत नगर फेस 2 स्थित वाटिका में श्रमिक नेता कामरेड श्रवण कुमार की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें यूनियन से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। यूनियन के राम कुमार ने बताया कि संगठन ने मजदूरों पर प्रदेश सरकार व प्रबंधनों द्वारा किए जा रहे शोषण के खिलाफ आंगनवाड़ी, भवन निर्माण, मिड डे मील, आशा वर्कर्स व असंगठित मजदूरों के बीच संगठन का विस्तार किया है। वजीर सिंह ने 14 सदस्यों की जिला कमेटी का प्रस्ताव रखा, जिसमें रामकुमार प्रधान, ओमप्रकाश पासवान उप प्रधान, श्रवण कुमार सचिव, निरंजन लाल सह-सचिव, होम सिंह लाठर कोषाध्यक्ष, रामकिशन प्रचार सचिव को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यकारिणी में 8 सदस्यों को शामिल किया गया है। राज्य उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी ने कहा कि प्रदेश सरकार व प्रबंधन श्रमिकों, मजदूरों का शोषण कर रही है। प्रतिष्ठानों में श्रमिकों की गैर-कानूनी तरीके से छंटनी की जा रही है। संगठन श्रमिकों, मजदूरों के हितों में कार्य कर रहा है। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि आगामी 12 जनवरी को प्रजापति धर्मशाला में आयोजित होने वाले तीसरे राज्य सम्मेलन के खुले अधिवेशन में बढ़-चढ़कर शामिल हों।

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 51 ने उठाया लाभ

गुरुग्राम। ब्रह्माकुमारीज की ओर से गांव जटौला स्थित बालकिशन की ढाणी में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 51 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और उन्हें दवा भी वितरित की। संस्था की बीके सुधा ने बताया कि शिविर में आए लोगों के स्वास्थ्य की जांच डा. टीएम अग्रवाल, डा. मंजू अग्रवाल, डा. दुर्गेश व उनकी टीम ने की। डा. दुर्गेश ने कहा कि व्यसनों के अधीन व्यक्ति अपना धन, स्वास्थ्य और संबंध तीनों को गंवा देता है। उसकी निर्णय लेने व एवं समझने की शक्ति कमजोर हो जाती है। बीके मंजू ने कहा कि राजयोग के अभ्यास से तन-मन दोनों स्वस्थ होते हैं। सकारात्मक चिन्तन ही वास्तव में सुखद जीवन जीने का मूल आधार है। आद्यात्मिक ज्ञान जीवन को श्रेष्ठ और खुशहाल बनाता है। नशामुक्ति प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। शिविर को सफल बनाने में संस्था की बीके सपना, गीता, सोनू यादव, होशियार, रविन्द्र, सुरेन्द्र, शुभम आदि का सहयोग रहा।

धरने पर बैठे परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए एसआईटी गठित

नूंह। नूंह लघु सचिवालय पर पिछले दस दिनों से छेड़छाड़ के झूठे मामले में इंसाफ मांगने को लेकर धरने पर बैठे परिवार को न्याय देने के लिए पुलिस कप्तान संगीता कालिया ने मामले को निष्पक्ष तरीके से निप्टाने के लिए एसआईटी टीम गठित की है। सोमवार को धरने पर बैठे परिवार को एसआईटी टीम ने भरोसा दिलाया कि मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच कर उन्हें इंसाफ दिया जाएगा, जिसके बाद पीड़ित परिवार ने धरना समाप्त कर दिया। पीड़ित परिवार के मुख्य सदस्य आस मोहम्मद ने कहा है कि एसआईटी टीम पर उन्हें पूरा भरोसा है, अब उन्हें इंसाफ मिलेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल धरने को समाप्त किया जा रहा है। यदि इंसाफ नहीं मिला और जरूरत पड़ी तो धरना दोबारा भी दिया जा सकता है, जिसमें शामिल होने के लिए आस मोहम्मद को सैंकडों युवाओं व गणमान्य लोगों ने साथ देने का भरोसा दिया है।

सांस्कृतिक विधाओं से रूबरू कराएगी आर्ट एजुकेशन

गुरुग्राम। जिला प्रशासन द्वारा हरियाणा प्रदेश की संस्कृति व कला को मंच प्रदान करते हुए कला ग्राम-सोसायटी फॉर आर्ट एजुकेशन इन गुरुग्राम नामक एक नई पहल शुरू की जा रही है। इस पहल के तहत जिलावासियों को सांस्कृतिक विधाओं से रूबरू करवाते हुए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस नई पहल की शुरुआत को लेकर आज उपायुक्त अमित खत्री की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया। बैठक में संबंधित विभागों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिला में लोगों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक ऐसा मंच मिले जहां वे हरियाणा प्रदेश की संस्कृति व कला को प्रदर्शित कर सकें। इस पहल से आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित मुख्यमंत्री की सुशासन सहयोगी स्वाति को इस पहल के लिए एक्टिविटी कलैंडर बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनवरी माह में यूथ फॉर अर्थ इवेंट का भी आयोजन किया जा रहा है, ऐसे में इस पहल के महत्वपूर्ण बिंदुओं को भी इस इवेंट के साथ जोड़कर काम करें। उन्होंने बताया कि इस पहल के दो मुख्य बिंदु होंगे, जिनमें से पहला बिंदु संगीत, नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट और थिएटर से संबंधित है, जबकि दूसरे बिंदु में कान्सर्ट, फेस्ट और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए लोगों को मंच प्रदान करना और इनमें कलाकारों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की इस पहल को सफल बनाने के लिए कारपोरेट सोशल रिस्पांस्बिलिटी के तहत भी आईआईएचएस नामक कंपनी द्वारा सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से लोगों को कला से सीधे जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

काव्य गोष्ठी में कवियों ने बिखेरे विविध रंग

गुरुग्राम। महिला काव्य मंच के तत्वावधान में चिरंजीवी कर्मभूमि ओल्ड एज होम पालम विहार में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। महिला काव्य मंच की अंतरराष्ट्रीय सचिव दुर्गा सिन्हा उदार की अध्यक्षता और महिला काव्य मंच हरियाणा प्रदेश की उपाध्यक्ष इंदु राज निगम के कुशल नेतृत्व में गुरुग्राम इकाई की ओर से यह आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला काव्य मंच दिल्ली की अध्यक्ष उर्वशी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में परंपरा संस्था के संस्थापक व राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र निगम राज व प्रसिद्ध कथाकार और अपना भारत-न्यूजीलैंड के संपादक मुकेश शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार आभा कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहे। डा. दुर्गा सिन्हा उदार ने अपनी रचना में सुनाया-मंदिर में आयतें पढ़ती हूं, मस्जिद में ऋचाएं सुनती हूं। गंगा जमुनी तहजीब मेरी, केसरिया हरा पहनती हूं। आभा कुलश्रेष्ठ ने सुनाया-सांझ के डूबते सूर्य की लालिमा, रात की कालिमा में बदलने को है। मार्ग की मुश्किलों से न घबरा पथिक, रात के बाद फिर दिन निकलने को है।

उर्वशी अग्रवाल उर्वी ने सुनाया- मैं शबरी हूं राम की, चखती रहती बेर। तकती रहती रास्ता, हुई कहां पर देर। इंदु राज निगम ने सुनाया- दौलत, शोहरत, गहने ना अधिकार चाहिए। मुझको मेरे हिस्से का इतवार चाहिए। दीपशिखा श्रीवास्तव दीप ने सुनाया-भीड़ में अलग हर वो शख्स होगा, आईने में उजला जिसका नक्श होगा। सविता स्याल ने सुनाया कि-मां मैं मायके अपने बचपन से मिलने आती हूं। तू नहीं तो अब तेरी यादों से मिलने आती हूं। अंजू सिंह ने सुनाया कि-ईश्वर का अनुपम उपहार हूं मैं, जैसी हूं खुद को स्वीकार हूं मैं।

एक दिसंबर से नगर निगम आपके द्वार, सुनी जाएंगी समस्याएं

गुरुग्राम। अब नगर निगम आपके द्वार आकर समस्याएं सुनेगा और मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके लिए एक से 25 दिसंबर तक का कार्यक्रम बनाया गया है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अमित खत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और विभिन्न स्थानों पर पड़े कचरे के उठान को प्राथमिक तौर पर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी वार्ड में बैठक करने से पहले उस वार्ड से संबंधित शिकायतों, समस्याओं का समाधान करें और निगम पार्षद के साथ मिलकर वार्ड में बैठक करके वार्ड निवासियों की शिकायत सुनें। समाधान तुरंत कराने के निदेश दिए।

कलाकारों ने ओडिसी एवं कत्थक नृत्य की दीं मनमोहक प्रस्तुतियां

नृत्य धारा का द्वितीय अभिनंदन समारोह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के पावरग्रिड में आयोजित समारोह में ओडिसी एवं कत्थक नृत्य पेश करतीं कलाकार।

सांस्कृतिक क्षेत्र में अनेकता में एकता कायम करने के लिए केंद्रीय सरकार का सांस्कृतिक मंत्रालय प्रयासरत है। मंत्रालय का सदैव ही प्रयासरत रहा है कि विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति एवं कला को बढ़ावा देने के लिए युवक एवं युवतियों को प्रशिक्षण दिलाया जाए। हालांकि बड़ी संख्या में कलाकार प्रशिक्षण ले भी रहे हैं, इनमें कलाकारों की वृद्धि की जानी चाहिए।

यह बात केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय के मुख्य निदेशक ऋषि वशिष्ठ ने सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रयासरत संस्था नृत्य धारा द्वारा बीती रात सेक्टर-43 स्थित पॉवरग्रिड ऑडिटोरियम में कही। पावरग्रिड में द्वितीय अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें ऋषि वशिष्ठ ने कहा कि उनका मंत्रालय ओडिसी एवं कत्थक नृत्य में प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों को उनकी हौसला बढ़ाने के लिए छात्रवृति भी दे रहा है। यह छात्रवृति 20 वर्ष तक के प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों को दी जा रही है।

संस्था की मुख्य संचालक वाणी माधव ने बताया कि उनकी संस्था ओडिसी एवं कत्थक नृत्य में जहां कलाकारों को प्रशिक्षण दिला रही है, वहीं उनकी कला का प्रदर्शन कराने के लिए समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन भी करती रही है। कार्यक्रम में करीब 22 नन्हे एवं युवा कलाकारों ने ओडिसी एवं कत्थक नृत्य की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित कलाप्रेमियों की खूब तालियां बटोरी। आयोजन के मुख्य प्रायोजक इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन रहा। कार्यक्रम में प्रफुल्ल मंगराज, शुकांत नायक, धीरज पांडेय, लावन्या अंबांडे ने भी अपने गायन से चार-चांद लगा दिए।

कपास का समर्थन मूल्य न मिलने पर किसान मायूस

नरेश कुमार। सोहना

सोहना अनाज मंडी में क्षेत्र के किसान धान के बाद अब कपास की फसल को समर्थन मूल्य से कम दामों में बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। सोहना अनाज मंडी में कपास की फसल सरकारी खाते में बेचने की सुविधा नहीं है।

हरियाणा प्रदेश बनने के आठ वर्ष बाद सोहना के अंदर 1974 में मंडी स्थापित की गई थी। लगभग 45 वर्ष बीत जाने बाद भी सोहना की अनाज मंडी में चंद फसलों को सरकारी कीमतों में खरीदने का दर्जा प्राप्त है। जिसमें सरसों, गेहूं, बाजरा मुख्य रूप से शामिल है। इसके अलावा कपास, धान, तिलहन फसलें को आब तक सरकारी कीमतों पर नहीं खरीदा गया है। जिसका नुकसान क्षेत्र के किसानों को हो रहा है। अपने खून-पसीने की कड़ी मेहनत से पैदा की जाने वाली फसल का किसानों को जब सरकार द्वारा तय समर्थन मूल्य नहीं मिलता है। किसानों का मनोबल टूटने के साथ-साथ समर्थन मूल्य से कम दाम पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है। जिसका सबसे बड़ा कारण फसल पैदावार के दौरान ब्याज पर ली हुई रकम, बिजली का बकाया बिल व घर के लिए दुकानदार से उधार खरीदा हुआ राशन की कीमत चूकाने के लिए फसल बेचना पड़ रही है।

सोहना की अनाज मंडी में लगा कपास का ढेर।

क्या कहना है किसानों का : गांव हाजिपुर से आए किसान हरपाल का कहना है कि स्थानीय मंडी में कपास की फसल सरकार द्वारा निधार्रित समर्थन मूल्य से 500 से 800 रुपये कम कीमत पर खरीद रहे हैं। कपास का समर्थन मूल्य इस बार 5500 रुपये है। जबकि कपास 4800 से 5000 रुपये में खरीदा जा रहा है। किसान दलेर यादव का कहना है कि यदि स्थानीय मंडी में धान, कपास व तिलहन जैसी फसलों की सरकारी खरीद होती है। तो यहां के किसान इस प्रकार की फसलों की पैदावार बढ़ा सकता है।

क्या कहते हैं अधिकारी

मार्केट कमेटी के सचिव राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा चंद फसलों को सरकारी कीमतों पर खरीदने की मंजूरी दी हुई है। जिसके चलते कपास की फसल को स्थानीय आढ़ति अपने मनपसंद कीमत पर ले रहे हैं। उस पर उनका कोई जोर नहीं चल सकता।

संस्कृति से दूर हो रही युवा पीढ़ी को करना है जागरूक : एमआर लारोइया

पंजाबी संस्कृति मंच के अध्यक्ष चुने गए एमआर लारोइया

गुरुग्राम। किसी भी समाज की सभ्यता, संस्कृति को बचाए रखना उस समाज की आने वाली पीढ़ियों की जिम्मेदारी होती है, लेकिन आज हमारी युवा पीढ़ी कहीं न कहीं समाज से कटी हुई है। जुड़कर नहीं चल रही। इसके कारण कुछ भी हो सकते हैं। उस युवा पीढ़ी को समाज के साथ जोड़कर उसे अपनी संस्कृति के प्रति जागरुक किया जायेगा, ताकि संस्कृति को मजबूती मिले। यह कहना है पंजाबी संस्कृति मंच के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एमआर लारोइया का।

यहां सेक्टर-10ए स्थित पंजाबी संस्कृति मंच के हुये चुनाव में दो साल के लिए प्रधान चुने गये एमआर लारोइया ने समाज के हर उम्र के व्यक्ति से अनुरोध किया है कि वे उम्र में छोटे व्यक्तियों, युवाओं, बच्चों को अपनी संस्कृति के वाहक बनायें। वे भी अपने स्तर पर समाज में जनजागरण अभियान चलाएंगे, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां अपने समाज और संस्कृति के साथ जुड़कर उसे बचाये रखने का काम करें। सात बार 14 साल तक हाउसिंग बोर्ड आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष रह चुके और पहले भी एक बार पंजाबी संस्कृति मंच के अध्यक्ष रह चुके मोहनीश का कहना है कि समाज को एकजुट करना और अपने समुदाय को एकत्रित करके उन्नति की ओर ले जाना उनके एजेंडे में प्रमुख हैं।

बेहतर से बेहतर सुविधाएं कराई जाएंगी मुहैया : कृष्ण कुमार

हरियाणा सफाई आयोग के उपाध्यक्ष ने सुनी कर्मियों की समस्याएं

गुरुग्राम। सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में आयोजित बैठक में हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने निगम के अधिकारियों व सफाई कर्मचारियों से बात की और उनकी समस्याएं सुनी। सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान ने कृष्ण कमार को पेश आ रही सभी समस्याओं से अवगत कराया।

कर्मचारी यूनियन प्रधान ने बताया की 1989 से सफाई कर्मियों का पे-स्केल बढ़ा नहीं है व ठेकेदार प्रथा को भी खत्म करने की मांग रखी गई। वर्तमान समय में भी 2200 सफाई कर्मी ऐसे हैं, जिनकी तनख्वाह ठेकेदार के माध्यम से मिलती है। जनसंख्या के आधार पर सफाई कर्मचारियों की संख्या भी बढ़नी चाहिये। आये दिन किसी न किसी प्रकार से सफाई कर्मियों को भिन्न-भिन्न प्रकार की समस्स्याओं का सामना करना पड़ता है जैसे हक कूड़ा काफी दूर तक पैदल लेकर जाना आदि। आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग को बने लगभग डेढ़ वर्ष हो चुका हैं और ये इंडिपेंडेंट रूप से कार्य करता है। पंचकूला की तरह गुरुग्राम में भी सफाई कर्मचारियों के लिये टॉयलेट, पीनी के पानी व बैठने के लिये भी स्थान की व्यवस्था के लिये कार्य किया जाएगा।

... अब गेंद फिर सीएम के पाले में

हेलीमंडी-जाटौली के लोगों ने सीएम के नाम फिर सौंपा ज्ञापन

हरियाणा बनने के बाद से सरकारी 10+2 स्कूल का अभाव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

बीजेपी-जजपा गठबंधन की सरकार बनने और पटौदी से लगातार दूसरी बार बीजेपी का एमएलए चुना जाने के साथ ही हेलीमंडी/जाटौली क्षेत्र में लडक़ों के लिए 10+2 तक सरकारी स्कूल का मामला एक बार फिर से गरमा गया है। इसी मांग को लेकर जाटौलीमंडी के लोगों सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के द्वारा एक बार फिर से सीएम मनोहर लाल खट्टर के नाम पटौदी के एमएलए एसपी जरावता को ज्ञापन सौंपा गया।

इस मौके पर हेलीमंडी पालिका के पूर्व चेयरमैन जगदीश, एंटी करप्शन फाउंडेशन के सुरेंद्र चौहान, जनक सिंह चौहान, एमएलए स्कूल प्रंबंध कमेटी के पदाधिकारी राय सिंह चौहान, पूर्व बैंक अधिकारी सतपाल चौहान, रवि चौहान, अभय सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

एमएलए जरावता ने ज्ञापन स्वीकारने के साथ ही प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया कि, हेलीमंडी, जाटौली के लोगों की लड़कों के लिए 10+2 सरकारी स्कूल की मांग एक दम जायज है और गरीब परिवार के बच्चों की शिक्षा का मौलिक अधिकार भी है। बीजेपी सरकार जरूरत के मुताबिक सबसे नजदीक ही शिक्षा दिलाने के लिए काम भी कर रही है। हेलीमंडी/जाटौली में लडक़ों के 10+2 सरकारी स्कूल के लिए प्रयास किया जाएगा कि, आने वाले सत्र में यह मांग पूरी करके स्कूल के पढ़ाई भी आरंभ करवाई जाए। अब सबसे रोचक यह देखना रहेगा कि एमएलए जरावता हलीमंडी, जाटौली इलाके की लडक़ों के लिए 10+2 तक सरकारी स्कूल की मांग सहित शिक्षा की सुविधा आगामी शिक्षा सत्र से उपलब्ध करा सकेंगे?

हरियाणा बनने के बाद से ही हेलीमंडी क्षेत्र में लडक़ों की सरकारी उच्च शिक्षा, हाई अथवा 10+2 तक स्कूल का आजतक अभाव यहां के गरीब परिवार झेलते आ रहे हैं।

चार नए चेयरमैन : जजपा से खतरों की पेशबंदी

राकेश चौरासिया। फरीदाबाद



मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंत्रिमंडल गठन के बाद अब सरकार की मजबूत की कवायद शुरू कर दी है। गठबंधन के खतरों को भांपते हुए उन्होंने सोमवार को चार ऐसे निर्दलीय विधायकों को चेयरमैन बनाकर राजी करने का प्रयास किया है, जो मूलत: भाजपा के हैं, लेकिन टिकट कटने पर निर्दलीय चुनाव लड़े और जीते। इनमें फरीदाबाद के निर्दलीय विधायक नयनपाल रावत भी हैं।

हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से चार चेयरमैनों की सोमवार को घोषणा की है। इनमें पृथला के निर्दलीय विधायक नयनपाल रावत को हरियाणा भण्डारगार निगम, चरखी दादरी के निर्दलीय विधायक सोमवीर सांगवान को हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड, पुण्डरी के निर्दलीय विधायक रणधीर सिंह गोलन को हरियाणा पर्यटन निगम तथा नीलोखेड़ी के निर्दलीय विधायक धर्मपाल गोंदर को हरियाणा वन विकास निगम का चेयरमेन नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों के पीछे भाजपा की दूरगामी रणनीति को स्पष्ट देखा जा सकता है। इस समय 90 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 40, कांग्रेस के 31, जजपा के 10 और इनेलो और हलोपा का एक-एक और सात निर्दलीय विधायक हैं। भाजपा 40 विधायकों के अपर्याप्त संख्या बल के कारण 10 विधायकों वाली दुष्यंत चौटाला की जजपा से गठबंधन किया है। उसे सात निर्दलीयों और दो अन्य का भी समर्थन हासिल है। राजनीतिक पंडित बताते हैं और विपक्षी दलों का भी आंकलन है कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला राज्य में जजपा का जनाधार बढ़ाने का स्वाभाविक प्रयास करेंगे। उस सूरत में उनका कुछ विषयों पर टकराव भी हो सकता है। भाजपा पूरे पांच साल निर्विघ्न राज करने के लिए जजपा पर भरोसा करते हुए भी सतर्क है। इसलिए छह विधायकों के जादुई आंकड़ों को पूरा करने के लिए वह निर्दलीय विधायकों को साधकर रखना चाहती है। इसीलिए चार चेयरमैन बनाकर निर्दलीयों को संतुष्ट रखने का कदम उठाया गया है।

पॉवर पॉलिटिक्स के बाद

इस तरह, पार्टी की गर्भ नाल से जुड़े चार निर्दलीयों को भाजपा ने पक्का कर लिया है। ऐसी ही कुछ नियुक्तियां भविष्य में भी देखने को भी मिलेंगी। दरअसल, मंत्रिमंडल विस्तार में दुष्यंत चौटाला ने कई महत्वपूर्ण मंत्रालय हासिल किए और अपने दादा एवं निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह चौटाला को भी महत्वपूर्ण विभाग दिलवाया। निर्दलीय रणजीत चौटाला के मंत्री बनने के बाद कुछ निर्दलीय विधायक ज्यादा तमतमा गए थे। उनका सोचना था कि दुष्यंत की पॉवर पॉलिटिक्स की वजह से रणजीत को मंत्री बनाया गया, जब तक वे भी असंतोष नहीं दिखाएंगे, तब तक उन्हें भी कुछ नहीं मिलने वाला। इस कारण कुछ सच्ची-झूठी अफवाहें भी राजनीति के बाजार में गर्म हुईं कि कुछ निर्दलीय कांग्रेस के संपर्क में हैं। सूत्र बताते हैं कि मंत्रिमंडल गठन से पहले भी निर्दलीय विधायक अपने तेवर चुका थे। उन्होंने मंत्री बनाए जाने के लिए दिल्ली में एक बैठक भी की थी और पार्टी अध्यक्ष अमित शाह से मिलने का समय भी मांगा था, लेकिन शाह ने उन्हें समय नहीं दिया था। कुछ विधायकों के 50-100 करोड़ मांगने की भी चर्चा रही। इसी बीच, मंत्रीमंडल के गठन, विभागों के बंटवारे और चुनाव में अप्रत्याशित बहुमत न मिलने की समीक्षा और महाराष्ट्र में गतिरोध आदि के चलते व्यस्त भाजपा ने पहली फुर्सत में इन चार विधायकों का मनोनयन कर कुर्सी को मजबूत किया है।

ये हैं पूर्व भाजपाई

निर्दलीयों में जिन चार विधायकों की पहली खेप में लाटरी लगी है, उसमें पृथला के विधायक नयनपाल रावत शामिल हैं। वे 2014 में भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन बसपा के टेकचंद शर्मा से हार गए थे। जीत के बाद टेकचंद शर्मा भाजपा में आ गए। 2019 के हालिया चुनाव में नयनपाल रावत और टेकचंद शर्मा दोनों टिकट मांग रहे थे, लेकिन भाजपा ने सोहनपाल छोकर का उम्मीदवार बनाया। तब रावत के पक्ष में ऐसी सहानुभूति लहर चली कि करोड़ों के चंदे की घोषणा के साथ निर्दलीय चुन लिए गए। इसी तरह चरखी दादरी में सोमवीर सांगवान भाजपा का टिकट कटने के बाद निर्दलीय चुनाव लड़कर विधायक बनने में न केवल कामयाब रहे, बल्कि दादरी हलके से अब तक चुने गए 13 विधायकों में सबसे अधिक वोट पाने का कीर्तिमान भी सांगवान के नाम हो गया है। पुण्डरी में 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने 25 हजार से ज्यादा वोट लिए थे, लेकिन चार माह बाद हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रणधीर सिंह गोलन को हार का सामना करना पड़ा था। हालिया चुनाव में भाजपा का टिकट न मिलने पर गोलन निर्दलीय ही मैदान में उतरे और जीत गए। इसी तरह नीलोखेड़ी के धर्मपाल गोंदर को 2009 में भाजपा ने नीलोखेड़ी से चुनाव लड़वाया, लेकिन वे हार गए। 2010 से 2015 तक भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव रहे। इस बार भी वे पार्टी के टिकट के लिए प्रबल दावेदार थे, लेकिन ऐन वक्त पर उनका टिकट कट गया, जिसके बाद वे आजाद प्रत्याशी के तौर पर विजयी हुए।

एक और होगा एडजस्ट

सूत्र बताते हैं कि फरीदाबाद के विधायक के समर्थक मंत्रीमंडल विस्तार में स्थान न मिलने पर अब डिप्टी स्पीकर के पद की उम्मीद लगाए हुए हैं, लेकिन निर्दलीयों को चेयरमैनी बंटने के सिलसिले में अब चंडीगढ़ में चर्चा है कि डिप्टी स्पीकर पद भी किसी निर्दलीय को दिया जा सकता है। इस तरह भाजपा लगभग सभी निर्दलीय विधायकों अपने पाले में रखने का प्रयास करेगी।

संपति विवाद में हुई थी पांच नंबर के पंचर वाले की हत्या

भांजा और भांजी समेत 5 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनएच पांच के रेलवे रोड पर पिछले दिनों पंचर की दुकान चलाने वाले एक व्यक्ति की बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। अपराध शाखा डीएलएफ ने इस वारदात को सुलझाते हुए दो महिलाओं समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों में मृतक का सगा भांजा और भांजी भी शामिल हैं। दोनों ने मृतक की संपति हड़पने के लिए शूटरों को सुपारी देकर हत्या करवाई थी। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस द्वारा मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबेसिंह के मुताबिक एनएच पांच की भगतसिंह कॉलोनी निवासी सुभाष रेलवे रोड पर खोखा लगाकर पंचर लगाता था। बृहस्पतिवार की सुबह सात बजे सुभाष अपनी दुकान जमा रहा था। तभी वहां एक बाइक पर सवार दो युवक आ धमके। बाइक चालक ने हेलमेट पहना हुआ था और पीछे बैठे युवक ने सफेद कपड़े से चेहरा ढका हुआ था। दोनों ने आते ही सुभाष को कुछ कहा। इसके बाद सुभाष जैसे ही कुछ उठाने के लिए दुकान की तरफ पलटा, पीछे बैठे युवक ने सुभाष की पीठ पर गोली मार दी और दोनों फरार हो गए थे। सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई थी।

पुलिस आयुक्त केके राव ने अपराध शाखा डीएलएफ के प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की। टीम ने सीसीटीवी फुटैज खंगाले, लेकिन पुलिस के हाथ कुछ खास सफलता नहीं लगी। पुलिस को मृतक के रिश्तेदारों से पूछताछ में पता चला कि मृतक सुभाष का एनएच पांच निवासी भांजा जयदेव और भांजी खेविता उसकी संपति हड़पना चाहते थे और वे मृतक के साथ पहले झगड़ा कर चुके थे। शनिवार को पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो मामले का खुलासा हो गया।

पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश कर खेविता को न्यायिक हिरासत में ले भेज दिया। जबकि जयदेव को दो दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की, तो जयदेव ने पुलिस को बताया कि इस वारदात में कोसीकलां की ऑफिसर कॉलोनी निवासी उसके दोस्त कुलदीप व कुलदीप की पत्नी सुमन ने मदद की थी। दोनों ने होडल निवासी शूटर अमित और भारत से मिलवाया था। मामा सुभाष को रास्ते से हटाने के लिए उन्होंने शूटरों को डेढ़ लाख रुपये की सुपारी दी थी। घटना वाले दिन भारत बाइक चला रहा था। जबकि गोली अमित ने मारी थी। पुलिस ने सोमवार को कोसीकलां में छापेमारी कर कुलदीप, सुमन व अमित को गिरफ्तार कर लिया।

पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों ने फोड़े मटके

फरीदाबाद । पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रीनफील्ड कालोनी के लोगों ने अर्बन इंप्रूवमेंट कंपनी के कार्यालय पर मटका फोड़ कर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि करीब आठ हजार परिवार यहां रहते हैं और यहां पानी, सीवर जैसी मूलभूत सुविधाएं अर्बन इंप्रूवमेंट कंपनी उपलब्ध नहीं करवा पा रही है।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आरडब्ल्यूए के प्रधान वीरेंद्र भड़ाना ने कहा कि कॉलोनी में दो माह से पेयजल समस्या है। कंपनी अधिकारी कोई सुनवाई नहीं करते, जबकि पानी का बिल एडवांस में पूरा लेते हैं। कंपनी का यह रवैया अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान लोगों ने पानी दो या कंपनी बंद करो के नारे लगाए।

लोगों ने बताया कि दो माह से कॉलोनी में पानी की समस्या है, मगर 15 दिन से ज्यादा बढ़ गई है। हालत यह है कि अब नलों में बिल्कुल पानी नहीं आता। इस कारण लोगों को निजी टैंकरों से पानी खरीदकर काम चलाना पड़ता है। वीरेंद्र ने कहा कि कंपनी की ओर से हर तीन माह में पानी का बिल लिया जाता है। लोगों को पानी मिले या न मिले उन्हें इससे कोई मतलब नहीं होता है। समय पर बिल नहीं देने पर 18 प्रतिशत जुर्माना लगा दिया जाता है। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा, पवन तुलसियान, सागर चौहान, सरदार भोला सिंह, देवेंद्र मेहंदीरत्ता, संजय राणा, सुमन पाठक, श्वेता शर्मा, नूतन शर्मा, पारुल बाबा और जगदीप मजेठिया मौजूद रहे।

बाइक सवारों ने कार सवार को चाकू मारा

फरीदाबाद । बाईपास रोड स्थित तिगांव चौक पर एक कार और ऑटो की मामूली भिड़ंत के काबद कार सवार और ऑटो चालक के बीच झगड़ा होने लगा। तभी वहां आए बाइक सवार पांच युवकों ने कार सवार से मारपीट करते हुए उसे चाकू मारकर घायल कर दिया और फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना सेक्टर सात में दर्ज मामले के मुताबिक एसजीएम नगर निवासी नरेंद्र ने अपनी शिकायत में कहा है कि गत बृहस्पतिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी कार पर बाईपास रोड से गुजर रहा था। तिगांव चौक पर अचानक आए ऑटो ने उसकी कार को टक्कर कार दी और उसकी कार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार नरेंद्र व ऑटो चालक के बीच कहासुनी हो रही थी। आरोप है कि तभी दो बाइकों पर सवार होकर आए पांच युवकों बीच में आकर कूद गए। पहले मामला पूछने के बाद वे कार मालिक को धमकाने लगे। फिर उसके साथ मारपीट कर चाकू से वार कर दिया। चाकू लगने से नरेंद्र घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया। जांच अधिकारी समय सिंह ने बताया कि अज्ञात युवकों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

3एस अकादमी ने हरी सिंह को 35 रन से हराया

फरीदाबाद। पाली स्थित रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी के मैदान पर आयोजित पांचवें ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में 3एस क्रिकेट अकादमी ने हरिसिंह क्रिकेट अकादमी को 35 रन से हराया।

बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 50-50 ओवर का था। मैच में मुख्य अतिथि पार्षद मनोज नासवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कविंदर चौधरी, पूर्व रणजी खिलाड़ी नवीन नेगी और प्रवीन थापर, संजीव शर्मा आदि उपस्थित थे। हरिसिंह क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्यण लिया। 3एस अकादमी ने 49.2 ओवर में 10 विकेट पर 202 रन बनाए। उसके बल्लेबाज प्रिंस यादव ने 39 रन और दीपक त्यागी ने 32 रन बनाए। हरिसिंह क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाज हर्षित सिंह ने पांच विकेट ओर मेहुल चहल, रॉकी नागर, और सागर कुमार ने एक-एक विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए हरिसिंह क्रिकेट अकादमी की टीम ने 36.4 ओवर में 10वें विकेट पर 167 रन बनाकर धराशायी हो गई। हरिसिंह क्रिकेट के पुरु शर्मा ने 59 रन, विशाल भाटी ने 20 रन बनाए। 3एस अकादमी के गेंदबाज अभिषेक सिंह ने चार विकेट, हिमांशु ने तीन विकेट ओर प्रिंस यादव ने दो विकेट लिए। मेन ऑफ द मैच अवार्ड हिमांशु चौधरी को दिया गया। बेस्ट बैट्समैन घनश्याम घोषित हुए।

परीक्षा ने लंबी कूद में जीता रजत पदक

फरीदाबाद। 17वीं राष्ट्रीय अंतर जिला एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन तिरुपति, आन्ध्र प्रदेश में 23 से 25 नवंबर तक किया गया। जिला एथलेटिक संघ के कार्य वाहक प्रधान सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि फरीदाबाद जिले के 13 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। 14 साल आयु वर्ग लड़की परीक्षा शर्मा ने लंबी कूद एवेंट में 4.97 में मीटर कूद लगाकर रजत पदक हासिल किया।

फरीदाबाद टीम के कोच साजिद हुसैन और टीम मैनेजर नीरज देवी ने परीक्षा को इस जीत के लिए बधाई दी। एथलीट परीक्षा डीपीएस स्कूल सेक्टर 19 की छात्रा है और स्कूल की डीपीई साक्षी श्योराण और ब्रह्मानंद ने बताया कि डीपीएस स्कूल उसे नकद पुरस्कार से सम्मानित करेगा। जिला एथलेटिक संघ के सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह ने फोन पर बधाई दी और कहा कि सभी का फरीदाबाद पहुंचने पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

हापुड़ हादसा : शव अनंगपुर पहुंचने पर मचा कोहराम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हापुड़ के गांव उदयरामपुर में आयोजित शादी समारोह के दौरान बीती शाम अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर यहां के गांव अनंगपुर के निवासी सुधीर भड़ाना की हत्या कर दी थी। सोमवार की शाम को शव गांव लाए जाने पर कोहराम मच गया। शव लाए जाने पर लोगों की भारी भीड़ पहुंचने से सूरजकुंड रोड पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। शाम को मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुरानी रंजिश में हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक अनंगपुर निवासी 40 वर्षीय सुधीर भड़ाना का विवाह बुढैना में हुआ था। सुधीर के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे भी हैं। सुधीर लंबे समय से प्रोपर्टी के व्यवसाय से जुड़ा हुआ था। रविवार को सुधीर के बड़े भाई देवेंद्र भड़ाना के बेटे सचिन और सागर का विवाह था। बारात हापुड़ के गांव उदयरामपुर में गई थी। बारात के साथ सुधीर भड़ाना भी अपने भतीजों की शादी में शामिल होने गया था।

शादी समारोह के दौरान बीती शाम अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर गांव अनंगपुर के निवासी सुधीर भड़ाना की हत्या कर दी थी

बताया गया है कि हापुड़ में दोपहर करीब 12 बजे घुड़चड़ी हुई, उसके बाद सभी समारोह स्थल पर पहुंच गए। उसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने समारोह में ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर सुधीर की हत्या कर दी।

इस बात की सूचना रविवार शाम करीब छह बजे गांव में पहुंच गई थी। सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। गांव के लोग रात को ही हापुड़ के लिए रवाना हो गए थे। सोमवार की शाम को शव गांव अनंगपुर लाया गया। शव के लाए जाने पर सैकड़ों लोगों की भीड़ अंतिम दर्शन के लिए पहुंची। शाम को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

प्राथमिक स्कूलों में 30 तक मनेगा पोषण सप्ताह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शहर के सभी स्कूलों में पोषण सप्ताह सोमवार से शुरू किया यगा। यह योजना मिड डे मील के तहत सोमवार से 30 नवंबर तक चलाई जाएगी। पहले दिन सभी स्कूलों में छात्रों को हाथ धोने के तरीके और फायदे बताए गए। इसमें प्रत्येक दिन सभी स्कूलों में कई तरह की गतिविधियां कराई जाएगी। इसमें हैंड वास डे, मेडिकल चेकअप, पौष्टिक आहार पर कविता, रेसिपी प्रतियोगिता, स्कूलों में बेटियों का जन्म दिन, कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी के तहत स्कूलों में स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। जिले में कुल 239 स्कूल प्राथमिक स्कूल हैं। यहां करीब 45 हजार बच्चे अध्ययनरत हैं। इनमें से अधिकाश छात्र पोषण को लेकर जागरूक नहीं होते। वह खाना खाने से पहले हाथ भी नहीं धोते, जो उनके लिए घातक होता है।

इसी के तहत शिक्षा निदेशालय ने मिड डे मील योजना के तहत पोषण सप्ताह शुरू किया है। इस अभियान के तहत बच्चे भी अपने घर पर परिजनों को जागरुक करेंगे, जिसमें बच्चों को पौष्टिक आहार, जैसे हरी सब्जी, दाल, चावल, रोटी, दलिया आदि खिलाएं, जिससे उसके शरीर को फायदा मिले। साथ ही बच्चों को जंक फूड से दूर रखें। अभिभावकों को हैंड वास की भी जानकारी दी जाएगी।

छात्रों द्वारा रैली निकाली जाएगी। इस दौरान 25 नवंबर को स्कूलों में हैंड वास डे, 26 नवंबर को छात्रों का मेडिकल चेकअप करवाया जाएगा।

कल्चरल डांस में नौनिहालों ने दिखाए जलवे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

प्रैक्टिस वाइब डांस स्टूडियो और महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा आयोजित कल्चरल डांस प्रोग्राम एसआरएस टॉवर के एतेर्मिती ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके दर्शकों का मन मोह लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता रहे। उन्होंने अपने हाथों से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों का मनोबल को बढ़ाने के लिए बच्चों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति से जुड़े रहने और इसे आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे प्रभु दयाल (ब्लैक कैट कमांडो) ने संदेश दिया कि हम सभी को किसी न किसी से तरह से भारत का नाम और ऊपर बढ़ाने के लिए तत्पर रहना चाहिए। ज्ञानदा नालवा (बॉलीवुड आर्टिस्ट), मनीषा झाम्ब (मिस्स गोर्जियस दीवा ऑफ इंडिया 2018), मोनिका गुलाटी (प्रिन्सिपल सेंट माइकल स्कूल), संजय गुलाटी (डायरेक्टर सेंट माइकल स्कूल), अतुल त्यागी (गणेशा डांस अकादमी) आदि मौजूद रहे। सांची शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की। कंधों से मिलते हैं कंधे, कदमों से कदम मिलते हैं प्रस्तुति इंडियन आर्मी को समर्पित की गई और तुझमें रब दिखता है गीत पर प्रस्तुति प्रैक्टिस वाइब डांस स्टूडियो के बच्चों द्वारा दी गई। प्रैक्टिस वाइब डांस स्टूडियोके बच्चों की माताओं ने एक सुंदर भंगड़ा प्रस्तुति दी। गुजराती डांस ढोलीडा ढोल रे गीत पर सेंट माइकल स्कूल (सैनिक कॉलोनी) के बच्चों ने प्रस्तुति दी।

OFFICE OF THE MANAGING COMMITTEE
THE SRI DURGA CO-OPERATIVE GROUP HOUSING SOCIETY LTD.
Plot No.-6A, Sector-11, Dwarka, New Delhi-110075
CANCELLATION OF NOTICE INVITING TENDER
Due to technical reasons the Notice inviting Tender advertised on dt. 22/11/2019 for the following works is hereby stands cancelled.

S. N.	Name of work	Estimated Cost (Rs.)	Time Allowed	EMD (Rs.)
1.	Constructions of additional rooms (Part-A) & External Repairs, Finishing, Balcony repair works & strengthening of structure etc. (Part-B)	103700000/-	18 months	10,37,000/-

SECRETARY
(THE SRI DURGA C.G.H.S LTD.)

Public Notice
To be known to all that I, Sanjay Kanojia S/o Late Shri Hari Chand R/O A-5A,339,Janta Qtrs.,Janakpuri,New Delhi-110058, I am purchaser of DDA Janta Flat No.339,Block-A-5A, Janakpuri, New Delhi-110058,DDA File NO.F-22(70)/71-HB, has applied for conversion of the aforesaid Flat from lease hold to free hold in DDA.lost original documents (1) Demand Letter (2) Possession Letter (3) NOC (water and electric)(4) Site Possession, of the above flat have been lost. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, New Delhi, vide NCR No.1677616/2019,Dated 08/01/2019.Any person(s)claiming any right,interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/ph 9971981619 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director LAB (H)DDA,Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PUBLIC NOTICE
My Client **Shankar Lal** S/o Late Chutra Ram **R/o A-769, JJ Colony, Madipur, Paschim Vihar, ND-63** has debarred & disowned his Son **Ashwani** & his wife **Himanshi** from his movable & immovable property of my client,due to misbehaviour disobedient,harmful towards to my client. My Client has also severed all his relation with them. If anybody deals with them in any manner he or she all do so at his/her own risk. My Client shall not be responsible for the same in any manner.
Ramesh Chander(Advocate), G-137A, Paschim Vihar

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Chanan Bhai S/o Late Sh. Naina R/o 1869/101 F Madrasi Camp, Killa Mohalla, Ludhiana, Punjab-141001, hereby declare that Vijay Kumar and Chanan Bhai both are the same persons.
PD(8689)C

It is for general information that I Sanmukh Jugani S/o Menghraj Jugani R/o x 13, Second Floor, Green Park Main, New Delhi-110016 declare that name of mine has been Wrongly Written as Sanmukh Meghraj Jugani in my service record. The actual name of mine is Sanmukh Jugani respectively which may be amended accordingly.
PD(8670)C

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक, द्वितीय तल, वीडियोकॉन टॉवर, झण्डेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055

निम्नलिखित उधारकर्तागण बैंक से उनके द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन एवं ब्याज का प्रतिभुगतान करने में चूक कर चुके हैं और इसलिए ऋण अनिष्पादनीय परिसम्पत्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत कर दिए गए हैं। अतः इस संबंध में उधारकर्ताओं को वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत एक सूचना उनके अन्तिम अभिज्ञात पतों पर निर्गत की गई थी। चूंकि सूचना उधारकर्ताओं को प्राप्त नहीं हुई अतएव उन्हें एतद्द्वारा इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) तथा पता	प्रतिभूत परिसम्पत्ति/प्रवर्तित की जानेवाली परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता	सूचना प्रेषण तिथि/ सूचना तिथि के अनुसार बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	ऋतु राज, राजीव रंजन, मकान सं. 105ए, गली सं. 15, नॉर्थ ब्लॉक, विपिन गार्डन एक्सटेंशन Xxxxx, दिल्ली, दिल्ली-110059, खाता सं.: एलबीडीईएल00003879520	फ्लैट सं.-4, टॉवर-20, लोटस पनाचे, जीएच-005, सेक्टर-110, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश	8 नवंबर 2019 रु. 1,19,68,467/-	30/11/2018
2.	विमल महीपाल, सनरेज इंजीनियर्स प्रा. लि., भावना महीपाल, ई-273, ग्रेटर कैलाश पार्ट-02, दिल्ली-110048, भारत, फ्लैट सं. 12 06, 12वां तल, टॉवर-ए, भूखण्ड सं. जीएच-02, सेक्टर खाता सं.: एलबीडीईएल00002365537	फ्लैट सं.-सी-153, 15वां तल, रहेजा रेवांता, सेक्टर-78, गुड़गांव, हरियाणा	8 नवंबर 2019 रु. 96,33,073/-	30/04/2019
3.	अनिरुद्ध मुखर्जी, ककुली मुखर्जी, 14/357 प्रथम तल, मंदिर डीडीए जनता लैट्स, मदरगीर, डा. अम्बेडकर नगर, दिल्ली खाता सं.: एलबीजीयूआर00003497641	फ्लैट सं.-1804, 18वां तल, ओसिस बेनीतिया हाईट्स-टॉवर ए, एचआरए-12ए, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश	8 नवंबर 2019 रु. 65,12,295/-	31/05/2018
4.	संतराम सिंह, धर्मेन्द्र, सतीश कुमार खारी, बीसीएस पालम ईएसजी एनएसजी मेहराम नगर, निकट घरेलू एयरपोर्ट पालम, दिल्ली। खाता सं.: एलबीएनओडी00001980504	सी-12, पॉकेट पी 7, मित्रा सहकारी आवास समिति लि., सेक्टर पीएसआई-1, भूखण्ड सं. 04, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश	8 नवंबर 2019 रु. 33,65,731/-	31/05/2019
5.	साई इंडस्ट्रीज, नीतू कुमार, बी-2/60, प्रथम तल, पश्चिम विहार, दिल्ली, खाता सं.: एलबीडीईएल00002010380	सम्पत्ति सं. 400, प्रथम तल, छताधिकारों के बिना, ब्लॉक ए4, पश्चिम विहार, नई दिल्ली	8 नवंबर 2019 रु. 30,76,340.1/-	30/05/2019
6.	दीपक कुमार सिंह, शोभा कुमारी, बी/33 शिखर अपार्टमेंट, बुदकदेव, अहमदाबाद, खाता सं.: एलबीएनओडी00002887789	फ्लैट सं.-240111, 23वां तल, टॉवर-एन अथवा ब्लॉक एन, 14वां एवेन्यू, जीसी 14, भूखण्ड सं. जीएच-03, गौर सिटी-2, सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश	8 नवंबर 2019 रु. 32,34,491/-	31/01/2019
7.	देबजानी बनर्जी, सन्तोष कुमार सिंह, 842, सरगोधा अपा., भूखण्ड सं. 13, द्वारका सेक्टर-7, चतुर्थ तल, दिल्ली, खाता सं.: एलबीएफडीबी00001582449	फ्लैट सं.-324, सरगोधा विहार, सीजीएचएस लि., भूखण्ड सं. 13, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली	8 नवंबर 2019 रु. 29,21,456/-	31/05/2019
8.	विवेक आर्य, ममता, फ्लैट पी 203, पर्ल गार्डेनिया, ग्लैमर सोसाइटी, सेक्टर-3, वसुन्धरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, खाता सं.: एलबीजीयूआर00002406229	फ्लैट सं.-ए-12ए03, 12वां तल, टॉवर ए, सर्किट हाईट्स, भूखण्ड सं. जीएच-जी4, सेक्टर-25, नोएडा	8 नवंबर 2019 रु. 29,39,617/-	31/12/2017
9.	रीना सिंह, सन्नी ओमकार सिंह, मकान सं. 75, छिजारसी कुलिच नगर पीएस पिलखुआ गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, खाता सं.: एलबीएनओडी00002865254	फ्लैट सं. ए11/1, प्रथम तल, बीएलके ए, स्वतंत्र तल, वेब एग्जीक्यूटिव तल, ग्राम नाईफल, परगना ग्रुप हाउसिंग सं. 8, सेक्टर-5, ग्रीन वूड एन्क्लेव, एनएच 24, वेब सिटी, गाजियाबाद	8 नवंबर 2019 रु. 24,18,264/-	30/04/2019
10	ललित शर्मा, पूर्णानन्द शर्मा, आरजेडएफ 30बी द्वितीय तल, एफ1 ब्लॉक, गली सं.-3, महावीर एन्क्लेव, नई दिल्ली, खाता सं.: एलबीडीईएल00002412160	फ्लैट सं. 615/616, 6वां तल, स्वास्तिक ग्रांड, टॉवर ए, केएच नं. 46/1, कगराम जाट खेड़ी, तहसील हुजूर	8 नवंबर 2019 रु. 22,80,929/-	30/04/2019
11.	नरेन्द्र सिंह, अंशु सिंह, 2सी-225 द्वितीय तल, सेक्टर 2सी वसुन्धरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, खाता सं.: एलबीएनओडी00002317042	फ्लैट सं. 2003, 20वां तल, टॉवर डी, मनोरथ भूखण्ड सं. जीएच 04बी 1, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा	8 नवंबर 2019 रु. 23,37,822/-	31/10/2018
12	नितिन कुमार सिंह, नरेश कुमार सिंह, फ्लैट सं. 12, सेक्टर-32 पाई, ज्योति किरण सोसाइटी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश, खाता सं.: एलबीएनओडी00002366766	टॉवर टी5, 19वां तल, 1901, रुद्र ऐक्वा कसा, भूखण्ड सं. जीएच 05ए, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा	8 नवंबर 2019 रु. 22,09,598/-	31/01/2019
13	विनोद वत्स, चंचल वत्स, भूखण्ड सं. 2, शक्ति खण्ड 2, द्वितीय तल एसएफ 1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, खाता सं.: एलबीजीएचजेड00002427631	मकान सं. 101, प्रथम तल, टॉवर डी, अंतरिक्ष गोल्फ व्यू II, भूखण्ड सं. जीएच-04बी, सेक्टर-78, नोएडा, उत्तर प्रदेश	8 नवंबर 2019 रु. 17,81,779/-	30/04/2019
14	सोनू कुमार, शिव कुमार, टी 101, द्वितीय तल, बवीत नगर, दिल्ली, खाता सं.: एलबीएनओडी00002252451	जी/यूएच-801, 8वां तल, टॉवर-जी, अर्बन होम्स, शाहपुर, बमहेटा, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश	8 नवंबर 2019 रु. 14,75,317/-	31/01/2019
15	आरती पाठक, राम प्रकाश पाठक, एफ नं. 31, द्वितीय तल, ब्लॉक सी 09, पॉकेट-2, सेक्टर-34, रोहिणी, दिल्ली, खाता सं.: एलबीडीईएल00002364330	फ्लैट सं. 31, द्वितीय तल, डीडीए एलआईजी फ्लैट, पॉकेट 2, सेक्ट

राम मंदिर और अनुच्छेद 370 मुद्दे को कांग्रेस ने लटकाकर रखा: मोदी

झारखंड में पांच चरणों में हो रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार का पीएम ने किया आगाज

भाषा। डाल्टनगंज

गुमला में एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने देश में जम्मू-कश्मीर में लागू अनुच्छेद 370 और राम मंदिर जैसे मुद्दों को दशकों तक लटकाकर रखा जिससे समाज में दरारें पड़ीं और दीवारें बनीं, लेकिन उनकी सरकार ने अपने संकल्प के अनुसार न सिर्फ जम्मू-कश्मीर से 370 हटाकर वहां विकास का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि राम मंदिर बनाने का मार्ग भी प्रशस्त किया। झारखंड में पांच चरणों में हो रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार का आज यहां से आगाज करते हुए मोदी ने यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने राज्य की जनता से एक बार फिर स्थिर सरकार देने के लिए भाजपा को पूर्ण बहुमत देने का आग्रह करते हुए कहा, कांग्रेस और उसके साथी समस्याओं को टालने में विश्वास रखते हैं। वे समस्याओं को टालते रहते हैं और उनके नाम पर वोट बटोरते रहते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 का आजादी के सत्तर साल बाद तक लागू रहना और अयोध्या में राम मंदिर का विवाद लटकते रहना। यदि कांग्रेस चाहती तो इन मुद्दों का समाधान दशकों पहले किया जा सकता था। मोदी ने कहा, कांग्रेस ने सत्तर साल तक जम्मू-कश्मीर में 370 का मामला लटकाकर रखा। सोचिए जम्मू-कश्मीर में झारखंड सहित देश के विभिन्न हिस्सों के जवान सुरक्षा के लिए तैनात रहते हैं। शहादत देते हैं। इन सब के जिम्मेदार थे कांग्रेस और उसके सहयोगी दल। भाजपा ने आपसे इस समस्या के समाधान का वादा किया था और अपना वादा पूरा करके दिखाया है।

उन्होंने कहा, भगवान राम की जन्मभूमि का विवाद भी इन लोगों ने दशकों से लटकाया हुआ था। कांग्रेस अगर चाहती तो उसका समाधान निकाल सकती थी। लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। कांग्रेस ने अपने वोट बैंक की ही परवाह की। कांग्रेस की इस सोच से देश और समाज का नुकसान हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस की इस नीति से समाज में दरारें बनीं। दीवारें बनीं। भाजपा ने देश से वादा किया था कि इसका भी जल्द से जल्द समाधान निकालेंगे और यह सब काम हमने एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को पूरा करने के लिए किया। भारत एक हो, भारत श्रेष्ठ हो, जन-जन से जुड़ा हुआ हो। इसलिए एकता के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इसलिए देखिए आज राम-जन्मभूमि से जुड़ा विवाद हल हो चुका है। उन्होंने कहा, जब समस्या का समाधान होता है तो हर किसी को आनंद होता है। मोदी ने कहा कि भाजपा ने गरीबों, आदिवासियों, पिछड़ों, एक-एक व्यक्ति की मान मर्यादा, गरीबों के साथ न्याय भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता है। इसी सोच के चलते अटल बिहारी वाजपेई जी ने आदिवासी समाज को, पिछड़े समाज को झारखंड देने का काम किया। आज इसी वादे के चलते उन्होंने पहली बार अलग से जनजातीय मंत्रालय बनाया जिससे कि जंगलों में रहने वाले साथियों की समस्याओं का समाधान हो सके।

कार हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत, एक गंभीर घायल

धार (मध्यप्रदेश) (भाषा)। धार जिला मुख्यालय के पास इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर सोमवार को तेज रफ्तार से जा रही कार सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गई। दुर्घटना में कार सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

धार नगर पुलिस अधीक्षक संजीव मूले ने बताया, तेज रफ्तार से जा रही कार के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े डंपर से टकराने से आज दोपहर चार लोगों की मौत हो गई। कार चालक घायल गंभीर रूप से हो गया। ये सभी गुजरात के बडौदा के निवासी थे और एक ही परिवार के थे। उन्होंने कहा कि हादसे के वक्त ये लोग बडौदा से महाकाल के दर्शन करने उज्जैन (मध्यप्रदेश) जा रहे थे। मूले ने बताया कि मृतकों की पहचान प्रवीण (45), सुमित्रा (58), वर्षा (40) एवं अमिता (42) के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि गंभीर रूप से घायल कार चालक को धार के एक चिकित्सालय भर्ती किया गया है।

पवार, ठाकरे, मुंडे : महाराष्ट्र में नई नहीं है चाचा-भतीजे की लड़ाई

भाषा। नई दिल्ली

शरद पवार-अजित पवार, बाल ठाकरे-राज ठाकरे, गोपनीथ मुंडे-धनंजय मुंडे, ये इस बात के उदाहरण हैं कि महाराष्ट्र में राजनीतिक परिवारों में चाचा-भतीजे की लड़ाई कोई नई नहीं है। वर्तमान मामला पवार परिवार का है जहां चाचा-भतीजे की लड़ाई के चलते महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रम ने एक नया मोड़ ले लिया है। इसके चलते राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में काफी बेचैनी है। महाराष्ट्र में राकांपा से पहले शिवसेना और भाजपा भी चाचा-भतीजे की लड़ाई से दो-चार हो चुकी हैं।

गत शनिवार को अजित पवार पार्टी संरक्षक एवं अपने चाचा शरद पवार के विरुद्ध चले गए और भाजपा के साथ मिलकर राज्य के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली। उनकी बगावत और भाजपा को समर्थन देने के निर्णय ने न सिर्फ राकांपा को झकझोर कर रख दिया, बल्कि एक-दूसरे से करीब से जुड़े परिवार को भी हिला दिया। अपने भाई अनंत राव की मौत के बाद शरद पवार ने उनके बेटे अजित पवार को अपने संरक्षण में ले लिया था। अजित पवार ने 1991 में पहली बार बारामती से संसदीय चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। शरद पवार जब 1991 में पीवी नरसिंह राव सरकार में रक्षा मंत्री बने तो अजित ने यह सीट उन्हें दे दी। यह महज शुरुआत थी।

सात बार विधायक और पूर्व में उपमुख्यमंत्री रहे अजित पवार राकांपा प्रमुख के राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में देखे जाने लगे, लेकिन तनाव तब शुरू हुआ जब शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने राजनीति में प्रवेश किया। इसी तरह का विवाद ठाकरे परिवार में भी लगभग एक दशक पहले हुआ था। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच विवाद के चलते अंततः शिवसेना दो फाड़ हो गई। बाल ठाकरे ने भतीजे की तुलना में अपने बेटे उद्धव को तवज्जो दी और राज ठाकरे ने नई पार्टी बना ली। पवार और ठाकरे परिवार की तरह मुंडे परिवार में भी विवाद हुआ। वर्ष 2009 में जब ओबीसी नेता गोपीनाथ मुंडे बीड से विजई हुए तो ज्यादातर लोगों ने सोचा कि विधानसभा चुनाव में वह अपने भतीजे धनंजय मुंडे को उतारेंगे। लेकिन इसकी जगह उन्होंने अपनी बेटी पंकजा मुंडे को परली सीट से मैदान में उतारा। इससे चाचा-भतीजे के बीच मनभेद और गहरा गया तथा धनंजय मुंडे राकांपा में शामिल हो गए। बाद में वह विधान परिषद में नेता विपक्ष बने। गोपीनाथ मुंडे के निधन के बाद पारिवारिक प्रतिद्वंद्विता अकसर सुर्खियों में आती रही। 2014 में पंकजा मुंडे ने परली से अपने चचेरे भाई को हरा दिया। वहीं, 2019 में धनंजय मुडे ने बाजी पलटते हुए अपनी चचेरी बहन पंकजा को हरा दिया।

शरणार्थियों की कॉलोनियां नियमित करेगी ममता सरकार

तृणमूल कांग्रेस पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए भाजपा ने बोला हमला

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने सोमवार को ऐलान किया कि निजी और केंद्र सरकार की जमीन पर बसी शरणार्थियों की कॉलोनियों को नियमित करने की कोशिश की जाएगी। केंद्र की ओर से देशभर में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) प्रक्रिया कराने की घोषणा की पृष्ठभूमि में राज्य सरकार का यह निर्णय आया है। बनर्जी ने कहा कि विस्थापित लोगों को तृणमूल कांग्रेस सरकार भूमि का अधिकार देगी।

यह फैसला जाहिर तौर पर भाजपा को शिकस्त देने की कोशिश है, क्योंकि भगवा खेमा नागरिकता संशोधन विधेयक को पारित करा कर उसे भुनाने की कोशिश में लगा हुआ है। यह विधेयक संसद के इसी सत्र में पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने शरणार्थियों की कॉलोनियों को नियमित करने का निर्णय किया है, क्योंकि लंबा वक्त हो गया है। करीब 50 साल हो गए हैं। (मार्च) 1971 से, उन्हें जमीन का कब्जा नहीं मिला है। बनर्जी ने कैबिनेट की बैठक के बाद कहा कि राज्य सरकार सरकारी जमीन पर बसी शरणार्थियों की 94 कॉलोनियों को पहले नियमित कर चुकी है। बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार और निजी लोगों की जमीनों पर कई शरणार्थी कॉलोनियां हैं। हम लंबे वक्त से कह रहे हैं कि इन कॉलोनियों को नियमित किया जाए और लोगों को भूमि का कब्जा दिया जाए। बहरहाल, उन्हें जमीन खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार की जमीन पर क्रमशः 13,000 और 12,000 से ज्यादा परिवार रह रहे हैं। उन्हें इस फैसले से फायदा होगा। बनर्जी ने नया अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास आयोग गठित करने का भी फैसला किया। पश्चिम बंगाल में शरणार्थियों का एक तबका अनुसूचित जाति से संबंधित है।

बनर्जी एनआरसी और नागरिकता संशोधन विधेयक का विरोध कर रही हैं। उधर, बांग्लादेशी अवैध प्रवासियों को संरक्षण देने का तृणमूल पर आरोप लगाते हुए भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि राज्य में एनआरसी को लागू किया जाएगा।

माजेरहाट पुल का निर्माण समय से पूरा होने के लिए मंजूरी दें

ममता बनर्जी ने रेलवे से कहा

कोलकाता (भाषा)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को रेलवे से अपील की है कि वह इस साल दिसंबर तक माजेरहाट पुल का निर्माण पूरा करने के लिए जरूरी मंजूरी दे। समय से मंजूरी नहीं मिलने की वजह से राज्य सरकार पहले तय की गई समय सीमा के खत्म होने तक पुल का निर्माण नहीं करा सकी। रेल मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में बनर्जी ने गोयल से इस मामले में निजी तौर पर दखल देने की मांग की है ताकि तत्काल मंजूरी मिल पाए और अगले महीने तक पुल का निर्माण पूरा हो जाए। इस पुल के निर्माण के लिए पहले समय सीमा सितंबर तक थी। उन्होंने कहा, मैं आपसे इस मामले में निजी हस्तक्षेप का अनुरोध करती हूं और तत्काल मंजूरी के लिए कृपया संबंधित रेलवे अधिकारियों को योजना शुरू करने और रेलवे सुरक्षा आयोग संबंधी मंजूरी के लिए निर्देश दें। पिछले साल चार सितंबर को दक्षिणी कोलकाता में डायमंड हार्बर रोड के ऊपर बना 50 साल पुराना पुल गिर गया था, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी।

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को उच्च न्यायालय से सशर्त जमानत

आज रिहा होने की संभावना

भाषा। रांची

राज्य के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को चुनावों से पहले उच्च न्यायालय से उस समय बड़ी राहत मिली जब सोमवार को दो मामलों में उन्हें उच्च न्यायालय ने सशर्त जमानत दे दी। अब उनके कल जेल से रिहा होने की पूर्ण संभावना है। शर्तों के अनुसार बंधु उच्च न्यायालय की अनुमति के बिना विदेश नहीं जा सकते। अगर वह गवाहों को प्रभावित करते पाए गए तो जमानत रद्द की जा सकती है। जमानत मिलने के बाद बंधु तिर्की जेल से रिहा हो जाएंगे और ऐसी स्थिति में चुनाव प्रचार भी करेंगे। वह मांडर विधानसभा से झाविमो जेवीएम के प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ रहे हैं। यहां सात दिसंबर को मतदान होना है।

बंधु तिर्की के खिलाफ राष्ट्रीय खेल घोटाला और पत्थलगड़ी समर्थकों को भड़काने के संबंध में मामला दर्ज है। राष्ट्रीय खेल के आयोजन के दौरान वह खेल मंत्री थे। बंधु तिर्की पर एसीबी ने आरोप लगाया है कि मंत्री रहते उन्होंने गड़बड़ी रोकने के लिए कदम नहीं उठाए। पत्थलगड़ी मामले में उन पर विवादास्पद बयान देकर लोगों को भड़काने का आरोप है। उनपर पत्थलगड़ी का समर्थन करने का आरोप पुलिस ने लगाया है। बंधु तिर्की ने इन दोनों मामलों को गलत बताया और कहा कि उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश की गई है और प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच एजेंसियों को उनके खिलाफ कोई भी प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं मिला है। न्यायाधीश आर मुखोपाध्याय की पीठ ने पूर्व में दोनों मामले की केस डायरी मांगी थी। इसके बाद भी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सरक्षित रख लिया था। सोमवार को पीठ ने दोनों मामले में उन्हें जमानत प्रदान कर दी।

नई दिल्ली में वियतनाम के सेना प्रमुख ले.जन. पानवान गियांग को साउथ ब्लाक लॉन में गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया

व्यापमं पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी के दोषी 31 को जेल

भाषा। भोपाल

घोटालों के लिए चर्चित मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा 2013 में ली गई पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी एवं बेईमानी करने के लिए यहां सीबीआई की अदालत ने सोमवार को 31 लोगों को सात से 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इस घोटाले के मास्टरमाइंड को 10 साल कठोर कारावास की सजा मिली है, जबकि की दोषी करार दिए गए अन्य 30 आरोपियों को सात-सात साल कठोर कारावास की सजा दी गई है। यह पहली बार है, जब व्यापमं घोटाले में इतनी बड़ी तादात में लोगों को इतनी लंबी अवधि के लिए जेल की सजा दी गई है।

सीबीआई के विशेष लोकअभियोजक सतीश दिनकर ने बताया, व्यापमं द्वारा ली गई पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा, 2013 के मामले में आज सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एस बी साहू ने प्रदीप त्यागी (29) को 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाने के साथ-साथ 5,000 रूपए का जुर्माना भी लगाया। ? उन्होंने कहा कि अदालत ने उसे इस परीक्षा में हेराफेरी करने के लिए दोषी पाया। दिनकर ने बताया, जज साहू ने इस मामले में 30 अन्य लोगों को सात-सात साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है और उन पर तीन-तीन हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। उन्होंने कहा कि 21 नवंबर को अदालत ने व्यापमं द्वारा 2013 में ली गई पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी एवं बेईमानी करने के लिए इन 31 लोगों को दोषी करार ठहराया था और 25 नवंबर को सजा सुनाने की तिथि तय की थी। दिनकर ने बताया कि जिन लोगों को आज सजा सुनाई गई है, उनमें 12 बहुरूपिया (दूसरे के बदले परीक्षा देने वाले) और 7 दलाल (परीक्षार्थियों से पैसे लेकर पास करवाने वाले) शामिल हैं।

वायुसेना कमांडरों ने क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा की

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के शीर्ष कमांडरों ने भारत के पड़ोसी देशों में बदलते सुरक्षा परिदृश्य और वायु क्षेत्र में देश की ताकत और क्षमता मजबूत करने के तरीके पर सोमवार को विचार मंथन किया। अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। कमांडर अंतरिक्ष, साइबर, कृत्रिम मेधा और ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में वायुसेना की क्षमता पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर गहन चर्चा करेंगे।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में भारत के पड़ोसियों और अन्य देशों में बदलते सुरक्षा परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा होने की उम्मीद है। इस दौरान लघु एवं दीर्घकाल में वायुसेना की क्षमता मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। एक बयान में सिंह के हवाले से बताया गया, मैं भारतीय वायुसेना की उसके पेशेवर रवैए के लिए प्रशंसा करता हूं और सर्वाधिक सक्षम एवं लड़ाकू बल देने के लिए सभी वायुसैनिकों एवं उनके परिवार की सराहना करता हूं। दूसरे देशों की वायुसेना भी हमारी वायुसेना का सम्मान करती है जो हमारे साथ सहयोग और अभ्यास करना चाहती है। उन्होंने कहा, हम अपनी रक्षा क्षमताओं को घरेलू उत्पादन में बढ़ोतरी और सैन्य उपकरणों के आयात पर निर्भरता कम करके मजबूत कर रहे हैं। हमें स्वदेशी डिजाइन और विकास के अवसरों को भुनाना होगा और इस सिलसिले में मैं भारतीय वायुसेना के प्रयासों की सराहना करता हूं। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार भदौरिया ने कमांडरों को संबोधित करते हुए संचालन क्षमताओं को और बढ़ाने पर जोर दिया ताकि शत्रुओं के किसी भी दुस्साहस को रोका जा सके। उन्होंने आईएएफ को मजबूत लड़ाकू बल बनाने के लिए देखभाल क्षमताओं में बढ़ोतरी और नए सैन्य उपकरणों के अधिकतम इस्तेमाल की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने और विभिन्न बलों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए भारतीय सेना और भारतीय नौसेना के साथ संयुक्त प्रशिक्षण बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि वायुसेना की महत्वाकांक्षी आधुनिकीकरण योजना का शीघ्र क्रियान्वयन मुख्य प्राथमिकता होगा।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में बल की तत्परता एवं समग्र बुनियादी ढांचे में सुधार करने पर पिछले कुछ साल में मुख्य रूप से ध्यान दिया गया है। कमांडर इस बात पर भी चर्चा कर रहे हैं कि वायुसेना खासकर सामरिक भागीदारी मॉडल के तहत अधिग्रहणों के जरिए रक्षा विनिर्माण की देश की क्षमताओं को बढ़ाने के सरकार के प्रयासों में कैसे मदद कर सकता है।

जम्मू-कश्मीर में पहली बार आज संविधान दिवस मनाया जाएगा

जम्मू (भाषा)। जम्मू-कश्मीर अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने और वर्ष 1957 से लागू राज्य संविधान भंग होने के बाद पहली बार 26 नंवबर को भारत का संविधान अंगीकार करने की 70वीं सालगिरह मनाएगा।

जम्मू-कश्मीर के सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त सचिव सुभाष सी छिब्बर ने सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा, संविधान निर्माताओं के योगदान के प्रति आभार प्रकट करने और इसमें शामिल उत्कृष्ट मूल्यों और नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस वर्ष संविधान स्वीकार करने की 70वीं सालगिरह है।

उन्होंने कहा, सरकारी कार्यालय सहित सभी संस्थानों में सुबह 11 बजे संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा जाएगा और इसके बाद लोग मौलिक कर्तव्यों का अनुपालन करने की शपथ लेंगे।

सरकार ने भारत के सबसे बड़े रक्षा उपकरण आयातक होने की बात से किया इनकार

भाषा। नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को संसद में इस बात को स्वीकार करने से इंकार किया कि भारत रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा आयातक देश है तथा उसने कहा कि इस बारे में कोई प्रामाणिक एवं आधिकारिक सूचना नहीं है। रक्षा राज्य मंत्री श्रीपाद नाईक ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी देश रक्षा उपकरणों के आयात के बारे में आधिकारिक खुलासा नहीं करता। ऐसे में भारत के रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा आयातक देश होने के बारे में कोई प्रामाणिक एवं आधिकारिक सूचना नहीं है।

उन्होंने बताया कि 2016 में रक्षा खरीद प्रक्रिया की समीक्षा की गई थी और घरेलू रक्षा उद्योग के विकास को गति देने के लिए इसमें एक विशेष प्रावधान डाला गया था।मंत्री ने बताया कि इस मकसद से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति में भी समुचित संशोधन किया गया है।

एचएएल अपने हल्के लड़ाकू विमान के निर्यात के लिए कर रही बाजारों की तलाश

नई दिल्ली (भाषा)। भारत हिन्दुस्तान एयरोनॉटिकल लि. (एचएएल) द्वारा तैयार हल्के लड़ाकू विमान का निर्यात करने की स्थिति में है और इस संबंध में विदेशी बाजारों की तलाश की जा रही है। रक्षा राज्य मंत्री श्रीपाद नाईक ने सोमवार को एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, भारत हिन्दुस्तान एयरोनॉटिकल लि. द्वारा निर्मित हल्के लड़ाकू विमान का निर्यात करने की स्थिति में है। एचएएल ऐसे विदेशी बाजारों की तलाश की जा रही है जहां ऐसे अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि आयुध निर्माण बोर्ड (ओएफबी) के कारखानों को 100 प्रतिशत सरकारी स्वामित्व वाली सार्वनजिक क्षेत्र की इकाई में बदलने का प्रस्ताव है ताकि बोर्ड को वित्तीय स्वायत्तता और प्रबंधकीय लचीलापन प्रदान की जा सके। इससे श्रमिकों के हितों का भी संरक्षण हो सकेगा और संगठन तीव्र गति से प्रगति कर सकेगा। उन्होंने कहा कि ओएफबी के विभिन्न कर्मचारी संघों ने प्रस्तावित निगमीकरण के खिलाफ प्रतिवेदन दिया है।



चिकमंगलूर (कर्नाटक) में कॉफी डे के स्वामित्व वाली डॉर्क फॉरेस्ट फर्नीचर कंपनी के बंद होने के बाद बाहर खड़े कर्मचारी

डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा रोकने के मसौदा विधेयक में कई खामियां

● मंत्रालय ने समीक्षा को कहा

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय और विधि एवं न्याय मंत्रालय ने चिकित्सा पेशवरों के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से तैयार मसौदा विधेयक में अस्पष्टता और खामियों को रेखांकित करते हुए इसकी समीक्षा करने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय संसद के इसी सत्र में स्वास्थ्य सेवा पेशेवर और नैदानिक अधिष्ठान (हिंसा एवं सपंत्ति नुकसान निषेध) विधेयक-2019 को पेश करना चाहता है। इसमें ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों पर हमला करने वाले को 10 साल तक कारावास का प्रावधान किया गया है।

अंतर मंत्रालय चर्चा के दौरान पाया गया कि आम नियम है कि गैर जमानती अपराध की श्रेणी में तीन साल या इससे अधिक सजा का प्रावधान है जबकि प्रस्तावित विधेयक के अंतर्गत आने वाले अपराधों को संज्ञेय और गैर जमानती बनाया गया है लेकिन धारा 5(1) के तहत अपराध में न्यूनतम छह महीने की सजा का प्रावधान किया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि प्रस्तावित विधेयक की धारा 5(1) के तहत अपराध जमानती अपराध की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। प्रस्तावित मसौदा कानून की धारा-5 में अपराध और सजा का उल्लेख किया गया है। इसके मुताबिक चिकित्सा सेवा कर्मियों पर हमला करने या हिंसा के लिए भड़काने या अस्पताल की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने या इसके लिए उकसाने पर कम से कम छह महीने की सजा का प्रावधान है और इसे बढ़ाकर पांच साल तक किया जा सकता है। इसमें न्यूनतम 50,000 रुपए जुर्माने का प्रावधान है जिसे बढ़ाकर पांच लाख रुपए किया जा सकता है।

गृह मंत्रालय ने इंगित किया कि प्रस्तावित विधेयक में जांच अधिकारी उपाधीक्षक (डीएसपी) स्तर के पुलिस अधिकारी से नीचे नहीं होने की बात कही गई है। इस पर विचार किया जाना चाहिए क्योंकि जिलों में डीएसपी या इससे ऊपर स्तर के अधिकारियों की कमी है। विधि मंत्रालय ने सुझाव दिया कि प्रस्तावित मसौदा विधेयक की धारा (5) में सजा की कई श्रेणी बनाई गई है जो छह से 10 साल के बीच है और इससे इस धारा के तहत दर्ज मामलों की अदालतों में सुनवाई के दौरान परेशानी आएगी। इसलिए यह सुझाव दिया जाता है कि इस कानून के तहत अपराधों को विशेष अदालतों में सुनवाई योग्य बनाया जाए।

विधि मंत्रालय ने यह भी रेखांकित किया कि विधेयक में मामले की जांच और आरोप पत्र दाखिल करने की समय सीमा स्पष्ट नहीं है। इसलिए समयबद्ध जांच और 60 दिनों में आरोपपत्र दाखिल करने का प्रावधान शामिल किया जाना चाहिए। मंत्रालय ने कहा, समयसीमा के अभाव में मामला दर्ज होने के बावजूद आरोप पत्र दाखिल होने में देरी होगी और इससे कानून लाने का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। विधि मंत्रालय ने कहा कि इसी प्रकार प्रस्तावित कानून की धारा 9(1)(ट) में संपत्ति को हुए नुकसान का मुआवजा बाजार कीमत के आधार पर तय करने की बात कही गई है जो अस्पष्ट है और बहस के दौरान भ्रम पैदा होगा। इसलिए स्पष्ट एवं निश्चित मुआवजा प्रक्रिया का उल्लेख किया जाना चाहिए या अदालत पर इस मुद्दे को छोड़ देना चाहिए।

जम्मू में स्कूली बच्चे मुंबई में हुए 26/11 के आतंकी घटना की ग्यारवीं पुण्यतिथि पर प्रार्थना करते हुए

'विपक्षी विधायकों के भाजपा में आने का सिलसिला जारी रहेगा'

बेंगलुरु। भाजपा के खेमे में विपक्षी विधायकों के आने का सिलसिला जारी रहने का संकेत देते हुए कर्नाटक में पार्टी के महासचिव अरविंद लिंबावली ने सोमवार को दावा किया कि जद(एस) के कई विधायक उनके संपर्क में हैं और उन्होंने भाजपा में शामिल होने की इच्छा जताई है।

वरिष्ठ भाजपा विधायक और पांच दिसंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी के संयोजक ने कहा कि जद(एस) नेताओं के बयानों से संकेत मिले हैं कि राज्य में उपचुनावों के दौरान अगर भाजपा सरकार बहुमत के लिए जरूरी आंकड़ा पाने में असफल रहती है, तो इस स्थिति में वे सरकार को समर्थन देना चाहते हैं। कर्नाटक में जद(एस) विधायकों ने भाजपा में शामिल होने की इच्छा जताई है। लिंबावली ने कहा, जद(एस) नेता कह रहे हैं कि इस उपचुनाव में भाजपा हारेगी, वे बहुमत खो देंगे और ऐसी स्थिति में हम भाजपा का समर्थन करेंगे और सरकार को बचाएंगे। वह अपनी असुरक्षा को जाहिर कर रहे हैं। कई जद(एस) विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। चुनाव खत्म होने दीजिए, हम बता देंगे कि कितने हमारे साथ हैं। जिन जद (एस) नेताओं ने ए संकेत दिए हैं कि वे मध्यावधि चुनाव नहीं चाहते हैं, उन्होंने यह भी कहा है कि अगर भाजपा बहुमत खो देती है, तो उस सूरत में पार्टी की भूमिका के बारे में नौ दिसंबर के बाद निर्णय लिया जाएगा। उपचुनाव के परिणाम नौ दिसंबर को आएंगे। जिन 15 क्षेत्रों में विधानसभा उपचुनाव होने वाले हैं उनमें 12 पर कांग्रेस और तीन पर जद (एस) काबिज थे। अयोग्य ठहराए गए विधायकों की बगावत के कारण कुमारस्वामी के नेतृत्व में दोनों दलों की गठबंधन सरकार गिर गई थी। कुमारस्वामी की सरकार के गिरने के बाद सत्ता में आई भाजपा को अपना बहुमत बनाए रखने के लिए उपचुनाव में 15 में से कम से कम छह सीटें जीतने की जरूरत है।

शशिकला का पुनः प्रवेश रोकने के लिए अन्नाद्रमुक ने उपनियमों में बदलाव किया

चेन्नई। अन्नाद्रमुक ने पार्टी के संयोजक एवं उप संयोजक समेत अन्य पदों पर चुनाव लड़ने के लिए उपनियमों में बदलाव किया है और पार्टी के पदों के लिए चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम पांच साल की निर्बाध सदस्यता को जरूरी कर दिया है। आम परिषद और कार्यकारी समिति की रविवार को हुई बैठक में उपनियमों में यह बदलाव किया गया है। दिवंगत मुख्यमंत्री जे.जयललिता की करीबी सहयोगी वी के शशिकला या उनके रिश्तेदारों को पार्टी के पदों पर काबिज होने से रोकने की कोशिश है। शशिकला भ्रष्टाचार मामले में बेंगलुरु की जेल में सजा काट रही हैं। यह कदम उनकी रिहाई के बाद उन्हें पार्टी के पदों पर चुनाव लड़ने से उन्हें रोकने की कोशिश है। मुख्यमंत्री पलानीस्वामी और उपमुख्यमंत्री पनीरसेलवम के अगुवाई वाले गुटों के अगस्त 2017 में विलय के बाद उसी साल सितंबर में हुई पार्टी की आम परिषद की बैठक में शशिकला को अंतरिम महासचिव पद से हटा दिया गया था।

कश्मीर में सामान्य होती दिख रही है स्थिति

श्रीनगर। श्रीनगर में अधिकतर स्थानों पर सोमवार सुबह दुकानें खुली नजर आईं और पहले के मुकाबले सड़कों पर सार्वजनिक वाहन भी अधिक दिखे। अधिकारियों ने बताया कि लाल चौक और घाटी में कुछ स्थानों सहित शहर के कई इलाकों में दुकानें खुली। हालांकि जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा वापस लिए जाने के विरोध में दोपहर में इन्हें बंद कर दिया गया।

पहले की तुलना में सोमवार को सार्वजनिक वाहन सहित अंतर-जिला कैब, ऑटो-रिक्शा और मिनी बसें सड़कों पर अधिक नजर आईं। उन्होंने बताया कि अधिक निजी कारों के सड़कों पर निकलने से शहर में कई स्थानों पर जाम भी लगा। केन्द्र सरकार के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाने के निर्णय के करीब तीन महीने बाद कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर पिछले कुछ हफ्तों में स्थिति सामान्य होती दिख रही है।

हालांकि पिछले दुकानदारों और सार्वजनिक वाहन परिचालकों को धमकी देने वाले पोस्टर लगाए जाने के बाद बुधवार से बंद दोबारा शुरू हो गया। पुलिस ने बताया कि उन्होंने इन घटनाओं का संज्ञान लिया है और कई लोगों की गिरफ्तारी के बाद कई ऐसे संगठनों का भंडाफोड़ भी हुआ है।

वहीं पांच अगस्त को केन्द्र के जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा वापस लेने और उसे केन्द्र शासित प्रदेश बनाने की घोषणा करने के बाद से अभी तक यहां प्री-पेड मोबाइल फोन और सभी इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं श्रीनगर से मौजूदा लोकसभा सांसद फारुक अब्दुल्ला को अब भी विवादित लोक सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में रखा है। इस कानून को 1978 में अब्दुल्ला के पिता एवं नेशनल कांफ्रेंस के संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला ने मुख्यमंत्री रहते हुए लागू किया था।

अपराधी चुनाव लड़े या न लड़े, जल्द होगा तय

● सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से आदेश पारित करने को कहा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि आपराधिक रिकार्ड वाले व्यक्तियों को पार्टी टिकट देने से राजनीतिक दलों को रोकने के बारे में पेश प्रतिवेदन पर सुविचारित आदेश पारित करे। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका पर विचार करने से इंकार करते हुए यह आदेश दिया। उपाध्याय ने याचिका में निर्वाचन आयोग को ऐसी व्यवस्था करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था जिससे कि राजनीतिक दलों को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाए जाने से रोका जा सके।

पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम निर्वाचन आयोग को निर्देश देते हैं कि याचिकाकर्ता (उपाध्याय) के 22 जनवरी, 2019 के प्रतिवेदन पर तीन महीने के भीतर विचार करे और इस संबंध में विस्तृत आदेश पारित करे।

शीर्ष अदालत ने इसी तरह की एक अन्य जनहित याचिका का 21 जनवरी को निस्तारण करते हुए याचिकाकर्ता को निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने आयोग से भी कहा था कि इस बारे में उचित कदम उठाने के लिए याचिका को ही प्रतिवेदन माना जाए। उपाध्याय का आरोप था कि निर्वाचन आयोग ने कोई कार्वाई नहीं की और इसी वजह से उन्हें नई याचिका दायर करनी पड़ी। उपाध्याय ने याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का भी अनुरोध किया था कि वह राजनीतिक दलों को गंभीर अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों को उम्मीदवार बनाने से रोके।

एसो. ऑफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार भारत में राजनीति के अपराधीकरण में वृद्धि हुई है और 24 फीसदी सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। लोकसभा के 2009 के चुनावों में 7,810 प्रत्याशियों का विश्लेषण करने पर पता चला कि इनमें से 1,158 या 15 फीसदी ने अपराधिक मामलों की जानकारी दी थी। इन प्रत्याशियों में से 610 या आठ फीसदी के खिलाफ गंभीर अपराध के मामले दर्ज थे। इसी तरह, 2014 में 8,163 प्रत्याशियों में से 1398 ने अपराधिक मामलों की जानकारी दी थी और इसमें से 889 के खिलाफ गंभीर अपराध के मामले लंबित थे।

सेनाओं मे कार्यरत है 10 हजार से ज्यादा महिला अधिकारी

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार को संसद को सूचित किया कि तीनों सेनाओं में 10 हजार से अधिक महिला अधिकारी कार्यरत हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। एक जुलाई 2019 की स्थिति के अनुसार सेना में 6868 महिला अधिकारी हैं जबकि वायुसेना में एक नवंबर 2019 की स्थिति के अनुसार यह संख्या 2302 है। नौसेना में 15 नवंबर 2019 की स्थिति के अनुसार 1077 महिला अधिकारी कार्यरत हैं।

पटना में वेतन विसंगति और नियमितीकरण को लेकर प्रदर्शन करती हुई आशा कार्यकर्ता

घाटी के दौरे के बाद यशवंत सिन्हा ने कहा कश्मीर में स्थिति सामान्य नहीं

भाषा। श्रीनगर

पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा के नेतृत्व में नागरिक समाज के पांच सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को संपन्न हुई कश्मीर की अपनी चार दिवसीय यात्रा को बेहद सफल करार दिया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद घाटी में स्थिति सामान्य नहीं है। कंसर्न्ड सिटीजन ग्रुप (सीसीजी) नामक प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि घाटी के विभिन्न हिस्सों में उनकी गतिविधियों पर पुलिस द्वारा लगाई गई रोक जमीनी हकीकत को छिपाने के लिए सरकार की सोची-समझी चाल है।

प्रतिनिधिमंडल ने आगाह किया कि अगर केंद्र कश्मीर को लेकर अपने रवैए में बदलाव नहीं करता है तो स्थिति और बिगड़ जाएगी। सिन्हा ने भाषा से कहा, लोगों के विभिन्न समूहों से बात करने के बाद, मैं अपनी यात्रा के अंत में इस निष्कर्ष पर पहुंचा

हूं कि स्थिति सामान्य बिल्कुल नहीं है। सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के केंद्र सरकार के फैसले के चलते भारी मनोवैज्ञानिक समस्या पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि घाटी में भय का माहौल व्याप्त है।

पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के निवासियों ने केंद्र सरकार द्वारा इतने कठोर कदम उठाए जाने की उम्मीद नहीं की थी जिसके परिणामस्वरूप लोगों पर पाबंदी लगा दी गई है और अब यह संज्ञा शून्यता अत्यधिक डर में तब्दील हो गया है। सांसद फारूक अब्दुल्ला समेत मुख्यधारा के कई राजनेताओं को हिरासत में रखे जाने को लेकर पूछे जाने पर सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार ने ऐसा कर घाटी में महत्त्वपूर्ण आवाज को बंद करने का काम किया है, जिससे एक खालीपन पैदा हो गया है, जिसके चलते लोगों की शिकायतें सुनने, उन्हें सामने रखने वाला कोई नहीं है। एक राजनीतिक प्रतिनिधि अब्दुल्ला की हिरासत को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और दर्दनाक करार दिया।

सिन्हा ने कहा, उन्होंने एक महत्वपूर्ण आवाज को बंद कर दिया है और उन्होंने एक खालीपन पैदा कर दिया है। इस पर बात करने वाला कोई नहीं है। जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे के निरस्तीकरण के बाद घाटी की अपनी पहली यात्रा पर शुक्रवार को यहां पहुंचे समूह ने सोमवार दोपहर दिल्ली रवाना होने से पहले अपनी यात्रा के दौरान कई प्रतिनिधिमंडलों और व्यक्तियों से मुलाकात की।

कारपोरेट कर दरों में कमी से 1,45,000 करोड़ रुपए की राजस्व हानि होने के आसार

नई दिल्ली। सरकार ने बताया कि वित्त वर्ष 2019-20 के लिए कारपोरेट कर दरों में कमी के चलते 1,45,000 करोड़ रूपए की राजस्व हानि होने के आसार हैं। लोकसभा में नुसरत जहां रूही के प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कारपोरेट कर में कटौती के जरिए दिए गए प्रोत्साहनों से अर्थव्यवस्था में जल्द प्रभाव होने का अनुमान है। भारत में नए निवेश से न केवल नई नौकरियां सृजित होने का अनुमान है बल्कि इससे आय में भी बढ़ोत्तरी होगी और फलस्वरूप मध्यम से दीर्घकाल में कर संग्रहण में वृद्धि होगी। यह पूछे जाने पर कारपोरेट कर में कटौती करने के कारण सालाना कितने राजस्व का नुकसान होगा, अनुराग ठाकुर ने कहा, वित्त वर्ष 2019-20 के लिए कारपोरेट कर दरों में कमी के फलस्वरूप 1,45,000 करोड़ रूपए की राजस्व क्षति होने का अनुमान है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है : निशंक

नई दिल्ली। मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने लोस में कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा, नवोन्मेष और अनुसंधान के संबंध में आबादी की जरूरतों के बदलते आयामों को पूरा करने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई जा रही है जिसे अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है। पोखरियाल ने प्रश्नकाल में वी गीता विश्वनाथ और वी एन बोरलाकुंटा के प्रश्नों के लिखित उत्तर में कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य भारत को ज्ञान के क्षेत्र में महाशक्ति बनाना है। डॉ के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा तैयार किया जिसे मंत्रालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक प्रतिक्रियाओं के लिए डाला गया था। मंत्रालयों, राज्य सरकारों समेत सभी पक्षों से सुझाव या टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं। पोखरियाल ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

सीबीएसई के राजस्व में कमी आई, सरकार से कोई सहायता नहीं मांगी

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार को स्वीकार किया कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के गठन के बाद सीबीएसई के राजस्व में कमी आई है और उसने सरकार से अभी तक कोई वित्तीय सहायता नहीं मांगी है। मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल ने लोकसभा में प्रश्नकाल में बताया कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के गठन के बाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के राजस्व में कमी आई है। जयदेव गल्ला के प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सीबीएसई, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत एक स्व-वित्तपोषी संस्था है और उसे भारत सरकार से कोई आर्थिक अनुदान नहीं मिलता। पोखरियाल ने कहा कि सीबीएसई ने अभी तक भारत सरकार से कोई आर्थिक मदद नहीं मांगी है।

फर्जी आयुष्मान कार्ड जारी करने के आरोप में छह गिरफ्तार, तीन फरार

राजकोट। आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के तहत फर्जी स्वास्थ्य कार्ड जारी करने के आरोप में राजकोट में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने राजकोट के एक सरकारी स्कूल में एक शिविर का आयोजन करके फर्जी कार्ड जारी किए और प्रत्एक व्यक्ति से 700 रुपए शुल्क लिए। गुप्त सूचना के आधार पर राजकोट नगर निगम के स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष जैमीन ठकर ने संबंधित स्थल पर छापा मारा और पुलिस को फोन किया। राजकोट के पुलिस आयुक्त मनोज अग्रवाल ने कहा, आरोपी प्रत्एक व्यक्ति से इस कार्ड के लिए 700 रुपए ले रहे थे और भरूच के एक सरकारी डॉक्टर केशव कुमार के लॉगइन और पासवर्ड का इस्तेमाल कर रहे थे। तीन आरोपी फरार हैं और इसकी जांच के लिए विशेष ऑपरेशन ग्रुप टीम का गठन किया गया है।

तमिलनाडु के पास मुल्लापेरियार बांध का पूर्ण नियंत्रण बना रहेगा : शेखावत

भाषा। नई दिल्ली

जलशक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत ने सोमवार को कहा कि तमिलनाडु सरकार के पास मुल्लापेरियार बांध के नियमित संचालन और रखरखाव का पूर्ण नियंत्रण बना रहेगा तथा बांध सुरक्षा विधेयक 2019 मौजूदा प्रबंधों में बदलाव नहीं करेगा। मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शेखावत ने राज्य के मत्स्य पालन मंत्री डी जयकुमार के नेतृत्व में आए तमिलनाडु के मंत्रियों और अन्नाद्रमुक सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि विधेयक बांध के स्वामित्व, संचालन और रखरखाव तथा तमिलनाडु के जल अधिकार संबंधी मौजूदा प्रबंधों में बदलाव नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र 2010 के विधेयक के प्रावधानों में संशोधन को लेकर राज्य की वास्तविक चिंता के चलते संवेदनशील रहा है और वर्तमान विधेयक के तहत मुल्लापेरियार बांध या तमिलनाडु के किसी अन्य जलाशय पर केरल राज्य बांध सुरक्षा संगठन का कोई क्षेत्राधिकार नहीं होगा। मंत्री ने तमिलनाडु के प्रतिनिधिमंडल को बताया कि उन्होंने 21 नवंबर को लोकसभा को सूचित किया था कि उच्चतम न्यायालय की अधिकार प्राप्त समिति के अनुसार मुल्लापेरियार बांध सुरक्षित है।

उन्होंने केरल से भी आग्रह किया था कि वह बांध के रोजाना के रखरखाव कार्य के लिए तमिलनाडु सरकार को बिजली, सड़क के जरिए पहुंच और अन्य सुविधाएं मुहैया कराने में सहयोग करे। इससे पहले तमिलनाडु के प्रतिनिधिमंडल ने चिंता जताई थी कि विधेयक से मुल्लापेरियार बांध तथा केरल में तमिलनाडु के अन्य ऐसे बांधों का स्वामित्व और नियंत्रण प्रभावित होगा।

हावड़ा में भाजपा कार्यकर्ता डेंगू के खिलाफ नगर निगम कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करते हुए

लोकतंत्र की पराजय

महाराष्ट्र में जनादेश से खिलवाड़

भारतीय लोकतंत्र अब मजाक व सोशल मीडिया पर हास्य का विषय बन गया है। भारत की वित्तीय राजधानी में यह कार्पोरेट षडयंत्र तथा बालीवुड की पटकथा जैसा हो गया है। जनता के जनादेश से खिलवाड़ हुआ है। लोकतंत्र अब विकृत या 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' जैसा हो गया है। दलबदल विरोधी संवैधानिक प्राविधान का हमारी चेतना में कोई स्थान नहीं बचा है। राजनेता वर्ग में विचारधारा के बजाय समझौता नया ब्रांड बन गया है। शासन अब नया बाजार बन गया है जहां महत्वाकांक्षायें नंगे रूप में सामने आती हैं। भाजपा के नए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस एक समय सिंचाई घोटाले में व्हिसिलब्लोअर थे जिसमें रांकापा नेता अजीत पवार संलिप्त थे, पर अब उसने स्थिर सरकार के लिए उनसे हाथ मिला लिया है। राज्यपाल की नैतिकता पर क्या कहा जाए जिन्होंने बिना समर्थन पत्रों की जांच के सरकार बनवा दी? कौन सोच सकता था कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाने हेतु प्रयासरत 54 रांकापा विधायक फडनवीस का समर्थन करने लगेंगे? कौन विश्वास करेगा कि कद्दावर व वरिष्ठ रांकापा नेता शरद पवार बिल्कुल निरपराध हैं? भाजपा-शिवसेना गठबंधन को चुनावी परंपरा के अनुसार विजय मिली, पर यह शिवसेना की मुख्यमंत्री महत्वाकांक्षा के कारण ध्वस्त हो गया। विपक्षी कांग्रेस-रांकापा ने वैचारिक सीमा तोड़ कर महाराष्ट्र को एक और चुनाव से बचाने के नाम पर शिवसेना से साझा कर लिया। हर पक्ष पालाबदल को उचित ठहरा रहा है, पर मतदाता इससे चकराए हुए हैं जो पारिवारिक युद्धों, विभाजन, महत्वाकांक्षाओं व छाया युद्धों की असलियत नहीं

समझ पा रहे हैं।

सभी पार्टियां लेन-देन की इस राजनीति में लाभ उठाना चाहती हैं। विपक्षी पार्टियां तोड़ने की कला में माहिर भाजपा अन्ततः संख्याबल पाने में सफल हुई है। कर्नाटक, गोवा और अरुणाचल के बाद उसने गणित को ही एकमात्र नैतिकता बना लिया है। सर्जिकल स्ट्राइक की शैली में राज्यों पर कब्जा करने का अर्थ यह है कि वह एक पार्टी और एकरूपता का वर्चस्व स्थापित करना चाहती है। उसने जनता को विश्वास दिला दिया है कि उसकी बेशर्मी भी एक शातिर चाल है। मुख्यमंत्री पद की जिद करने वाली शिवसेना को समझ लेना चाहिए कि वह आक्रामक भाजपा से निपट रही है। बाल ठाकरे की तुलना में उद्धव ठाकरे नरमपंथी लगते हैं तथा अपने विधायकों को शिकारियों से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा की आक्रामकता से बचने के लिए कांग्रेस वैचारिक झिझक छोड़ कर शिवसेना का समर्थन कर रही है, हालांकि यह उसके स्वभाव के उलट है। आजकल देश की सारी गड़बड़ियों का दोषारोपण कांग्रेस पर हो रहा है, ऐसे में यह राष्ट्रीय पार्टी बने रहते हुए लालची राज्य पार्टी बनने से बचना चाहती है। एक विश्लेषक का कहना है कि सबसे स्मार्ट मराठा क्षत्रप रहे हैं जो अपने 'पावर प्ले' से आगे बढ़ रहे हैं? प्रधानमंत्री मोदी से उनकी मुलाकात और संसद में मोदी द्वारा उनकी प्रशंसा से कई अनुमान लगाए गए। परिवार में चाहे जो मतभेद या विरासत की स्थिति रही हो, पर भतीजे अजित पवार इस तरह का विद्रोह करने में सक्षम नहीं लगते थे। क्या पवार वास्तव में अजित द्वारा पीड़ित की तरह स्वयं को पेश कर रहे हैं और यह सारा खेल उन्होंने ही तैयार किया है? यदि ऐसा हो भी तो भाजपा-विरोधी रास्ते पर चलने वाली उनकी पार्टी अपनी राजनीति चमक खो चुकी है। हालांकि, इससे उनके परिवार, अजित तथा बेटी सुप्रिया को लाभ होगा। जहां तक मोदी-शाह जोड़ी का सवाल है उसने सवेरे के अखबारों को गलत सिद्ध कर नई हेडलाइन पैदा कर दी है।

नगालैंड में राजनीतिक परिवर्तन संभव

सरकार ने जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्य को दो केन्द्रशासित क्षेत्रों में बांटने का निर्णय किया जिससे जनता में गुस्सा है। आशंका है कि नगालैंड में भी ऐसे अलोकतांत्रिक राजनीतिक तरीके अपनाए जा सकते हैं।

अशोक के मेहता
लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

20 नवंबर को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में घोषणा की कि 100 से अधिक दिन बीत जाने के बाद जम्मू कश्मीर में स्थिति 'सामान्य' है तथा अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद से एक भी गोली नहीं चली है और एक भी मौत नहीं हुई है। लेकिन सामान्य स्थिति का यह दावा इसके अगले ही दिन पूर्ण बंदी के कारण निरर्थक हो गया। शाह को समझ लेना चाहिए कि हिंसा की अनुपस्थिति को शांति समझने की गलती नहीं करनी चाहिए। क्षेत्र में बंदी उठाई नहीं गई है, राजनेता और एक्टिविस्ट अब भी हिरासत में हैं तथा इंटरनेट व सेल फोन सेवायें पूर्ण या आंशिक रूप से बंद हैं। ऐसे में शायद सामान्य स्थिति का उत्सव मनाना बहुत जल्दी होगी।

अब पिछले महीने की घटनाओं पर गौर करें। 31 अक्टूबर को अनेक कारणों से याद किया जाएगा। यह अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्य को दो केन्द्रशासित क्षेत्रों-जम्मू व कश्मीर तथा लद्दाख में बदलने की समयसीमा थी। भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि देश में कहीं एक पूर्ण राज्य को दो केन्द्रशासित क्षेत्रों तक सीमित कर दिया गया और जहां सुरक्षा का प्रबंधन केन्द्रीय स्तर पर किया जाएगा। दो उप-राज्यपालों को उसी दिन शपथ दिलाई गई जो सरदार पटेल की 144वीं जन्म जयंती है। यह इंदिरा गांधी की 35वीं पुण्य तिथि भी थी, हालांकि यह एक संयोग है लेकिन इसके गहरे अर्थ भी हैं।

अगस्त, 2017 में नगालैंड फ्रेमवर्क एग्रीमेंट होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर को नगा पहचान का मुद्दा निर्धारित करने की अंतिम तिथि तय की थी। जम्मू कश्मीर की तरह यहां भी कथित रूप से अलोकतांत्रिक तरीके जारी हैं ताकि नगालैंड में भारत की सबसे पुरानी व सभी विद्रोहों की जनक समस्या का राजनीतिक समाधान किया जा सके।

विडंबना है कि नेशनलिस्ट सोशलिस्ट कौंसिल आफ नगालैंड इसाक-मोइवा या एनएससीएन आई-एम ने अलग झंडे व संविधान की मांग की है, जबकि जम्मू कश्मीर में दोनों को समाप्त किया गया है। इस मांग से उत्तर-पूर्वी राज्यों में हलचल पैदा हुई थी जो संविधान के अनुच्छेद 371 के अंतर्गत विशेष दर्जा प्राप्त हैं। पाकिस्तान और चीन जैसे विरोधियों के लिए दो मोर्चे खोलना कभी बुद्धिमानी भरा विकल्प नहीं था जो अवसरों की तलाश में हैं।

हालांकि, सरकार जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने तथा उसे भारतीय संघ में पूर्णतः समाहित करने का अपना दीर्घकालीन राष्ट्रीय एजेंडा प्राप्त करने पर खुश हो सकती है। लेकिन उसने इसके दीर्घकालीन परिणामों के बारे में नहीं सोचा था जैसा कि समयपूर्व स्वयं को धन्यवाद देने से स्पष्ट है। इस राजनीतिक सर्जरी का उद्देश्य आतंकवाद, भ्रष्टाचार व वंशवादी शासन समाप्त कर जम्मू कश्मीर को विकास के रास्ते पर लाना है। सरकार को लगता है कि ये बुराइयां विशेष दर्जे के परिणामस्वरूप थीं। जम्मू कश्मीर में बंदी 100 से अधिक हो गई है, जबकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय वहां मानवाधिकार बहाली की मांग कर रही है जिनसे जनता को वंचित किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी सरकार से नियंत्रणों में ढील देने की एक योजना 10 नवंबर तक पेश करने को कहा है।

अनुच्छेद 370 तथा जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 संबंधित संवैधानिक मुद्दों पर 14 नवंबर को दूसरी बार सुनवाई होनी थी, पर अब इसे 14 दिसंबर की नई तारीख दी गई है। 4 अक्टूबर को हुई पहली सुनवाई में संविधान पीठ ने जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के स्थगन पर 31 अक्टूबर तक अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया था। उसने कहा था कि 'हम हमेशा घड़ी को पीछे ले जा सकते हैं।'

ऐसे में मजबूत कार्यपालिका और विधायिका के समक्ष न्याययपालिका की स्वतंत्रता का परीक्षण है। कश्मीर में बिजनेस व व्यापार ठहर गया है। कश्मीर चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष शेख आशिक के अनुसार बिजनेस को 10,000 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। लेकिन कश्मीर की अर्थव्यवस्था को हुआ कुल नुकसान इसका दूना है।

पुराने नेतृत्व का स्थान लेने के लिए दिल्ली युवा व नए राजनीतिक कारकों को तैयार कर रही थी जिनमें से अधिकांश को अमित शाह ने पसंद किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्लाक डेवलपमेंट कौंसिल-बीडीसी चुनावों को महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक कदम बताया था, पर ऐसा कुछ नहीं था। 31 अक्टूबर के पहले हुए चुनाव भारतीय पंचायती कानून के बजाय जम्मू कश्मीर पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत हुए थे, इसलिए ये चुनाव परोक्ष तथा 'प्रबंधित' थे। निर्वाचित पंचों व सरपंचों ने अपने बीच से ब्लाक कौंसिलों का अध्यक्ष चुने थे। अनेक निर्वाचित पंचों को उनके क्षेत्रों से लाकर श्रीनगर के होटलों में रखा गया था। ये चुनाव फर्जी थे क्योंकि पंचों व सरपंचों की 60 प्रतिशत सीटें खाली थीं तथा विजेताओं का चुनाव निर्विरोध हुआ था।

भाजपा को छोड़ कर सभी राजनेता हिरासत में थे। इसके बावजूद निर्दलीय उम्मीदवारों ने अधिकांश सीटों पर विजय पाई। इसका उद्देश्य ऐसा राजनीतिक वर्ग तैयार करना था जिसकी निष्ठा नई दिल्ली के प्रति हो और इसमें मुख्यतः जम्मू के लोग शामिल थे। विधान परिषद समाप्त करने के बाद विधानसभा की सीटें 83 से बढ़ा कर 90 की गईं जिनमें से 24 पाक अधिकृत कश्मीर के लिए थीं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि परिसीमन कौन करेगा, भारत का निर्वाचन आयोग या परिसीमन समिति। जनसंख्या संरचना में परिवर्तन के कोई प्रयास अत्यधिक खतरनाक होंगे।

जम्मू कश्मीर के नए उप राज्यपाल जी.सी. मुर्मू ने कहा है कि चुनाव जल्द होंगे। नई दिल्ली से रिमोट कंट्रोल द्वारा श्रीनगर का संचालन आसान नहीं होगा क्योंकि कश्मीरियों की पीढ़ियां दशकों से आधात का सामना कर रही हैं। विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की 11 सदस्यों वाली टीम ने कश्मीर का दौरा कर कहा था कि 'क्षेत्र में मनोवैज्ञानिक तनाव में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।' पिछले सप्ताह दिल्ली में 'इम्प्रिजन्ड रेजिस्टेंस: फिफ्थ अगस्त एंड इट्स आफ्टरमैथ' शीर्षक से रिपोर्ट जारी की गई। जब कश्मीरियों से उनकी पहचान छीन ली गई है तो ऐसे में कोई सार्थक राजनीतिक पहुंच संभव नहीं है। सेना ने सालों में उनके दिल-दिमाग जीते थे, पर अब वे खो गए हैं।

तीन सुरक्षा मुद्दों से अन्य मुद्दे पैदा होंगे। इनमें वर्तमान अलगाव है जो विरोध में बदल गया है, उग्रवादीकरण व इस्लामीकरण बढ़ गया है तथा वर्तमान समय में बंदी के कारण घरेलू व सीमापार से आने वाला आतंकवाद कमजोर है। कश्मीरी अपना विशेष दर्जा खोने के बजाय अपनी भूमि को केन्द्रशासित क्षेत्र के रूप में बदल कर पतित करने से ज्यादा नाराज हैं। उनकी पहचान के प्रति अपमान स्थाई है और वह राज्य का दर्जा बहाल होने पर भी बना रहेगा। व्यापक रूप से स्वतःस्फूर्त नागरिक नाफरमानी आंदोलन ज्यादा उग्रवादी नौजवान पैदा करेगा जो सड़कों पर हिंसा करेंगे तथा उग्रवादियों की कतारों में शामिल हो जाएंगे। अगली गर्मियों तक नए विद्रोह की रूपरेखा स्पष्ट हो जाएगी। अतीत के उलट अब कश्मीरी सुरक्षा बलों के बजाय उग्रवादियों का ज्यादा समर्थन करेंगे।

अल्पकालीन रूप से देखें तो नवंबर के अंत तक दर्रे बंद होने तथा पूरे क्षेत्र में बर्फ पड़ने के बाद विद्रोहियों को गांवों व कस्बों में शरण लेनी पड़ेगी। बंदी के कारण सुरक्षा बलों के आपरेशनों में आई कमी के कारण विद्रोह-विरोधी गतिविधियों में भी कमी आई है तथा खुफिया संजाल काफी कमजोर हुआ है।

घाटी में सैनिकों का घनत्व 2001-02 के 'आपरेशन पराक्रम' के बाद सबसे अधिक है, जब लगभग 2000 आतंकी मारे गए थे। पाकिस्तान फाइनेंसियल एक्शन टास्क फोर्स-एफएटीएफ के भय से कम सक्रिय है जो फरवरी, 2020 में आतंकी फाइनेंसिंग बंद करने पर उसकी कार्रवाइयों की समीक्षा करेगा। पाकिस्तान ने पुलवामा व वास्तव में मुंबई के बाद एक भी बड़ा हमला नहीं किया है। लेकिन घाटी में 250-300 आतंकी, उग्रवादी बने नौजवान व सक्रिय चरमपंथी सुरक्षा बलों को लंबे समय तक व्यस्त रखेंगे। जब मोदी देश-विदेश में कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने तथा कश्मीर को दूध व शहद की भूमि बनाने का भ्रम पैदा करते हैं तो निष्पक्ष कश्मीरियों को भी धक्का लगता है। इससे नतीजा निकलता है कि 'हम अन्य तरीकों का प्रयोग कर विफल हुए हैं, इसलिए अब अनुच्छेद 370 समाप्त करने को एक अवसर दिया जाना चाहिए।'

कश्मीर में भावनात्मक जुड़ाव को अब पीछे छोड़ दिया गया है। इसके साथ ही विशेष दर्जा प्राप्त उत्तर-पूर्वी राज्य भी असहज अनुभव कर रहे हैं। ऐसे में अमित शाह के लिए यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना उचित होगा।

भर्ती प्रणाली में कृत्रिम बुद्धि का प्रयोग

कुणाल गुप्ता
(लेखक एक प्रतिभा सलाहकार कम्पनी के महानिदेशक हैं)

बीते वर्षों में, भर्ती उद्योग के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती थी आवेदकों का मनुष्यों द्वारा मूल्यांकन व परीक्षण किया जाना। अब कृत्रिम बुद्धि यथार्थ बन चुकी है और भर्ती के मामले उसका इस्तेमाल तेजी से होने लगा है। जल्द ही, अंतहीन रिज्यूम एवं कवरिंग लेटर्स पढ़ने, फिर साक्षात्कार लेने के बजाए अभ्यर्थियों का मूल्यांकन कृत्रिम बुद्धि पद्धति से होगा। नौकरी हेतु आवेदनकर्ताओं की जांच अब एलगोरिथम्स व अभ्यासों के द्वारा की जाएगी, जिसमें समस्या समाधान कौशल से लेकर सृजनात्मकता तक का परीक्षण किया जाएगा और यह भी कि वे तनाव में कैसे व किस प्रकार प्रतिक्रिया करते हैं। इन सबके बल पर मानव संसाधन पेशेवरों को कम से कम संभव समय में, निम्न लागत निष्कर्ष के साथ सही अभ्यर्थी तक पहुंचने की क्षमता प्राप्त होगी।

एक हालिया अध्ययन के मुताबिक, प्रतिभा संकलन अगुवाओं का कहना है कि भर्ती का सबसे कठिन हिस्सा है आवेदकों के विशाल समूह में से सही अभ्यर्थी की पहचान करना। जबकि 56 प्रतिशत का कहना है कि इस वर्ष उनका आकार बढ़ेगा, 66 प्रतिशत भर्ती टीमें उतने ही आकार अथवा संविदा पर कायम रहेंगी। इसका अर्थ है कि भर्तीकर्ताओं को कम संसाधनों के बल पर और अधिक करने का लक्ष्य प्रदान किया जा रहा है। बिजनेस नेतृत्व ऐसे लोगों को साथ लाने की तलाश में है अथवा मानव संसाधन प्रबंधकों को तेजी से बढ़ते रोजगार समाधानों पर विचार करना होगा जो कृत्रिम बुद्धि से संवर्धित की सुविधा मुहैया कराते हैं। यह किसी भी कम्पनी के लिए अहम है कि वह केवल कर्मचारी ही न रखे बल्कि सर्वाधिक योग्य व्यक्ति को भर्ती करे।

आज के बिजनेस माहौल में, फर्स्ट मूवर लाभ वाली कम्पनियां आमतौर से मार्ग का नेतृत्व करती हैं और जल्द ही, भारत में प्रतिभा संकलन में व्यापक बदलाव नजर आएगा। अतः, उद्योग में होने वाले उच्चीकरण के साथ चलने के लिए, मानव संसाधन पेशेवरों को कृत्रिम बुद्धि क्रांति का हिस्सा बनना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के कई लाभ हैं। कृत्रिम बुद्धि संवर्धित मानव संसाधन समाधान उद्योग की रीढ़ बनते जा रहे हैं, खासकर उन कम्पनियों के लिए जिन्हें अल्प समयावधि में हजारों की संख्या में कर्मचारियों की भर्ती करनी होती है। कृत्रिम बुद्धि पर आधारित भर्ती प्रणाली, किसी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप के बगैर, किसी विशेष कौशल समुच्चय की तलाश करते हुए अभ्यर्थियों का मूल्यांकन एवं परीक्षण अधिक सुव्यवस्थित ढंग से करने में सक्षम है। इसके पास किसी सेवा आवेदनकर्ता के निष्पादन का निष्कर्ष निकालने के लिए एलगोरिथमिक शक्ति होती है। यह वास्तविक समय आधार पर आनलाइन साक्षात्कारों

को भी ट्रैक कर सकती है और यदि कोई आवेदनकर्ता को किसी क्षेत्र विशेष में कठिनाइयां महसूस होती हैं, तो कृत्रिम बुद्धि यह जानने के लिए बार-बार वही सवाल पूछती है कि अभ्यर्थी दबाव में कैसे प्रतिक्रिया करती है। भर्ती करने वाले को सिर्फ एक काम करना होता है और वह है कृत्रिम बुद्धि के साथ काम करने एवं भर्ती प्रणाली द्वारा साक्षात्कार के लिए भर्ती से पूर्व ई-मेल भेजे जाने से पहले एक डाटाबेस मुहैया कराना। कृत्रिम बुद्धि भर्ती प्रणालियां यह सुनिश्चित करने के लिए भर्तीकर्ता की दक्षता को जबर्दस्त तरीके से सुधारने के लिए प्रारूपित की जाती हैं कि कम्पनियां श्रेष्ठ अभ्यर्थी को खोने न पाएं और वे ही साक्षात्कार के लिए चयनित होने वालों में प्रथम हों। आज बिजनेस नेतृत्व सदैव उन लोगों की तलाश में रहता है जो उसकी तलाश के अनुरूप निर्धारित किए गए कौशल समुच्चय में फिट बैठते हों और भर्तीकर्ताओं पर ऐसे अभ्यर्थी लाने के लिए जबर्दस्त दबाव होता है जो प्रबंधन की इच्छाओं को पूर्ण कर सकें। कृत्रिम बुद्धि से संवर्धित भर्ती प्रक्रिया भर्तीकर्ताओं को सही कम्पनी के साथ सही कर्मचारी का मेल बिठाने में मददगार होती है। साथ ही, कृत्रिम बुद्धि भर्ती साफ्टवेयर कम कीमत पर समाधान देता है जिससे कि प्रति व्यक्ति कम्पनी की लागत कम हो सके। कम्पनियों को कृत्रिम बुद्धि प्रणाली में एक बार निवेश करना होता है, भर्ती एजेंसियों की लागत के विपरीत जो प्रति कर्मचारी के हिसाब से कम्पनियों से पैसा लेती हैं। हालांकि, कृत्रिम बुद्धि का पूर्ण क्षमता के साथ प्रयोग करने के समक्ष बहुत सी चुनौतियां विद्यमान हैं।

पहली है, पर्याप्तता, क्योंकि कृत्रिम बुद्धि पारिस्थितिकीय तंत्र, उसके अति महत्वपूर्ण उपक्षेत्र, मशीन विद्या की तरह अभी भी बहुत छोटा है। अच्छी प्रतिभा को पाना और शामिल करना कठिन होता है। इसके समाधान का सरल तरीका है एक एजेंसी को किराए पर काम देना जिसमें अत्यधिक कुशल पेशेवर हों जो कृत्रिम बुद्धि तकनीकों से परिचित हों और जो मानव संसाधन टीम को निश्चित अंतरालों पर प्रशिक्षण देते रहें। आत्मसात न करना एक बड़ा जोखिम है। दुनिया में और खासकर बिजनेस में कोई भी चुनौती, कृत्रिम बुद्धि के लिए अवसर होता है। कृत्रिम बुद्धि अपनाने के लिए धैर्य तथा सीखने की इच्छा होना जरूरी है और यह प्रक्रिया जटिल तथा लंबी होगी, अतः फर्मों को अब से शुरुआत करने की आवश्यकता है। कृत्रिम बुद्धि द्वारा भर्ती किए जाने वाले आवेदकों के विकास एवं क्रियान्वयन में समझने योग्य विलंबना इस शुरुआती अवस्था में, कई लक्षणों से परिपूर्ण होती है जो भर्ती प्रक्रिया में लाए जाते हैं वे अभी भी लागू किए जाने बाकी हैं।

हर नई कम्प्यूटिंग तकनीक की तरह, कृत्रिम बुद्धि को अभी लंबी दूरी तय करनी है और कुछ गंभीर सरोकार हैं जिन्हें संबोधित किए जाने की आवश्यकता है। जैसा कि स्वाभाविक है, कृत्रिम बुद्धि का आविश्कार मानव कार्यबल का स्थान लेने के लिए हुआ था और यदि इसे बड़े पैमाने पर अपना लिया जाता है तो भारी बेरोजगारी पैदा होगी। इस बारे में कोई संदेह नहीं कि कृत्रिम बुद्धि के प्रयोग से कार्य संस्कृति व उत्पादकता बढ़ेगी। लेकिन इससे अधिकांश क्षेत्रों में आर्थिक असंतुलन भी पैदा होगा। दूसरी बड़ी चिन्ता निजता को लेकर है, जैसा कि हमने विभिन्न कृत्रिम बुद्धि संबंधी विभिन्न मंचों जैसे फेसबुक व वाट्सएप के संदर्भ में देखा है। इसलिए कृत्रिम बुद्धि स्वीकार करने पर संगठनों को अपने कर्मचारियों तथा संभावित कर्मचारियों की निजता संरक्षण पर भी विचार करना होगा।

कुल मिला कर कहें तो कृत्रिम बुद्धि बहुत नया व बिना खोज वाला क्षेत्र है। इसके बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए व्यापक ढांचागत विकास की आवश्यकता होगी। इसके बाद ही इसका व्यापक प्रयोग संभव होगा।

आप की बात

आओ खेलें सरकार-सरकार

आखिर वही हुआ जिसका अंदेशा था। महाराष्ट्र में भाजपा और एनसीपी के बागी अजीत पवार ने चोरी चोरी सरकार बना ली। विडम्बना देखिए कि इस सियासी ड्रामे में चाल, चरित्र और चिंतन की बात करने वाली भाजपा ने देश को चौंकाते हुए रातोरात राष्ट्रपति शासन हटवाकर राज्यपाल के बहाने फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाया व अजित पवार को डिप्टी सीएम लेकिन सवाल है कि जिस दागदार पवार को जेल में होना चाहिए था उसे सरकारी मेहमान बनाकर भाजपा क्या संदेश देना चाह रही है? बिना अध्यक्ष (शरद पवार) के हस्ताक्षर के विधायकों ने अजीत पवार के संग युक्ति कैसे बना ली? क्या मौजूदा राजनीति से मूल नैतिकता सिद्धांत और विचारधारा का लोप हो गया है? जनादेश की अवहेलना यू-टर्न पालिटिक्स की शर्त बनते जा रही है। हार्स-ट्रेडिंग और पावर का दुरुपयोग लोकतंत्र एवं संसदीय परम्परा के लिए अशुभ संकेत है। यह ठीक है कि महीने भर की खींचतान से ऊबकर भाजपा ने साइकोलॉजिकल वार किया है और वह इस मास्टर -स्ट्राइक में विजेता रही लेकिन अगर फ्लोर टेस्ट में मामला बिगड़ता है या सर्वोच्च अदालत मौजूदा सरकार के विपरीत संविधान सम्मत फैसला देती है तो क्या होगा?

– **हर्षवर्धन कुमार,** पटना

नागरिकता संशोधन बिल

मोदी सरकार ने नागरिकता कानून में संशोधन प्रस्तावित किया है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आने वाले अथवा, भगाए जाने वाले हिन्दुओं, बौद्धों, सिक्खों, ईसाईयों, जैनों तथा पारसियों को शरणार्थी मानकर भारत में नागरिकता दी जाए। जबकि मुस्लिमों को घुसपैठिये मानकर निकाला जाए। इस बिल को सांप्रदायिक कहा जा रहा है, पर यह संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी संहिता तथा भारतीय संविधान की सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई व्याख्या के अनुरूप है। यूएनओ ने 1952 में कहा कि अपने विश्वास/धर्म के कारण उत्पीड़न का शिकार होकर अपना देश छोड़कर किसी अन्य देश में अपने जान-माल-धर्म को बचाने के लिए शरण लेने वाला व्यक्ति शरणार्थी कहलायेगा, और सभी देशों को उसे अपनाना ही होगा। 2005 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि घुसपैठियों को कोई मूलभूत नागरिक अधिकार, जिसमे जीवन जीने का अधिकार भी है, नहीं दिया जा सकता, जबकि शरणार्थी तमाम नागरिक अधिकारों का हकदार है। मुस्लिमों को किसी प्रकार के धार्मिक उत्पीड़न का सामना पाक, बांग्लादेश वअफगानिस्तान में नहीं करना पड़ता। अतः वे भारत में शरणार्थी के रूप में नहीं, बल्कि घुसपैठिये बनकर आते हैं, इसलिए निकाले जाने योग्य हैं।

– **पूनम मित्तल**, मोहनपुरी, मेरठ

प्रतिभाओं का पलायन

एक समय था जब भारत में तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय थे, जहां की शिक्षा पद्धति पूरी धरा के लिए एक उदाहरण के तौर पर गिनी जाती थी। अर्थात प्राचीन काल में भी हमारे पूर्वजों को यह ज्ञात था की प्रतिभाओं का सम्मान एवं ज्ञान को सहेजने के लिए शिक्षा केंद्रों का होना एवं उनकी गुणवत्ता पर आर्थिक खर्च करना कितना जरूरी है। उस समय भारत की प्रतिभा का पलायन तो दूर पूरी दुनिया के विद्वान, दार्शनिक इन विश्वविद्यालयों में आकर वर्षो तक शोध करते थे। परन्तु आज स्थिति विपरीत एवं दुखद है हाल ही में आयी इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट की रिपोर्ट में 63 देशों की सूची में भारत 59वें पायदान पर है। आईएमडी के मुताबिक भारत में जीवन की गुणवत्ता और प्रतिभा पलायन जैसे मुद्दों पर बहुत कम कार्य हुए हैं। विश्व टैलेंट रैंकिंग तीन प्रमुख श्रेणियों में किए गए प्रदर्शन को आधार बनाकर तैयार की जाती है। इनमें निवेश व विकास, आकर्षण और तैयारी शामिल है। टैलेंट सहेजने के मामले में पुनः स्विट्जरलैंड प्रथम स्थान बनाए रखने में सफल रहा है।

– **अभिनव दीक्षित,** उन्नाव

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

फरमाया

सरकार अगले पांच वर्ष तक काम करेगी तथा शिवाजी महाराज व अंबेडकर के सपने पूरे करेगी। मोदी हैं तो मुमकिन है।

– **देवेंद्र फडनवीस**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

मैं समझता हूं कि अब चुनावों की जरूरत ही नहीं रह गई है। यह महाराष्ट्र पर सर्जिकल स्ट्राइक है। जनता इसका बदला लेगी।

– **उद्धव ठाकरे**
शिवसेना सुप्रीमो

पहले मैं सोचता था कि महाराष्ट्र में दूसरी पार्टी की सरकार बनेगी। लेकिन अब लगता है कि जिसका गवर्नर होगा, सरकार भी उसकी होगी।

– **अखिलेश यादव**
उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

संविधान दिवस पर विधानमंडल का विशेष सत्र आज

● राज्यपाल के अभिभाषण से होगी सत्र की शुरुआत

● संविधान की उद्देशिका व निहित मूल कर्तव्यों पर होगी चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

संविधान दिवस के मौके पर विधानमण्डल का विशेष सत्र कल शुरू होगा। चौबीस घंटे के इस विशेष सत्र की शुरूआत राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के संयुक्त सत्र को सम्बोधन के साथ होगी और फिर विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही अलग-अलग होगी। विशेष सत्र को बुलाने के पीछे सरकार का मकसद भारतीय संविधान की उद्देशिका तथा संविधान में निहित मूल कर्तव्यों के विषय में जन-जागरूकता लाया जाना है। राज्यपाल बनने के बाद पहला मौका होगा जब आनंदी बेन पटेल विधानमंडल को सम्बोधित करेगी।

विधान मंडल के इस विशेष सत्र में विपक्षी दलों के भी हिस्सा लेने का फैसला लिया है। इसके पहले विगत दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की 150 वीं जयन्ती पर विधानमण्डल की 36 घंटे की अनवरत बैठक हुई थी। जिसका सपा, बसपा और कांग्रेस ने उसका बहिष्कार किया था। सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी का कहना है कि उनकी पार्टी संविधान दिवस पर आयोजित होने वाले विशेष सत्र में हिस्सा लेगी। ऐसे की कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने भी कहा कि उनका दल भी इस विशेष सत्र में भाग लेगा और सरकार को संवैधानिक मूल्यों का आईना दिखाएगा। सत्र के दौरान संविधान की प्रस्तावना और मौलिक कर्तव्यों तथा संविधान के शिल्पी डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के सिद्धांतों पर व्यापक चर्चा होगी।

इस विशेष सत्र के मद्देनजर आज विधानसभा अध्यक्ष ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस विशेष सत्र का दूरदर्शन से सीधा प्रसारण किया जाएगा। विधानमंडल के विशेष सत्र में संविधान की उद्देशिका तथा मूल उद्देश्यों पर केंद्रित निर्बाध चर्चा की जाएगी।

संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आहूत सदन के विशेष सत्र की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विधान भवन में सुरक्षा समिति की बैठक हुई। विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य सचिव गृह एवं अन्य अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए सचिवालय एवं सभा परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

श्री दीक्षित ने बताया की संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आहूत सदन के विशेष सत्र को ग्यारह बजे दोनों सदनों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होगा। उनके अभिभाषण के बाद 12 बजे से संविधान दिवस पर राज्यपाल को धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा। इसी संसदीय कार्यमंत्री द्वारा संविधान को अंगीकार किये जाने की 70 वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान की उद्देशिका में अंतर्निहित तत्वों एवं संवैधानिक मूल कर्तव्यों तथा संविधान के महान वास्तुकार डॉ. बीआर आम्बेडकर के सिद्धांतों पर चर्चा का प्रस्ताव रखा जायेगा।

कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं समाजवादी पार्टी के उप मुख्य सचेतक शैलेन्द्र यादव ललई, बहुजन समाज पार्टी के नेता लाल जी वर्मा, कांगेस पार्टी की नेता आराधना मिश्रा मोना, अपना दल सोनेलाल के नेता नील रतन पटेल एवं सुहेलदेव पार्टी के नेता ओम प्रकाश राजभर सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

जन समस्याओं के निराकरण में न हो कोताही: केशव मौर्य

● उपमुख्यमंत्री ने सुनीं जनता की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जनसमस्याओं को प्रमुख से निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकाताओं में से है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर के अधिकारी इस बात पर विशेष ध्यान दें कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यह निर्देश सोमवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित जन सुनवाई के दौरान दिए। सोमवार को 7 कालीदास मार्ग कैम्प कार्यालय पर प्रदेश के दूरदराज जिलों से आए विभिन्न लोगों की समस्याओं को उनसे सीधे संवाद करते हुये उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गम्भीरता पूर्वक सुना। तत्पश्चात संबंधित अधिकारियों को समस्याओं को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण के निर्देश दिए और कहा कि समस्याओं का निराकरण त्वरित गति से किया जाए। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए ताकि किसी फरियादी को दुबारा उस समस्या के निदान हेतु परेशान न होना पड़े।

श्री मौर्य ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन की मन्शा को समझें और सरकार की प्राथमिकताओं व जन आकांक्षाओं के अनुरूप अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। जन समस्याओं के निराकरण मे किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता किसी भी दशा मे क्षम्य नहीं होगी। जनता दर्शन में आवास आवंटन, चिकित्सा सुविधा, भूमि विवाद, आदि से सम्बन्धित विभिन्न मामले आये।

ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों को मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं

● बेसिक शिक्षामंत्री ने मांगो पर दिया शिक्षकों को यथोचित विचार करने का आश्वासन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डा सतीश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं जैसे- ब्लैक-बोर्ड, बालक-बालिका हेतु शौचालय, स्वच्छ पेयजल सुविधा, फर्नीचर, विद्युतीकरण, चहारदीवारी आदि कार्य ऑपरेशन कायाकल्प योजनान्तर्गत प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। इसी प्रकार नगर क्षेत्र के विद्यालयों को भी मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनका निराकरण कराया जायेगा।

बेसिक शिक्षा निदेशालय स्थित सभाकक्ष में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान डॉ. द्विवेदी ने कहा कि सभी विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, शिक्षकों के अवकाश सुविधा, विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के विकास, शिक्षकों की वेतन विसंगति को दूर कराये जाने, शिक्षकों के अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण आदि के सम्बन्ध में बेहतर व्यवस्था बनाये जाने हेतु सतत् प्रयास करते हुए कार्यवाही करायी जा रही है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षा प्रदान की जाये, इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों द्वारा 1 अप्रैल 2005 से पूर्व लागू पुरानी पेन्शन व्यवस्था बहाल किये जाने, अध्यापकों की पदोन्नति, विद्यालयों में मूलभूत सुविधा, विद्यालय में लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति, प्रेरणा एप प्रणाली, विद्यालयों का संविलियन, शिक्षकों का अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण, वेतन विसंगति, एसीपी एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा, अध्यापकों के अवकाश, आवासीय सुविधा सहित अन्य बिन्दुओं का मांगपत्र प्रस्तुत किया गया, जिस पर विस्तार में चर्चा करते हुए मंत्री ने यथोचित कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनन्द, सचिव बेसिक शिक्षा मनीषा त्रिघटिया, शिक्षा निदेशक बेसिक सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह, सचिव बेसिक शिक्षा परिषद रूबी सिंह एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा, ओपी शर्मा, भगत राजराम त्रिपाठी सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

संविधान दिवस पर आज से कांग्रेस शुरू करेगी लेक्चर सिरीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी एक लेक्चर सिरीज शुरू करने जा रही है। इस कड़ी में 26 नवंबर को शाम चार बजे से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की अध्यक्षता में पार्टी मुख्यालय में 'संविधान दिवस एक परिचर्चा' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस के प्रवक्ता राजीव त्यागी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश, जिला व शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों और समस्त कांग्रेसजनों को भारतीय संविधान, कांग्रेस का इतिहास, संवैधानिक मूल्यों और देश के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक मुद्दों से अवगत कराना है। कार्यक्रम में कई बुद्धिजीवी एवं संविधान विशेषज्ञगण सम्मिलित होंगे।

संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार

● सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी विधायकों के साथ तैयार की रणनीति, कहा विशेष सत्र में जनसमस्याओं पर चर्चा के साथ संविधान की गरिमा बनाई रखी जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा सरकार संविधान की मूल भावना के साथ ही खिलवाड़ कर रही है और अपने स्वार्थ साधन में इसके प्राविधानों का इस्तेमाल कर रही है। भाजपा धुंध की सरकार है। अखिलेश ने यह बात सोमवार को पार्टी मुख्यालय में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहीं। बैठक के शुभारंभ पर अखिलेश ने नवनिर्वाचित विधायकों की जीत के लिए मतदाताओं को बधाई दी। विशेष कर रामपुर की जनता और सांसद मोहम्मद आजम खां को बधाई दी जहां प्रशासन सत्तारूढ़ दल की मदद में था। उन्होंने कहा कि मंगलवार को संविधान दिवस पर विधान मण्डल के विशेष सत्र में जनसमस्याओं पर चर्चा के साथ संविधान की गरिमा बनाए रखने और उस पर होने वाले हमलों पर भी चर्चा की जानी चाहिए। संविधान की प्रस्तावना भी सदन में पढ़ी जानी चाहिए। संविधान में नागरिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय की जो व्यवस्थाएं थीं, उनका क्या हुआ? जब भाजपा सरकार में कारपोरेट हावी हैं तो समाजवादी व्यवस्था का क्या होगा? लोकतंत्र पर संकट की आज जो स्थिति है, उसे भाजपा ने पैदा किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनहित में कोई काम नहीं किया है। यह भ्रष्टतम और बेईमानी की सरकार है। इसके समय सब विकास कार्य रूके हुए हैं। भाजपा सरकार में घोटालों की फेहरिश्त लम्बी है। बैंक डूब रहे हैं। कम्पनियों का दिवाला पिट रहा है। 12 मिलियन डालर भारत का विदेश चला गया। किसानों के जीवन में कोई बदलाव नहीं आया है। गन्ना, धान, आलू किसानों की बदहाली पर सरकार का ध्यान नहीं। नौजवानों के लिए नौकरियां नहीं हैं। शिक्षा, चिकित्सा मंहगी होती जा रही है। मंहगाई बढ़ी है। बेरोजगारी की बीमारी पर अंकुश नहीं।

श्री यादव ने कहा कि किसानों की आय कहां दुगनी हुई, एक करोड़ नौकरियों के वादे का क्या हुआ, गड्ढा मुक्त सड़कें कहां हैं, इनका बजट कहां गया, भाजपा सरकार को इन सवालों का जवाब देना ही होगा।

नरैनी में खुलेगी नई रिपोर्टिंग पुलिस चौकी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा अपराधों पर प्रभावी अंकुश के लिए फतेहपुर जिले के थाना किशनपुर अन्तर्गत ग्राम नरैनी में रिपोर्टिंग पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की शासन ने स्वीकृति प्रदान की है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि रिपोर्टिंग चौकी स्थापित होने से महिलाओं और जन सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि उक्त नवीन रिपोर्टिंग पुलिस चौकी में जनशक्ति और पदों के सृजन के संबंध में अलग से निर्देश जारी किए जाएंगे।

रमाला मिल ने अब तक किया 22000 कुंतल चीनी का उत्पादन

● साथ ही 90 मेगावाट से अधिक बिजली का निर्यात पावरग्रिड को किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेढ के प्रधान प्रबन्धक (तकनीकी) विनोद कुमार ने बताया कि नव निर्मित सहकारी चीनी मिल रमाला का प्रथम ट्रायल सत्र 2019- 20 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा परियोजना के लोकार्पण करने के पश्चात संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा अभी तक तीन लाख कुन्तल से अधिक गन्ने की पेराई करते हुए अबतक कुल 22000 कुन्तल चीनी का उत्पादन किया जा चुका है। उन्होंने बताया इसके साथ ही सोमवार तक मिल की पावर टरबाईन द्वारा 90 मेगावाट से अधिक बिजली का निर्यात पावरग्रिड को किया जा चुका है तथा शेष बिजली का उपयोग मिल संचालन हेतु किया गया है । मिल ट्रायल के वर्ष में मिल को पूर्ण क्षमता पर चलाये जाने से पूर्व तकनीकी रूप से धीमे-धीमे पेराई क्षमता को बढ़ाया जाता है । तकनीकी सलाह के अनुसार ही चीनी मिल प्रतिदिन औसतन 3000 टीसीडी की दर से पेराई कर रही है । टायल सत्र में पावर टरबाईन में प्रारम्भिक समस्या का निदान विशेषज्ञों द्वारा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मिल द्वारा संचालन के पश्चात अब तक तकनीकी रूप से जो मानक प्राप्त किए जा रहे हैं उससे ज्ञात होता है कि यह मिल तकनीकी रूप से अपनी पूर्ण क्षमता पर पेराई का लक्ष्य अधिकतम 10-12 दिन में प्राप्त कर लेगी।

आंबेडकर के तर्कों पर ही राष्ट्रध्वज में अशोक चक्र किया गया शामिल: निर्मल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय संविधान लोकतंत्र की सबसे पवित्र पुस्तक है। यह उद्गार सोमवार को डॉ आंबेडकर महासभा द्वारा आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष डॉ लालजी प्रसाद निर्मल ने व्यक्त किये।

डॉ निर्मल ने कहा कि भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर ही थे। उन्होंने कहा कि 30 अगस्त 1947 को संविधान की प्रारूप समिति गठित हुई थी, जिसमें अल्लादि कृष्णा स्वामी अय्यर, एन गोपाल स्वामी आयंगर, केएम मुंशी, सैय्यद मुहम्मद शादुल्ला, वीएन मूर्ति, डीपी खेतान और डॉ बीआर आंबेडकर सम्मिलित थे। डा निर्मल ने कहा कि बाबा साहेब डॉ आंबेडकर संविधान सभा की राष्ट्र ध्वज समिति के भी सदस्य थे। अशोक चक्र और चरखा पर जब बहस हो रही थी उस समय डॉ आंबेडकर ने सारनाथ के अशोक चक्र की व्यावहारिकता, दार्शनिकता, कलात्मकता और श्रेष्ठता पर अपने सर्वोच्चतम विचार व्यक्त किये और इस समिति ने डॉ, आंबेडकर के तर्कों को स्वीकार करते हुए 22 जुलाई 1947 को राष्ट्र ध्वज के लिए अशोक चक्र को स्वीकार किया। डॉ बाबा साहेब आंबेडकर संविधान सभा की मूलभूत अधिकार समिति के भी सदस्य थे। डॉ आंबेडकर ने संविधान की प्रत्येक धारा को संविधान सभा की बहसों में विद्वतापूर्ण तरीके से तथा व्यापक कारण बताते हुए प्रस्तुत किया। संशोधनों को स्वीकार अथवा अस्वीकार किया। उन्होंने अपनी योग्यता को प्रदर्शित करते हुए सदस्यों के सुझावों पर विचार किया, आलोचनाओं का उत्तर दिया और जहां पर आवश्यक समझा वहां संशोधनों को रद्द कर दिया।

महराजगंज में बनेगा पहला गिद्ध संरक्षण केंद्र

● वन्यजीव अनुसंधान संगठन व बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी संयुक्त रूप से करेगी काम: सुनील पांडेय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश सरकार विलुप्तप्राय गिद्धों के संरक्षण और उनकी आबादी बढ़ाने के लिए महाराजगंज की फरेंदा तहसील के भारी-वैसी गांव में प्रदेश का पहला 'जटायु संरक्षण और प्रजनन केंद्र' स्थापित किया जाएगा। 5 हेक्टेयर में स्थापित होने वाला यह केंद्र हरियाणा के पिंजौर में स्थापित देश के पहले जटायु संरक्षण और प्रजनन केंद्र की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। यह जानकारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव सुनील पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि इस केंद्र की स्थापना वन्यजीव अनुसंधान संगठन और बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से की जायेगी। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) ने इस केंद्र की डीपीआर तैयार की है। उन्होंने कहा कि कैंपा योजना के तहत धन की व्यवस्था के लिए डीपीआर भेजी गई है। सर्वेक्षण का काम करीब 60 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। श्री पांडे ने कहा कि महाराजगंज वन प्रभाग के मधवलिया रेंज में अगस्त माह में 100 से अधिक गिद्ध देखे गए थे। प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित गो सदन के निकट भी यह झुंड दिखा था। उन्होंने बताया कि गौ सदन में निर्वासित पशु रखे जाते हैं जो वृद्ध होने के कारण जल्द ही मर जाते हैं। उन्होंने बताया मृत निर्वासित पशुओं के मिलने से यहां गिद्धों का दिखना स्वभाविक हैए इसीलिए भारी वैसी गांव का चयन किया गया है। श्री पांडेय ने बताया कि वर्ष 2013-14 की गणना के अनुसार 13 जिलों में लगभग 900 गिद्ध पाए गए थे।

सीमा विस्तार में सुविधाओं पर ध्यान नहीं: डॉ. मसूद

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मसूद अहमद ने कहा कि सभी महानगरों में नगर निगम अपना क्षेत्र विस्तार करता जा रहा है परन्तु नागरिक सुविधाओं की ओर ध्यान नहीं देता। क्षेत्र विस्तार के द्वारा जिन गांवों को नगर निगम सीमा में जोड़ा जाता है, वहां के निवासियों का गृहकर, जलकर, सीवरकर आदि टैक्सों के साथ ही रेस्टोरेंट अथवा नर्सिंग होम एवं दुकान चलाने वालों का लाइसेंस शुल्क अनिवार्य हो जाता है। लखनऊ नगर निगम में भी 88 गांवों को जोड़ने का मसौदा पुन: तैयार हो गया है और कैबिनैट बैठक के बाद लागू हो जायेगा। डॉ. अहमद ने कहा कि इससे पूर्व भी जितना क्षेत्र लखनऊ नगर निगम सीमा में शामिल किया गया था वहां पर आज तक भी सड़क नाली खड़ंजा आदि की सुविधाएं तो दूर की बात है सफाईकर्मी तक का पता नहीं है और टैक्स वसूली लगातार जारी है। नगर आयुक्त से लेकर नगर विकास मंत्री तक नागरिकों की कोई चिंता नहीं करते हैं।

भारत बचाओ महारैली को सफल बनाने को महिला कांग्रेस ने की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में प्रस्तावित भारत बचाओ महारैली को सफल बनाने और अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश महिला कांग्रेस की मध्य एवं दक्षिण जोन की पदाधिकारियों की बैठक हुई। प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू और प्रभारी महिला कांग्रेस शबाना खण्डेलवाल मौजूद रहीं।

प्रदेश अध्यक्ष लल्लू ने संवाद, संघर्ष और सम्पर्क बनाए रखने के लिए महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों से आवाहन किया और संगठन की मजबूती बनाने की अपील की। महिला कांग्रेस प्रभारी शबाना खण्डेलवाल ने कहा कि सभी महिलाओं को ब्लाक से लेकर बूथ तक संगठन को मजबूत बनाने का आवाहन किया। इसके साथ ही महारैली में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए भी आवाहन किया। बैठक में प्रमुख रूप से महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सहप्रभारी नंदिता हुड्डा, विद्या नेगी, मध्य जाने की अध्यक्ष ममता चौधरी, दक्षिण जोने की अध्यक्ष प्रतिभा अटल पाल, सुशीला शर्मा, शालिनी सिंह, गजाला सिद्दीकी, कमला सिसौदिया, दीपिका कपूर और शबनम आदि मौजूद रहीं।

बांदा में छह साल की बच्ची से रेप की घटना की निंदा

लखनऊ। प्रदेश के बांदा जिले में छह साल की बच्ची के साथ हुए बलात्कार की घटना की महिला कांग्रेस ने कड़ी निंदा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महिला सुरक्षा की दिशा में कड़े कदम उठाने का आह्वान किया है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता उमाशंकर पांडेय ने बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव अप्सरा रेड्डी ने कहा कि एक छह साल की बच्ची जो रेप को समझने की उम्र में भी नहीं है उसके साथ हुई ये भयावह घटना भाजपा सरकार के खोखले वादों का आइना है। बेटी बचाओ का नारा लगाने वाले बेटियों को एक सुरक्षित माहौल देने में नाकाम हैं। न्याय की लड़ाईमें महिला कांग्रेस इस परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से और उत्तर प्रदेश पुलिस से पूरी दृढ़ता से मांग रखते हैं कि दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई हो और इस बच्ची की तरह प्रदेश में हजारों बच्चे जो हिंसा और बलात्कार का शिकार होते हैं उन्हें न्याय से वंचित न रखा जाए।

प्रदेश सरकार के खिलाफ कांग्रेस आज निकालेगी इंकलाब मार्च

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं और किसानों पर अत्याचार किए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध स्वरूप कांग्रेस की ओर से 26 नवंबर को पार्टी मुख्यालय से विधानभवन तक इंकलाब मार्च निकाला जाएगा। अपरान्ह एक बजे से निकलने वाले इस मार्च का नेतृत्व युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश वर्मा और किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी करेंगे।

विस अध्यक्ष ने सपा विधायकों को दिलाई शपथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विधानसभा उप चुनाव में सपा के नवनिर्वाचति विधायक सुभाष राय तथा गौरव रावत को आज विधानसभा अध्यक्ष हदय नारायण दीक्षित ने शपथ दिलाई। इससे पहले दोनों विधायकों ने विधानभवन स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर जाकर नमन किया। गौरतलब है कि अम्बेडकर नगर की जलालपुर सीट से सुभाष राय तथा बाराबंकी की जैदपुर सीट से गौरव रावत विधानसभा उप चुनाव में निर्वाचित हुये हैं।

एबीवीपी अधिवेशन में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लोकतंत्र और न्यापालिका की ताकत से पांच सौ सालों का अयोध्या विवाद 45 मिनट में खत्म

आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को आगरा में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 65वें राष्ट्रीय अधिवेशन में पहुंचे। उन्होंने महाराष्ट्र के युवा समाजसेवी सागर रेड्डी को प्राध्यापक यशवंत केलकर युवा पुरस्कार दिया। रेड्डी को यह सम्मान अनाथ बच्चों की देखरेख और उनके संरक्षण के लिए दिया गया है। सीएम योगी ने कहा जो लोग हमें कमजोर करना चाहते हैंए उन्होंने जाति, क्षेत्र, धर्म और मजहब का सहारा लिया। वह कहते थे धारा 370 हट जाएगी तो यह हो जाएगा लेकिन एक तिनका नहीं हिला। अभाविप ने कश्मीर की धारा 370 को खत्म करने का प्रयास किया। योगी ने कहा अमित शाह और मोदी ने धारा 370 को हटाया। मैं इन दोनों को महापुरुष मानते हुए नमन करता हूं। देश

की कीमत पर राजनीती नहीं होनी चाहिए। कहा अयोध्या में बेकार में 500 बर्षो से चला आ रहा था। जिसको सुप्रीम कोर्ट ने 45 मिनट में खत्म कर दिया। यह न्याय पालिका की ताकत है। इस पर जो कहते थे खून की नदियां बहेंगी, एक मच्छर भी नहीं मरा। यह देश के लोकतंत्र और न्याय पालिका की ताकत है।

सीएम ने कहा भारत देश और दुनिया के समक्ष शांति का संदेश देने में सक्षम, लेकिन अगर दुश्मन देश की सीमा पर हमला करेगा तो उसका मुंहतोड़ जबाब देने में भारत सक्षम है। सीएम ने कहा. पूर्व पीएम अटल जी की स्मृति में 18 आवासीय विद्यालय बनाए जा रहे हैं। एक.एक विद्यालय 10.10 एकड़ में होगाए जिसमें अनाथ और निर्धन बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। खेल में भी आगे बढाया जाएगा। सीएम ने कहा. छात्र शक्ति राष्ट्र शक्ति है। जिसे आगे बढ़ने के लिए एबीवीपी ने प्रेरित किया और अवसर दिया। जिसके बाद छात्र शक्ति ने पूरे दुनिया मे खुद का लोहा मनवाया। लेकिन कुछ लोग भारत की इस ऊर्जा को हतोत्साहित करना चाहते हैंए उनका चिन्हीकरण करना होगा। उसके बाद रणनीति तय करना होगा। तभी भारत परम वैभव तक जाएगा। एबीवीपी का राष्ट्रीय अधिवेशन आगरा में 22 नवंबर को शुरू हुआ था। आज इसका समापन है। एबीवीपी की नव नियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

छोटी इकाइयों को कर्ज मिलना होगा आसान, क्रेडिट रेटिंग पर नीति तैयार कर रही सरकार

नागपुर। सरकार छोटे उद्यमियों की मदद के लिए सूक्ष्म , लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की डिजिटल आंकड़े (डेटा) आधारित क्रेडिट रेटिंग शुरू करने की तैयारी में है। इससे उद्यमियों को इन क्रेडिट रेटिंग के आधार पर बैंकों से कर्ज मिल सकेगा। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नितिन गडकरी ने एग्रोविजन कार्यक्रम में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण में एमएसएमई के लिए अवसर पर सम्मेलन में सोमवार को यह बात कही। उन्होंने जोर दिया कि छोटी एवं मझोली इकाइयों को समय से कर्ज का भुगतान करके साख विकसित करनी चाहिए और ग्रामीण क्षेत्र में छोटे आकार के ज्यादा से ज्यादा व्यवसाय लगाए जाने चाहिए।

गडकरी ने एमएसएमई मंत्रालय से हर संभव मदद मिलने का भरोसा दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कर एवं कर्ज के समय से भुगतान से इकाइयों की अच्छी रेटिंग सुनिश्चित होगी और उस इकाई को डिजिटल डेटा आधारित क्रेटिड रेटिंग मिलेगी।

कराड में सहयाद्री चीनी मिल के पेराई सत्र का नारियल तोड़ कर शुभारंभ करते राकांपा नेता शरद पवार

बुंदेली भाषा सबसे अधिक समृद्ध व लोकप्रिय : डॉ. कैलाश मड़वैया

ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय के संस्कृत सभागार में बुंदेली भाषा को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डा.अवधेश अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री पुरस्कार से अलंकृत डा.कैलाश मड़वैया रहे।

मुख्य अतिथि पद्मश्री डा.कैलाश मड़वैया ने कहा कि बुंदेली भाषा हिन्दी से भी प्राचीन भाषा है। बुंदेली भाषा ने सबसे पहले आल्हाखण्ड महाकाव्य को भारत को दिया एवं सबसे लोकप्रिय महाकाव्य रामचरित मानस भी बुंदेली का महाकाव्य है, क्योंकि तुलसीदास ने चित्रकूट में रहकर इसकी रचना की थी। बुंदेली भाषा सबसे अधिक समृद्ध एवं लोकप्रिय भाषा है। इसको अपना सम्मान अवश्य मिलना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अवधेश अग्रवाल ने कहा कि बुंदेली भाषा बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय में पढ़ाई जा रही है जिससे बुंदेलखण्ड के छात्र एवं छात्रायें बुंदेली संस्कृति और बुंदेली सभ्यता को बहुत गहराई से समझ रहे हैं। डा.कैलाश मड़वैया जैसे साहित्यकार बुंदेली भाषा के गौरव को बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। कार्यक्रम संयोजक हिन्दी प्राध्यापक डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि बुंदेली भाषा की उत्पत्ति नौंवी शताब्दी की है। लगभग 1000 वर्षों से बुंदेली बुंदेलखण्ड के विस्तृत क्षेत्र में बोली जा रही है। इसको बोलने वाले 6 करोड़ से अधिक लोग है। इसलिए इसका सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम को हिन्दी प्राध्यापक डा.ओ.पी.चौधरी, शीलचंद जैन, सुदामा, शकील खान आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डा.अनिल सूर्यवंशी, डा.बलराम द्विवेदी, डा. लक्ष्मीकांत मिश्रा, डा.संतोष सिंह, डा.पराग कुमार, रोहित विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन डा.ओ.पी.चौधरी ने किया।

सैलानियों को आकर्षिक कर सकता है ललितपुरः जिलाधिकारी

- उत्तर प्रदेश का सबसे खूबसूरत जिला है ललितपुरः एसपी
- जीजीआईसी में विश्व धरोहर सप्ताह का समापन

ललितपुर। इन्टैक ललितपुर चैप्टर एवं पुरातत्व विभाग झांसी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व धरोहर सप्ताह का समापन समारोह राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में सम्पन्न हुआ। जिले के समस्त विद्यालयों में 02 लाख छात्रों ने धरोहर संरक्षण की शपथ ली। जीजीआईसी में जिला विद्यालय निरीक्षक ने हजारों छात्राओं को धरोहर संरक्षण की शपथ दिलायी। मुख्य अतिथि डीएम योगेश कुमार शुक्ल ने कहा कि ललितपुर में पुरातात्विक प्राकृतिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा धरोहर स्थलों की अकूत संपदा मौजूद है। पूरे प्रदेश में ललितपुर धरोहर एवं पर्यटन स्थलों के सम्बंध में काफी समृद्ध है। आवश्यकता इस बात की है कि इनको सुनुयोजित तरीके से संरक्षित एवं विकसित किया जाये, जिसके लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी। धरोहर स्थलों में अग्रणी यह जिला पूरे विश्व के सैलानियों को अपनी संपदा की बदौलत आकर्षित कर सकता है। देश विदेश के सैलानी आयेंगे तो यहां के युवकों को पर्याप्त मात्रा में रोजगार के अवसर सुलभ होंगे। उन्होंने इन स्थलों के विकास हेतु जनता से भी अपील की। हम सब मिलकर ललितपुर को उसके नाम के अनुरुप लालित्यमय, सुंदर और विकसित जिला बनायें। आज विश्व धरोहर सप्ताह के समापन के दिन हम अपनी धरोहरों तथा पर्यटन स्थलों के संरक्षण का संकल्प लें। पुलिस अधीक्षक कैप्टन एमएम बेग ने कहा कि ललितपुर उत्तर प्रदेश में सबसे खूबसूरत जिला है, यहां के लोग जितने मृदभाषी, सरल हैं उतना ही यह प्राकृतिक, ऐतिहासिक तथा पर्यटन स्थलों से सुसज्जित है। यहां शान्ति है, सदभाव है तथा विकास की प्रचुर संभावनाएं हैं। विदेश के अनेक सैलानियों को यहां के टूर ऑपरेटरों से सम्पर्क कर विदेशी पर्यटकों को यहां के स्मारकों को अवलोकन कराने का प्रयास किया जाये तो आने वाले समय में सैलानियों का सैलाव उमड़ पड़ेगा। हम सब मिलकर ऐसा प्रयास करें कि विश्व के पर्यटन मानचित्र पर ललितपुर की उपस्थिति दर्ज हो सके। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे ललितपुर के पर्यटन स्थलों का अपने माता पिता के साथ अवलोकन करें तथा धरोहर स्थलों से इतिहास एवं संस्कृति का ज्ञान अर्जन करें। इन स्थलों को साफ-सुथरा एवं सुंदर बनाये रखना हमारा नैतिक दायित्व है। क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डा. एस.के. दुबे एवं जिला विद्यालय निरीक्षक रामशंकर ने कहा कि बुन्देलखण्ड का इतिहास वीरता का रहा है तथा यहां बुन्देली लोक संस्कृति जन-जन में रची-बसी है। हमारे पूर्वजों ने जो धरोहर हमको सौंपी है उसको हम हर हाल में संजोयें। इन्टैक संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि विश्व विरासत सप्ताह के तहत विरासत संरक्षण के दिशा में जो भी आयोजन हुये, वे काफी सफल रहे तथा लाखों लोगों को अपनी विरासतों के प्रति जागरुक किया गया। विदेशी सैलानियों ने भी इस सप्ताह में हमारे पुरातत्व सभ्यता, इतिहास तथा संस्कृति की सराहना की। अनेक विदेशी पर्यटक ललितपुर आने को बेताब हैं। इन्टैक इस दिशा में अपने हर संभव प्रयास जारी रखेगा। कार्यक्रम के शुभारंभ में लता जायसवाल के निर्देशन में छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं लोकगीत की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं, अंजना कुशवाहा और अंजुम खान ने छात्राओं के साथ विश्व विरासत सप्ताह पर अनेक स्मारकों की खूबसूरत रंगोली सजाई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्पिता जैन, जिला सूचना अधिकारी पीयूष चन्द्र राय, महावीर प्रसाद दीक्षित, जयशंकर द्विवेदी, इन्टैक के सहसंयोजक रजनीष चड्ढा, मुक्ति संस्था के अध्यक्ष अज्जू बाबा, पत्रकार सुनील चौबे, देवेन्द्र पाठक, दिनेश संज्ञा, पूजा कश्यप, अमिताभ श्रीवास्तव, कृष्णकान्त सोनी, मनीषा वर्मा, गायत्री रैकवार, शिवानी सक्सेना, सावित्री पटेल, सोनाली सूर्यवंशी, नुपुर श्रीवास्तव, रागिनी चौधरी, मयंका कुमारी, प्रभा मिश्रा सहित अन्य सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन सोनम शर्मा ने किया।

वकील की फेसबुक आईडी हैक कर मित्रों से मांगे रुपए

बरेली। साइबर ठगों ने अब शिकार को फंसाने का नया तरीका शुरू कर दिया है। हैकर्स अब फेसबुक आईडी से जुड़े मित्रों से रूपये मांग कर ठगने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। हैकर्स ने एक वकील की फेसबुक आईडी हैक कर ली और उनके मित्रों से रूपये मांगने शुरू कर दिए। वकील के मित्र ने रूपये मांगने की वजह की जानकारी जब फोन से ली तब मामला उजागर हुआ। अधिवक्ता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर हैकर्स की जांच कर कार्यवाही की मांग की। बिथरी चैनपुर के गांव नवदिया झादा निवासी हरेंद्र पटेल अधिवक्ता है। वह अभी कृष्णानगर फेस 2 थाना बारादरी में रहते है। हरेंद्र ने बताया कि शनिवार को सुबह छह बजे के करीब किसी ने मेरी आईडी हैक कर ली। हैकर्स ने मैसेज करके बताया कि मैं परेशानी में हूँ और 10 हजार रूपये मांगे। यही नही जिस मित्र को मैसेज भेजा था। उसके लिए हैकर्स ने अपना खाता नंबर भी भेज दिया। तब मामला उजागर हुआ। हरेंद्र एसएसपी शैलेश पांडेय से मिले। अज्ञात हैकर्स के खिलाफकार्यवाही की मांग की।

रेलवे के ट्रैकमैन की दुर्घटना में मौत

बरेली। ड्यूटी पूरी करने के बाद घर वापस लौट रहा रेलवे का एक ट्रैक मैन रास्ते में ही कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पश्चिमी थाने के गांव मानपुर निवासी 30 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद की बीती रात एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर उसके घरवालों ने बताया कि राकेश कुमार रेलवे में ट्रैकमैन के पद पर तैनात था और कल सुबह रोजाना की तरह ड्यूटी करने के लिए सीबीगंज के परसाखेड़ा रेलवे स्टेशन पर गया था। जहां पर शाम के समय ड्यूटी करके लौटते समय वह किसी वाहन से उतर कर सड़क किनारे खड़ा था तभी शहर की तरफसे आ रही एक तेज कार ने उसे टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के समय मौके पर मौजूद लोगों ने कार का पीछा किया। लेकिन वह फरार हो गई लोगों ने कार का नंबर नोट कर लिया और दुर्घटना की सूचना पुलिस को दे दी।

विक्षिप्त बुजुर्ग की लाश मिली

बरेली। सड़क पर घूमने वाले एक विक्षिप्त व्यक्ति की लाश आज सुबह घर से दूर सड़क किनारे पीपल के पेड़ के नीचे चबूतरे पर पाई गई पास में ही दुकान चलाने वाले एक मकैनिक ने पुलिस को जानकारी दी जो मौके पर पहुंची और लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बारादरी थाने के मोहल्ला हारूनगला निवासी श्रीराम यादव पुत्र नौबत राम की लाश आज सुबह बारादरी थाना क्षेत्र में बरेली कॉलेज के गेट के पास पीपल के पेड़ के नीचे पाई गई पास में ही ऑटो मैकेनिक की दुकान चलाने वाले कैंट के सदर निवासी अजय पुत्र बनवारी लाल ने उसकी लाश को देखकर पुलिस को सूचना दे दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के घरवालों को सूचना दी। जो पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे उन्होंने बताया कि मृतक काफी समय से मानसिक रूप से विक्षिप्त चल रहा था और अक्सर बरेली कॉलेज के आस पास घूमकर समय बिताता था।

चाय के विवाद में सास ने बहू को हसिया मारा

बरेली। सुबह-सुबह देरी से चाय बनाने को लेकर हुये विवाद में एक सास ने बहू को हसिया मारकर घायल कर दिया। घायला को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है।पिंकी मौर्य कटरा चांद के मौर्या मन्दिर के पास पति मनोज मौर्य के साथ रहती है। साथ में उसकी सास कमलेश, ससुर सुखलाल व ननद किरन मौर्य भी रहती है। पिंकी ने पुलिस को बताया कि आज सुबह वह घर में झाड़ू लगा रही थी और उसके पति सो रहे थे इतने में सास ने कहा कि वह पहले चाय बना ले, ने झाड़ू लगाने के बाद चाय बनाने को कह दिया, इससे नाराज सास पीछे से हमला कर दिया। शोर सुनकर जागे पति ने किसी तरह उसकी जान बचाई। वह उसको पहले बारादरी थाने लेकर गये फिर पुलिस ने उसको जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

तारा अक्षर कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर 15 लोग पुरस्कृत

संवाददाता। ललितपुर

सोसाइटी फॉर डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स तथा साई ज्योति संस्थाके संयुक्त तत्वावधान में संचालित तथा आईकिया फाउंडेशन द्वारा समर्थित तारा अक्षर साक्षरता कार्यक्रम जिले के जखौरा ब्लॉक के 30 गाँवों में संचालित किया जा रहा है। डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स हर साल अपने वार्षिक दिवस समारोह में संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ काम करने वाले लोगों को पुरस्कृत करती है। तारा अक्षर कार्यक्रम में कुल 73 लोग जखौरा ब्लॉक में कार्यरत हैं जिनमें से वर्ष 2019 में सर्वश्रेष्ठ काम करने वाले 15 सदस्यों को चयन के विभिन्न मापदंडों को अपनाने के पश्चात पुरस्कार के लिएचयनित किया गया द्य सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लोगों को पुरस्कृत करने हेतु आज दिनांक 24 नवम्बर को तारा अक्षर पुरस्कार समारोह का आयोजन प्रशान्ति विद्या मंदिर ललितपुर में किया गयाद्य जिसमें समस्त तारा सहेली, प्रशिक्षक, फैसिलिटेटर, पर्यवेक्षक, वरिष्ठ पर्यवेक्षक तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। तारा अक्षर कार्यक्रम के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अकील अहमद ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

सांड़ के हमले से घायल किसान की मौत

बरेली। खेत पर जा रहे एक किसान पर रास्ते में ही एक सांड ने हमला कर दिया वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बीती रात उसकी मौत हो गई लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पीलीभीत के गजरौला थाने के गांव पिपरिया भजा निवासी लालाराम पुत्र छेदालाल की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर उसके घरवालों ने बताया की लालाराम कल सुबह रोजाना की तरह अपने खेत पर जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन कुछ दूर चलने के बाद रास्ते में मिले एक आवारा सांड ने उस पर हमला कर दिया उसने मदद के लिए आवाज लगाई तब पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने सांड को भगाकर उसे बचा लिया लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुका था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे के बाद ही उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए जहां से हालत नाजुक देख कर उसे इलाज के लिए बरेली ले आए यहीं पर उसने बीती रात दम तोड़ दिया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से आधा दर्जन घायल

ललितपुर। रविवार शाम थाना मड़वरा अंतर्गत लहरधाम तिराहे के नजदीक ट्रैक्टर-ट्राली पलट जाने से आधा दर्जन से ज्यादा ग्रामीण घायल हो गये। थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम धौलपुरा के किसान डीजल और अन्य खरीदारी करने ट्रैक्टर से आये थे शाम को सात बजे के दरम्यान वापस जाते समेत एक अन्य ट्रैक्टर द्वारा ओवरटेक करते हुये निकला। ट्राली पलटने से उसमें बैठे आशाराम पुत्र दद्दू, निवासी गदोरा एवं अनिल उर्फ वकील पुत्र करन, घनश्याम पटैल धर्मदास, लखन पुत्र भबुदी खंगार, आदि घायल हो गये।

पेज एक का शेष

शिव पवार...

विश्वासघात नहीं करेंगे। उन्हें यह शपथ सदन में विश्वासमत के दौरान भाजपा की सुनिश्चित हार के लिए रचे गए व्यूह के तहत राकांपा नेता जीतेंद्र अव्हाण द्वारा दिलाई गई। होटल के कॉनफ्रेंस हॉल का मौहाल उत्साह और जोश से भरा हुआ था। ढेरो पोस्टर लगे हुए थे जिन पर लिखा था- हम 162 हैं। पृष्ठभूमि में भारत के संविधान की तस्वीर भी लगाई गई थी। वहां तीनों दलों के दिग्गजों का जमावड़ा था। राकांपा सुप्रीमो शरद पवार अपनी सांसद बेटी सुप्रिया सुले के साथ जबकि शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे अपने विधायक बेटे आदित्य के साथ मौजूद थे। हॉल में इकट्ठे विधायक एक दूसरे से आत्मीयता भरी बातचीत में मशगूल थे, बीच-बीच में हाथ से विजय का प्रतीक चिह्न बनाकर हवा में लहराते या फिर सेल्फी खींचते भी दिखाई दे रहे थे। शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के महा विकास आघाडी के 162 विधायकों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते राकांपा सुप्रीमो शरद पवार ने कहा कि उनकी पार्टी के सारे विधायक उनके साथ हैं, सभी(तीनों दलों के) 162 विधायक यहां हैं, हमारे पास बहुमत है। साथ ही विधायकों को आश्वस्त किया कि वे निजी तौर पर यह सुनिश्चित करेंगे कि विधानसभा में शक्ति परीक्षण के दौरान भाजपा के खिलाफ वोटिंग करने पर किसी की भी सदस्यता न जाए। चोरी-छिपे भाजपा से हाथ मिलाने के लिए अपने भतीजे पर बरसते शरद पवार ने कहा कि गलत सूचना फैलाई जा रही है कि अजित पवार राकांपा के विधायक दल के नेता हैं, जो सभी (राकांपा) विधायकों को (शक्ति परीक्षण में) भाजपा को वोट देने के लिए व्हिप जारी करेंगे। इस संबंध में उन्होंने संविधान और कानून विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया है। साथ ही पूर्व के मुद्दों पर भी गौर किया है और इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अजित पवार जिन्हें उनके (सरकार गठन के लिए भाजपा से हाथ मिलाने के कारण राकांपा विधायक दल के नेता)पद से हटा दिया गया है, उनके पास विधायकों को व्हिप जारी करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। परोक्ष तौर पर भाजपा का हवाला देते हुए पवार ने कहा कि वेनिजी तौर पर जिम्मेदारी लेते हैं कि सदन से उनकी सदस्यता निरस्त नहीं होगी। अवैध तरीके से सत्ता पर कब्जा करने वालों को अब हटना होगा। देश में अनैतिक तरीके से सरकार बनाने की प्रक्रिया भाजपा ने शुरू की है। इन लोगों ने महाराष्ट्र से पहले गोवा, कर्नाटक और मणिपुर में भी ऐसा ही किया था। आने वाले दिनों में भगवा दल को कड़ी चुनौती देने का संकेत देते राकांपा नेता ने कहा कि वे लोग (शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस) केवल 5 साल के लिए साथ नहीं आए हैं बल्कि अगले 10-15 वर्षों के लिए हाथ मिलाया है। राज्य में इसकी शुरुआत की है। अब शिवाजी का झंडा लेकर एक साथ महाराष्ट्र से बाहर भी निकलेंगे। तोड़फोड़ के प्रति आगाह करते पवार ने कहा कि महाराष्ट्र गोवा नहीं है और यह समय उन्हें (भाजपा) सबक सिखाने का है। इससे पहले शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम सत्यमेव जयते में विश्वास रखते हैं और चेतावनी दी कि कोई उन्हें तोड़ने की कोशिश करने का दुःसाहस न करे। साथ ही, भाजपा से कहा कि महाराष्ट्र में शासन के लिए शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस गठजोड़ के वास्ते रास्ता खाली करे। शिवसेना सांसद संजय राउत ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को न्योता देते हुए ट्वीट किया कि वे सब साथ हैं, शाम सात बजे होटल ग्रैंड हयात मे 162 विधायकों को पहली बार एक साथ देखें। कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने दावा किया कि उन लोगों के पास केवल 162 नहीं बल्कि 162 से ज्यादा विधायक हैं। वे सभी सरकार का हिस्सा होंगे। भाजपा को रोकने के लिए इस गठबंधन की अनुमति देने के लिए वे सोनिया गांधी का शुक्रिया अदा करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्यपाल को सरकार बनाने के लिए उन लोगों कोआमंत्रित करना चाहिए। भाजपा ने तीनों दलों की ओर से किए गए शक्ति प्रदर्शन को खारिज कर दिया। पार्टी नेता आशीष शेलार ने कहा कि पहचान परेड संदिग्ध अपराधियों के लिए होती है, यह फ्लोर टेस्ट नहीं है। अपना हौसला बढ़ाने की यह नाकाम कोशिश थी। भाजपा और अजीत पवार मिलकर तस्वीर पूरा करेंगी जिसमें 145 विधायक जरूर होंगे। 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 145 है।

नौ केस...

कर दिया गया है। पूर्व कांग्रेस-एनसीपी सरकार में अजीत पवार के पास अन्य महत्वपूर्ण विभागों के साथ जल संसाधन भी था। यह मामला उस समय का है जब एनसीपी और कांग्रेस महाराष्ट्र में सत्ता में थीं। एसीबी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 2012 में हुए सिंचाई घोटाले से जुड़े ऐसे किसी भी मामले को बंद नहीं किया गया है जिनमें कथित तौर पर अजित पवार का नाम है। अधिकारी ने कहा कि मामले को सशर्त बंद किया गया है। इसका अभिप्राय है कि राज्य सरकार या अदालत दोबारा मामलों को खोल सकती है। उन्होंने कहा, अहम सिंचाई से जुड़े करीब 3,000 ठेकों की जांच कर रहे हैं, जिन मामलों को बंद किया गया है वे नियमित जांच थी और बाकी सभी मामलों की पहले की तरह जांच चल रही है। इस मामले पर महाराष्ट्र की भाजपा-अजित पवार सरकार पर तंज कसते हुए कांग्रेस ने कहा कि जनहित में केवल एक फैसला लिया गया है, वह है भ्रष्टाचार और अपराध के सभी मामलों को बंद कर दिया जाए। सोमवार की शाम एक आधिकारिक बयान जारी कर एसीबी ने साफ किया कि नौ में से कोई भी जांच विदर्भ सिंचाई विकास निगम (वीआईडीसी) के पूर्व चेयरमैन अजीत पवार से संबंधित नहीं है। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अजय अफाले ने नौ मामलों को सशर्त बंद करने की रिपोर्ट में अजीत पवार का नाम है या नहीं इसको लेकर हुई गलतफहमी को साफ करने के लिए बयान जारी किया। अफाले ने कहा ' बंबई हाईकोर्ट के नागपुर बेंच के समक्ष 2012 में दायर दो जनहित याचिकाओं के मद्देनजर एसीबी वीआईडीसी की कुल 2,654 निविदाओं से संबंधित 45 परियोजनाओं की जांच कर रही है।' उन्होंने कहा 'अभी तक 212 निविदाओं की खुली जांच पूरी हो चुकी है। इनमें से 24 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है और पांच चार्जशीट दाखिल की गई है। उधर, कांग्रेस ने इस मुद्दों को लेकर मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने दावा किया कि उप मुख्यमंत्री अजीत पवार के भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने के बाद ये मामले बंद किए गए हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, महाराष्ट्र सरकार ने अजित पवार से जुड़े मामलों की फाइलें बंद कर दी हैं। सरकार बनवाने की एवज में यह सब किया गया है। सिंचाई घोटाले के जिन मामलों की जांच बंद की गई, उनसे जुड़ी जानकारी सार्वजनिक की जाए। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा, भाजपा-अजीत पवार द्वारा महाराष्ट्र के प्रजातंत्र चीरहरण अध्याय की असलियत उजागर। एक नाजायज़ सरकार द्वारा एसीबी को मुक़दमे बंद करने का आदेश दिया गया। सुरजेवाला ने कहा, बेशर्मी और ग़ैर क़ानूनी तरीक़े से भ्रष्टाचार के मुक़दमे वापस लेने से साफ़ है कि भाजपा अब सही मायनों में भ्रष्टाचार जगाओ पार्टी बन गई है। किसानों की सुध लेने की बजाय भाजपा सरकार भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में लगी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा, खाएंगे और खिलाएंगे भी, क्योंकि ये ईमानदारी के लिए ज़ीरो टॉलरन्स वाली सरकार है। मोदी है तो मुमकिन है। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा, महाराष्ट्र एसीबी की ओर से सिंचाई घोटाले के मामले में नौ मामलों को बंद किया गया है। सब जानते हैं ये मामले किससे जुड़े हैं। अब लगता है कि यह व्यक्ति अकेले हैं और उन्होंने देवेंद्र फडणवीस सरकार को समर्थन किया है। उन्होंने कहा, ऐसा कभी नहीं सुना था। यह निंदनीय है। हम आशा करते हैं कि सभी इसका संज्ञान लेंगे।

फ्लोर टेस्ट...

पास 154 विधायकों के हलफनामे हैं और भाजपा को 24 घंटे के भीतर अपना बहुमत सिद्ध करने के लिये कहा जाना चाहिए, अगर उसके पास है। केन्द्र ने पीठ से कहा कि 23 नवंबर को सबसे बड़े दल को सरकार गठित करने के लिये आमंत्रित करना राज्यपाल का विवेकाधिकार था। पीठ के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता (केंद्र), कपिल सिब्बल (शिवसेना), अभिषेक मनु सिंघवी (एनसीपी-कांग्रेस), मुकुल रोहतगी (देवेंद्र फडणवीस), मनिंदर सिंह (अजीत पवार) ने दलीलें पेश कीं। सुनवाई के दौरान कोर्टरूम खचाखच भरा हुआ था। कोर्ट में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और शिवसेना के नेता गजानंद कृतकर भी मौजूद थे। शिवसेना-एनसीपी-कांग्रेस ने सोमवार को ही देवेन्द्र फडणवीस को सदन में अपना बहुमत सिद्ध करने का आदेश देने का अनुरोध किया लेकिन फडणवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने इसका विरोध किया। राज्यपाल कोश्यारी ने 23 नवंबर को जब फडणवीस को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई थी तो उन्हें अपना बहुमत साबित करने के लिए 14 दिन का समय दिया था। इस मामले में सोमवार को सुनवाई शुरू होते ही केन्द्र और राज्यपाल के सचिव की ओर से सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने महाराष्ट्र में चुनाव के बाद के सारे घटनाक्रम का विवरण दिया और कहा कि राज्यपाल को शीर्ष अदालत में कार्यवाही से छूट प्राप्त है। मेहता ने दावा किया कि महाराष्ट्र में सरकार के गठन के लिए भाजपा को राकांपा के सभी 54 विधायकों का समर्थन प्राप्त था और उन्होंने इस गठबंधन की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए दो तीन दिन का समय देने का अनुरोध किया। केन्द्र ने पीठ से कहा कि राज्यपाल ने अपने विवेकाधिकार का इस्तेमाल करते हुए 23 नवंबर को सबसे बड़े दल को सरकार गठित करने के लिए आमंत्रित किया। सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि महाराष्ट्र के राज्यपाल को सरकार गठित करने के लिए घूम घूम कर यह पता लगाने की आवश्यकता नहीं है कि किस दल के पास बहुमत है। उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि क्या कोई दल यहां आकर 24 घंटे के भीतर बहुमत सिद्ध करने के लिए न्यायालय से हस्तक्षेप का अनुरोध कर सकता है ? शीर्ष अदालत ने फडणवीस को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने संबंधी राज्यपाल कोश्यारी के पत्र का अवलोकन किया और फिर कहा कि यह निर्णय करना होगा कि क्या मुख्यमंत्री के पास सदन में बहुमत है या नहीं। सालिसिटर जनरल ने कहा कि चुनाव के नतीजे आने के बाद राज्यपाल ने शिवसेना, भाजपा, एनसीपी को सरकार गठित करने के लिए आमंत्रित किया था और इनके कामयाब नहीं होने के बाद ही प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया गया। एनसीपी के नेता और उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनिन्दर सिंह ने पीठ से कहा कि राज्यपाल ने नियमानुसार ही फडणवीस को सरकार गठित करने के लिए आमंत्रित किया जो बिल्कुल सही था।

महाराष्ट्र के...

में लोकतंत्र की हत्या हुई है, ऐसे में सवाल पूछने का कोईऔचित्य नहीं है। बारह बजे बैठक पुनः आरंभ होते ही पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर दो बजे कार्यवाही शुरू होने पर भी हंगामा जारी रहा। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कराधान विधि संशोधन विधेयक 2019 सहित दो विधेयक, पोत परिवहन मंत्री मनसुख एल मांडविया ने पोत पुनर्चक्रण विधेयक 2019, गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने एसपीजी अधिनिय

येदियुरप्पा ने कांग्रेस मुक्त कर्नाटक का किया आह्वान

भाषा। बेंगलुरु



कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने भाजपा के कांग्रेस मुक्त भारत के राष्ट्रीय सपने को साकार करने के लिए सोमवार को कांग्रेस मुक्त कर्नाटक का आह्वान किया। उन्होंने कमलपुरैन विजयनगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक चुनावी रैली में कहा, अगर हमें कांग्रेस मुक्त भारत बनाना है तो पहले कांग्रेस मुक्त कर्नाटक बनाना होगा। यह यहां से शुरू होना चाहिए। कमलपुरैन विजयनगर विधानसभा सीट से आनंद सिंह भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। सिंह ने पहले कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था और वह पार्टी के खिलाफ बगावत करते हुए विधानसभा से इस्तीफा देने वाले विधायकों में से एक हैं। वह उन 17 कांग्रेस-जद(एस) विधायकों में से एक हैं जिन्हें जुलाई में तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष के आर रमेश ने अयोग्य घोषित कर दिया था। अयोग्य घोषित किए गए विधायकों को पांच दिसंबर को होने जा रहे उपचुनाव लड़ने की अनुमति उच्चतम न्यायालय से मिलने के बाद आनंद सिंह भाजपा में शामिल हो गए औउ उसके टिकट पर विजयनगर से चुनाव लड़ रहे हैं।

येदियुरप्पा ने कहा, मुझे अपने जीवन में कभी नहीं पता चला कि झूठ क्या होते हैं। जब मैंने कहा कि हम 22 लोकसभा सीट जीतेंगे तो लोगों ने हमारा मजाक बनाया लेकिन हम असल में 25 सीटें जीते। तब सत्तारूढ़ कांग्रेस और जद(एस) राज्य में एक-एक सीट ही जीत पाए। पूर्ववर्ती कांग्रेस और जद(एस) गठबंधन के दयनीय प्रदर्शन के बारे में येदियुरप्पा ने कहा कि दोनों पार्टियां लोकसभा चुनाव में बमुश्किल अपनी मौजूदगी दर्ज करा पाईं। कांग्रेस की खिल्ली उड़ाते हुए एदियुरप्पा ने कहा, कांग्रेस के पास लोकसभा में इतने भी सांसद नहीं है कि वह मुख्य विपक्षी दल कहला सके। आज कांग्रेस का यह हाल है। सिंह की तारीफ करते हुए एदियुरप्पा ने कहा कि उन 17 विधायकों में सबसे पहले उन्होंने ही विधानसभा से इस्तीफा दिया था। तब तक उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि भाजपा कर्नाटक में सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, आनंद सिंह ने सबसे पहले इस्तीफा दिया और बाद में दूसरे लोग भी उनके साथ हो गए। उनमें विकास न होने को लेकर असंतोष था और इसलिए उन्होंने लंबे समय तक कांग्रेस में न रहने का फैसला किया। एदियुरप्पा ने लोगों से सिंह की जीत सुनिश्चित करने को कहा ताकि वह भाजपा सरकार में मंत्री बनें और आदर्श निर्वाचन क्षेत्र के तौर पर इलाके का विकास करने में सरकार की मदद करें। राज्य में 15 विधानसभा सीटों पर पांच दिसंबर को उपचुनाव होने हैं।

चुनावी बॉण्ड बड़ा घोटाला, सच्चाई बताए केंद्र सरकार: गहलोत

सीकर (राजस्थान)। चुनावी बॉण्ड को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को यहां कहा कि यह बहुत बड़ा घोटाला है और सरकार को सच्चाई बतानी चाहिए। एक कार्यक्रम के सिलसिले में यहां आए गहलोत से जब चुनावी बॉण्ड प्रकरण के संबंध में पूछा गया तो वह बोले, मैं कह चुका हूं यह बहुत बड़ा स्कैंडल है। 5,000 करोड़ रुपए से ज्यादा के बॉन्ड जमा हुए हैं जिनमें से 90 प्रतिशत भाजपा के पास हुए हैं। यह आंकड़े आ रहे हैं, सरकार को चाहिए वह बताए सच्चाई क्या है? जो आंकड़े आए हैं यह सही है क्या? चुनावी बॉण्ड के जरिए भाजपा को ही ज्यादा चंदा मिलने पर सवाल उठाते हुए गहलोत ने कहा, इस प्रकार से आप 90 प्रतिशत चंदा एक तरफा ले आओगे तो लोकतंत्र में आप बाकी तमाम पार्टियों की फंडिंग को बंद कर रहे हो। धमकी दे रहे हो कि आप हमें चंदा दो या नहीं तो कोई बात नहीं है पर आपने विपक्षी पार्टियों को चंदा क्यों दिया। गहलोत ने कहा, यह परंपरा पहली बार देखने को मिल रही है। इस प्रकार से यह लोग शासन करेंगे तो देश किस दिशा में जाएगा जवाब देना चाहिए इन लोगों को। देश में हालात बहुत ही खराब है और देश गंभीर स्थिति से गुजर रहा है।

गया हवाईअड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते भारतीय जनता पार्टी के नेता।

राष्ट्र-विरोधी हिंसक प्रदर्शन आयोजित करने के मामले में एक गिरफ्तार

भाषा। श्रीनगर

केन्द्र सरकार के जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान खत्म करने के खिलाफ राष्ट्र-विरोधी हिंसक प्रदर्शन आयोजित करने में कथित संलिप्तता के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में तंगधार के बागी-मेहताब इलाके में रहने वाले बशीर अहमद कुरैशी को रविवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि कुरैशी को चानपोरा इलाके से गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार कुरैशी श्रीनगर में विशेषकर सौरा इलाके के आंचर में राष्ट्र-विरोधी हिंसक प्रदर्शन आयोजित करने में शामिल था। उन्होंने कहा, वह कई मामलों में शामिल है। प्राथमिक जांच में पाया गया कि उसका अलगाववादियों से नाता था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार पुलिस और सुरक्षा बलों पर पथराव करने और राष्ट्रविरोधी प्रदर्शन करने के लिए युवकों को उकसाने में उसकी अहम भूमिका थी। उसने गैरकानूनी बैठकें और हिंसक प्रदर्शन आयोजित करने में भी भूमिका निभाई, जिसमें जानमाल का बड़ा नुकसान हुआ। अधिकारी ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है। केन्द्र सरकार के पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान समाप्त करने और उसे केन्द्र शासित प्रदेश बनाने की घोषणा करने के बाद सही शहर के आंचर इलाके में बड़े स्तर पर प्रदर्शन किए गए हैं।

जद(एस) उपचुनाव के बाद भाजपा से हाथ नहीं मिलाएगी: सिद्धरमैया

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सिद्धरमैया ने सोमवार को पूर्व सहयोगी जनता दल (सेकुलर) के उपचुनाव के बाद भाजपा के साथ जाने की संभावना को सिरे से खारिज दिया। उन्होंने यह टिप्पणी राज्य में मध्यावधि चुनाव और कांग्रेस की जीत की संभावना को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में की।

कर्नाटक में कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्धरमैया ने कहा कि बीएस एदियुरप्पा के नेतृत्व वाली सरकार पांच दिसंबर को 15 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में जरूरी सीटें जीतने में असफल रहेगी और उसे इस्तीफा देना होगा। हुबली में पत्रकारों से बातचीत में सिद्धरमैया ने कहा, जद (एस) उनका (भाजपा) समर्थन नहीं करेगी, इसका मुझे भरोसा है, मैंने इस बारे में जद(एस) से बात नहीं की है लेकिन मैं जानता हूं। मैं पहले जद(एस) में रह चुका हूं। उन्होंने यह बात भाजपा के बहुमत से दूर रहने की स्थिति में जद (एस) के समर्थन देने की संभावना पर कही। जद (एस) नेताओं ने संकेत दिया है कि वे मध्यावधि चुनाव नहीं चाहते हैं और उन्होंने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नौ दिसंबर को सत्तारूढ़ भाजपा के बहुमत खोने की स्थिति में पार्टी अपना रुख तय करेगी। सिद्धरमैया ने कहा कि यह स्वभाविक है कि अगर भाजपा उपचुनाव में जरूरी सीटों पर जीत दर्ज करने में नाकामयाब होती है तो उन्हें इस्तीफा देना होगा। कांग्रेस नेता से जब पूछा गया कि भाजपा को जरूरी सीटें नहीं मिलने पर कांग्रेस सदन में बहुमत साबित करने की मांग करेगी? तब उन्होंने कहा, उन्हें इस्तीफा देना होगा,सदन में दोबारा बहुमत साबित करने के लिए मतदान क्यों होगा? उल्लेखनीय है कि सत्तारूढ़ भाजपा को 224 सदस्ईय सदन में बहुमत कायम रखने के लिए उपचुनाव में कम से कम छह सीटों पर जीत दर्ज करनी होगी। दो सीटें मस्की और आरआर नगर अभी भी खाली हैं।

भाजपा की सरकार गिरने की स्थिति में सिद्धरमैया से मुख्यमंत्री बनने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, क्या मैंने ऐसा कहा था? मैंने ऐसा नहीं कहा। मेरा मानना है कि मध्यावधि चुनाव होगा। अगर मध्यावधि चुनाव होगा तो शत प्रतिशत हम जीत दर्ज करेंगे। मध्यावधि चुनाव के बाद मुख्यमंत्री बनने के बारे में पूछे जाने पर सिद्धरमैया ने कहा कि पार्टी नेतृत्व और विधायक दल इसका फैसला करेगा। उल्लेखनीय है कि सिद्धरमैया कई मौकों पर मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जता चुके हैं।

शशि थरूर और मनीष ने चिदंबरम से मुलाकात की

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा सदस्य शशि थरूर और मनीष तिवारी ने सोमवार को तिहाड़ जेल पहुंचकर आईएनएक्स मीडिया मामले में गिरफ्तार पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम से मुलाकात की।

मुलाकात के बाद थरूर ने संवाददाताओं से कहा, हम चिदंबरम के प्रति एकजुटता प्रकट करने आए थे। उन्होंने दावा किया, आज, संविधान के मूल आधार स्वतंत्रता का हनन किया जा रहा है। चिदंबरम 98 दिन से जेल में हैं। किस लिए? 9.96 लाख रुपए का मामला है, लेकिन इसको लेकर कोई विवाद नहीं है क्योंकि चेक से भुगतान हुआ। थरूर और तिवारी के साथ चिदंबरम के पुत्र एवं सांसद कार्ति चिदंबरम भी मौजूद थे। गौरतलब है कि चिदंबरम को आईएनएक्स मीडिया मामले में पहले सीबीआई और फिर प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह 27 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में हैं।

देश के माहौल से जनता नाखुश: सचिन पायलट

भाषा। सीकर (राजस्थान)

महाराष्ट्र में राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए राजस्थान के उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट ने सोमवार को कहा कि देश में जिस तरह का वातावरण बना है उससे जनता नाखुश है। एक कार्यक्रम के सिलसिले में यहां आए पायलट ने महाराष्ट्र के घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा, हमें लगता है कि देश में जिस तरह का वातावरण बना हुआ है उससे जनता भी नाखुश है। जो परिणाम आए हैं चाहे वह महाराष्ट्र के हों, हरियाणा के हों, राजस्थान विधानसभा के उपचुनाव हों या हाल ही में राज्य में नगर निकाय के जो चुनाव हुए हैं उनमें भारी समर्थन व बहुमत कांग्रेस पार्टी को मिल रहा है।

उन्होंने कहा, जनता समझ चुकी है कि दिल्ली जिस तरह की राजनीति जनता पर थोप रही है, वह लोगों के गले नहीं उतर रही है। विकास हो, आर्थिक नीतियां अच्छी बनें, नौजवानों को रोजगार मिले इस पर केंद्र सरकार का ध्यान अभी है नहीं और वह जज्बाती मुद्दों के माध्यम से राजनीति करना चाहती है। पायलट ने कहा, हम लोग चाहते हैं कि किसान, नौजवान, छोटे कारोबार व अर्थव्यवस्था आगे बढ़े दुर्भाग्यवश केंद्र सरकार ऐसा कर नहीं रही है। पायलट ने यह भी कहा कि मामले को सुलझाने के लिए महाराष्ट्र विधानसभा में तुरंत मत विभाजन होना चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उसका निराकरण तभी होगा जब शक्ति प्रदर्शन व मत विभाजन तुरंत प्रभाव से सदन में हो। क्या कारण है कि बार बार विलंब हो रहा है यह समझ से परे है।

मुंबई में एक महिला को मुख्यमंत्री राहत कोष से चेक प्रदान करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस

मामलों के बंद होने से महाराष्ट्र में प्रजातंत्र के चीरहरण की असलियत उजागर: कांग्रेस

भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस ने महाराष्ट्र के कथित सिंचाई घोटाले से जुड़े नौ मामले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा बंद किए जाने को लेकर सोमवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा और दावा किया कि इससे अब महाराष्ट्र में प्रजांतत्र के चीरहरण के अध्याय की असलियत उजागर हो गई है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने दावा किया कि उप मुख्यमंत्री अजित पवार के भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने के बाद ए मामले बंद किए गए हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, महाराष्ट्र सरकार ने अजित पवार से जुड़े मामलों की फाइलें बंद कर दी हैं। सरकार बनवाने की एवज में यह सब किया गया है। सिंचाई घोटाले के जिन मामलों की जांच बंद की गई, उनसे जुड़ी जानकारी सार्वजनिक की जाए।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा, भाजपा-अजित पवार द्वारा महाराष्ट्र के प्रजातंत्र चीरहरण अध्याय की असलियत उजागर। एक नाजायज़ सरकार द्वारा एसीबी को मुक़दमे बंद करने का आदेश दिया गया। सुरजेवाला ने कहा, बेशर्मी और ग़ैर क़ानूनी तरीक़े से भ्रष्टाचार के मुक़दमे वापस लेने से साफ़ है कि भाजपा अब सही मायनों में भ्रष्टाचार जगाओ पार्टी बन गई है। किसानों की सुध लेने की बजाय भाजपा सरकार भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में लगी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा, खाएंगे और खिलाएंगे भी, क्योंकि ए ईमानदारी के लिए ज़ीरो टॉलरन्स वाली सरकार है। मोदी है तो मुमकिन है। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा, महाराष्ट्र एसीबी की ओर से सिंचाई घोटाले के मामले में नौ मामलों को बंद किया गया है। सब जानते हैं ए मामले किससे जुड़े हैं। अब लगता है कि यह व्यक्ति अकेले हैं और उन्होंने देवेंद्र फडणवीस सरकार को समर्थन किया है।

जिसने 25 साल पुराने मित्र को छोड़ दिया वह अजीत पवार का साथ क्या देगा: शिवसेना

भाषा। मुंबई

शिवसेना ने सोमवार को भाजपा पर जबरदस्त प्रहार करते हुए कहा कि जिन लोगों ने उद्धव ठाकरे नीत दल के साथ अपनी 25 साल पुरानी मित्रता का सम्मान नहीं किया वह राकांपा नेता अजीत पवार को भी एक ना एक दिन छोड़ देंगे।

शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार पर भी निशाना साधा गया। इसमें कहा गया है कि बगावत करने वाले नेता असफल रहे हैं और यह बात अगले कुछ दिन में साबित हो जाएगी। इसमें कटाक्ष किया गया है कि देवेंद्र फडणवीस ने चोर की भांति मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पार्टी ने कहा, अजित पवार पार्टी कार्यालय से चोरी करके लाए गए हस्ताक्षर किए हुए पत्र राज्यपाल को दिखाते हैं और राज्यपाल उन कागजों पर विश्वास करते हुए फडणवीस और अजित पवार को शपथ दिला देते हैं। ए हेरा-फेरी की पराकाष्ठा है। निर्लज्जता जैसे शब्द का प्रयोग करके हमें इस संस्था का अपमान नहीं करना है। इसमें कहा गया कि अजित पवार को जेल में चक्की पीसने के लिए भेजेंगे , ऐसा कहनेवाले भक्तगण फडणवीस, अजित पवार आगे बढ़ो की नारेबाजी कर रहे हैं। महाराष्ट्र में तेजी से हुए घटनाक्रम में शनिवार सुबह आठ बजे राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने यहां राजभवन में फडणवीस और पवार को क्रमश: मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवाई। विधानसभा चुनाव भाजपा और शिवसेना ने साथ मिलकर लड़ा था लेकिन मुख्यमंत्री पद को साझा करने के मुद्दे पर दोनों दलों का लगभग ढाई दशक पुराना संबंध टूट गया था।

संपादकीय में आरोप लगाया गया कि भाजपा ने राकांपा नेता को ललचाया और फिर दोनों ने मिलकर पूरे राज्य को धोखा दिया। इसमें कहा गया, जिन लोगों ने शिवसेना के साथ 25 साल पुरानी मित्रता का सम्मान नहीं किया वह एक दिन अजीत पवार को भी बाहर का रास्ता दिखा देंगे।

संपादकीय में लिखा गया, जो लोग यह समझते हैं कि सत्ता सर्वोपरी है, यह उनके सफर का अंतिम पड़ाव है। राज्य की जनता को (इसे देखने के लिए) बस कुछ समय इंतजार करना होगा। इसमें कहा गया कि वास्तव में महाराष्ट्र में फिलहाल जो राजनीतिक अस्थिरता है, वो भारतीय जनता पार्टी के कारण, उनकी व्यावसायिक वृत्ति के कारण और फंसाने की कला के कारण है। पहले उन्होंने शिवसेना जैसा मित्र खो दिया और अब वे शातिर चोर की तरह रात के अंधेरे में अपराध कर रहे हैं। शिवसेना ने कहा कि अब भाजपा को बहुमत मिलना मतलब भैंसे से दूध दुहने जैसा है।

भाजपा उम्मीदवार जयप्रकाश मजूमदार से मारपीट

भाषा। कोलकाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता और करीमपुर विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवार जयप्रकाश मजूमदार के साथ नदिया जिले के फीपुलखोला इलाके में सोमवार को मतदान केन्द्र में दाखिल होते समय तृणमूल कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर मारपीट की।

टीवी फुटेज में कुछ लोग मजूमदार मारपीट करते दिखाई देते हैं। उन्होंने तृणमूल के गुंडों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जख्म भर जाएंगे लेकिन यह घटना पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र के अंत का स्पष्ट संकेत है।भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि तृणमूल कार्यकर्ता फर्जी मतदाता थे जो मतदान को बाधित करने के इरादे से वहां इकट्ठे हुए थे। पश्चिम बंगाल में भाजपा इकाई के उपाध्यक्ष मजूमदार ने कहा, यह मुझे हताश नहीं करेगा और मैं हर मतदान केन्द्र पर जाना जारी रखूंगा। मैंने निर्वाचन आयोग से भी इसकी शिकायत की है। मजूमदार के इन आरोपों को निराधार बताते हुए तृणमूल की नदिया जिला इकाई ने कहा कि स्थानीय लोगों ने उनपर हमला किया क्योंकि वे उनके द्वारा चुनावी माहौल खराब किए जाने से नाराज थे। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने मामले पर रिपोर्ट मांगी है। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया। करीमपुर के अलावा यहां खड़गपुर सदर और कालियागंज में विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान जारी है। महुआ मोइत्रा के कृष्णानगर लोकसभा सीट से चुनाव जीतने के बाद करीमपुर सीट खाली हो गई थी।

● निर्वाचन आयोग ने मांगी रिपोर्ट

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने ट्विटर हैंडल का स्टेटस बदलकर किया जनसेवक और क्रिकेट प्रेमी

भाषा। भोपाल

कांग्रेस महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया (47) ने अपने ट्विटर हैंडल के स्टेटस से पूर्व सांसद गुना एवं पूर्व मंत्री हटाकर जनसेवक और क्रिकेट प्रेमी कर दिया है। उनके इस कदम से मध्य प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। लोग अनुमान लगा रहे हैं कि पार्टी में कुछ महीनों से हो रही उनकी उपेक्षा के चलते वह कांग्रेस से बाहर अपना राजनीतिक करियर शुरू कर सकते हैं।

हालांकि, कांग्रेस ने इन सभी अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के कहने पर उन्होंने ट्विटर हैंडल पर अपना स्टेटस संक्षिप्त किया है और वह भी एक महीने पहले। इसे गलत परिप्रेक्ष्य में नहीं लिया जाना चाहिए। सिंधिया के करीबी माने जाने वाले मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने सोमवार को बताया, सिंधिया ने जो ट्विटर पर स्टेटस बदला है, यह आज नहीं बदला है। एक महीने पुराना बदला हुआ स्टेटस है। उसके पहले के स्टेटस में उन्होंने पूर्व सांसद गुना एवं पूर्व मंत्री लिखा था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के बाद यह सुझाव आया कि इसका संक्षिप्तीकरण कर दिया जाए और सिंधियाजी ने इसे संक्षिप्त कर अब लिखा है जनसेवक और क्रिकेट प्रेमी। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई राजनीतिक विवाद का विषय या कोई राजनीतिक पहलु है। इस बात को निरर्थक तूल दिया जा रहा है। नई बात नहीं है, पुरानी चीज है।

जब उनसे सवाल किया गया कि कहीं कांग्रेस को लेकर सिंधिया में नाराजगी तो नहीं है, तो इस पर चतुर्वेदी ने कहा, नाराजगी उस व्यक्ति की होती है जिसकी कोई मांग पूरी न हो। सिंधियाजी हमेशा कहते हैं कि वह कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं और कांग्रेस की विचारधारा के लिए काम करते हैं। उन्होंने आज तक कांग्रेस पार्टी में स्वयं के लिए किसी पद की मांग नहीं की है। जो जिम्मा कांग्रेस ने सिंधियाजी को दी, उसका उन्होंने निर्वहन किया। जब मांग ही नहीं हो, तो नाराजगी किस बात की।

उन्होंने कहा, वह (सिंधिया) कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं, राजनेता हैं और उसी भाव और भावना के साथ काम कर रहे हैं। वहीं, मध्य प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता दीपक विजयवर्गीय ने बताया, सिंधिया कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस नीत मध्य प्रदेश सरकार के काम करने के तरीके के खिलाफ सार्वजनिक रूप से अपनी मनोव्यथा व्यक्त करते रहे हैं। कांग्रेस में उनका दम घुट रहा है। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश कांग्रेस में सिंधिया एवं उनके समर्थकों की उपेक्षा हो रही है।

जम्मू में विशेष पुलिस अधिकारी पद के लिए लाइन में लगे अभ्यर्थियों को व्यवस्थित करता सुरक्षाकर्मी

क्विक न्यूज

जेएसडब्ल्यू समूह ने पारादीप बंदरगाह पर लौह अयस्क टर्मिनल चालू किया

मुंबई। सज्जन जिंदल की अगुवाई वाला जेएसडब्ल्यू समूह ने ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर लौह अयस्क टर्मिनल के निर्माण मे 750 करोड़ रुपए निवेश किया है।समूह ने सोमवार को कहा कि 370 मीटर लंबा टर्मिनल के रखरखाव की क्षमता 1.8 करोड़ टन है। इसे कंपनी की इकाई जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर पहले ही चालू कर चुकी है। पारादीप पोर्ट ट्रस्ट ने जेएसडब्ल्यू इंफ्रा को पूर्ण रूप से मशीनीकृत लौह अयस्क निर्यात टर्मिनल बनाओ, अपनाओ और सौंप दो (बीओटी) आधार पर विकसित करने का जिम्मा सौंपा था। यह 30 साल के लिए है। इस टर्मिनल के चालू होने से बंदरगाह की माल ढुलाई क्षमता 10 करोड़ टन सालाना से अधिक हो गई है।

अडाणी ग्रीन एनर्जी के सीएफओ अशीष गर्ग का इस्तीफा

नई दिल्ली। अडाणी ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को कहा कि उसके मुख्य वित्तीय अधिकारी अशीष गर्ग ने तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। बंबई शेयर बाजार को भेजी सूचना मे कंपनी ने कहा कि गर्ग ने कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के पद से 25 नवंबर 2015 से इस्तीफा दे दिया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी समूह की नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी है।

जेएमसी प्रोजैक्ट्स को 615 करोड़ रुपए के आर्डर मिले

नई दिल्ली। इंजीनियरिंग और निर्माण क्षेत्र की कंपनी जेएमसी प्रोजैक्ट्स (इंडिया) ने सोमवार को कहा कि उसे 615 करोड़ रुपए के नए आर्डर प्राप्त हुए है। कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन की अनुषंगी कंपनी जेएमसी प्रोजैक्ट्स सिविल इंजीनियरिंग और इंजीनियरिंग, खरीद तथा निर्माण क्षेत्र मे काम करती है। कंपनी ने बंबई शेयर बाजार को भेजी सूचना मे कहा है, जेएमसी प्रोजैक्ट्स इंडिया को पूर्वी और दक्षिण भारत मे संस्थागत और वाणिज्यिक भवन परियोजनाओ के लिए कुल 615 करोड़ रुपए के आर्डर प्राप्त हुए है। कंपनी के सीईओ और उप-प्रबंध निदेशक एस.के. त्रिपाठी ने कहा, पहले प्राप्त आर्डर समेत इन नए आर्डर के मिलने से कंपनी को उसकी आर्डर बुक को और मजबूत करने मे मदद मिलेगी। इसके साथ ही भवन निर्माण और फैक्टरी कारोबार मे हमारा ग्राहक आधार मजबूत होगा।

गोदरेज एप्लायंसेज 700 करोड़ रुपए निवेश करेगी

नई दिल्ली। गोदरेज एप्लायंसेज ने सोमवार को कहा कि अगले दो से तीन साल मे वह अपनी सालाना उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 700 करोड़ रुपए निवेश करेगी। कंपनी की योजना 2022 तक विभिन्न सामानो और उपकरणो का उत्पादन 19 लाख इकाई बढ़ाकर 65 लाख इकाई सालाना तक पहुंचाने की योजना है। घरेलू उपयोग के सामान बनाने वाली इस कंपनी की योजना अपने उपकरणो मे नई तकनीक अपनाने की भी है। इसके साथ ही कंपनी अपने उत्पादन प्रक्रिया को सुगठित भी बनाएगी। गोदरज एण्ड बायस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी की इस इकाई ने कहा, वर्ष 2022 तक गोदरज एप्लायंसेज 700 करोड़ रुपए का निवेश करने की पूरी तैयारी मे है। इस नए आंकड़े के साथ क्षमता और प्रौद्योगिकी विस्तार के क्षेत्र मे गोदरेज एप्लायंसेज का कुल निवेश छह साल की अवधि मे 1,100 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। कंपनी ने कहा है कि इस निवेश के साथ उसके शिरवाल और मोहाली संयंत्रो मे वाशिंग मशीन विनिर्माण की मौजूदा क्षमता को दुगुना किया जा सकेगा।

पेटीएम ने वित्त पोषण के जरिए जुटाई एक अरब डॉलर की पूंजी

नई दिल्ली। डिजिटल भुगतान कंपनी पेटीएम ने एक अरब डॉलर (करीब 7,173 करोड़ रुपए) की पूंजी जुटाई है। यह राशि अमेरिका की संपत्ति प्रबंधन कंपनी टी रोव प्राइस की अगुवाई मे जुटाई गई।कंपनी के बयान के अनुसार मौजूदा निवेशक अलीबाबा और साफ्टबैंक ने भी वित्त पोषण प्रक्रिया मे भाग लिया। पेटीएम की वित्तीय सेवाओ के विस्तार के लिए अगले तीन साल मे 1.4 अरब डॉलर के निवेश की योजना है। कंपनी के अनुसार, पेटीएम उन क्षेत्रो मे वित्तीय समावेश के लिए अगले तीन साल मे 10,000 करोड़ रुपए (1.4 अरब डॉलर) निवेश करेगी जहां अब तक लोग इस प्रकार की सुविधाओं से वंचित है। पेटीएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय शेखर शर्मा ने कहा कि एक अरब डॉलर की राशि टी रोव प्राइस की अगुवाई मे जुटाई गई। इसमे चीन की ई-वाणिज्य कंपनी अलीबाबा की अनुषंगी एंट फाइनेंशियल ने 40 करोड़ डॉलर और साफ्टबैंक ने 20 करोड़ डॉलर की पूंजी डाली। इससे कंपनी का मूल्यांकन 16 अरब डॉलर पहुंच गया है।

शेयर बाजारों में जोरदार तेजी, सेंसेक्स 530 अंक उछलकर नई ऊंचाई पर

भाषा। मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को जोरदार तेजी रही और बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स सोमवार को 530 अंक उछलकर 40,889.23 अंक की नई ऊंचाई पर बंद हुआ। अमेरिका-चीन के बीच व्यापार समझौते की उम्मीद बढ़ने और वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ ही सरकार के विनिवेश संबंधी निर्णयों से बाजार में उत्साह दिखा।

इसके अलावा आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में कटौती के आसार बढ़ने से भी निवेशक धारणा को बल मिला। स्थानीय बाजार में मुख्य रूप से दूरसंचार, धातु और वाहन कंपनियों के शेयरों में निवेशकों का जोरदार समर्थन दिखा।

तीस शेयरों वाला बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान एक समय 40,931.71 के नए रिकार्ड स्तर तक चला गया था। अंत में यह 529.82 अंक यानी 1.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,889.23 अंक पर बंद हुआ। यह सेंसेक्स का बंद के समय का अब तक का उच्चतम स्तर है।इसी प्रकार, नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी 159.35 अंक यानी 1.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,073.75 अंक पर बंद हुआ। यह रिकार्ड ऊंचाई से कुछ ही नीचे बंद हुआ। धातु, एफएमसीजी (दैनिक उपयोग के सामान) समेत सभी खंडवार सूचकांक लाभ के साथ बंद हुए। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। कंपनी का शेयर 7.20 प्रतिशत मजबूत हुआ। उसके बाद क्रमश: टाटा स्टील (4.99 प्रतिशत), इंडसइंड बैंक (3.49 प्रतिशत), एक्सिस बैंक (3.26 प्रतिशत) तथा वेदांता लि. (2.57 प्रतिशत) का स्थान रहा। ओएनजीसी तथा एस बैंक को छोड़कर सेंसेक्स में शामिल सभी शेयरों में तेजी रही।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ऐसे संकेत हैं कि अमेरिका तथा चीन अगले महीने व्यापार समझौते को निष्कर्ष पर पहुंचा सकते हैं। इससे वैश्विक स्तर पर धारणा को बल मिला...राजकोषीय घाटे पर अंकुश लगाने के लिए विनिवेश के निर्णय से भी भारतीय बाजार में भरोसा बढ़ा। इसके अलावा आरबीआई द्वारा आगामी मौद्रिक नीति बैठक में नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से भी संबंधित शेयरों में तेजी आई।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले सप्ताह बीपीसीएल, जहाजरानी निगम, और कॉनकार में सरकार की हिस्सेदारी बेचने को मंजूरी दी। साथ ही चुनिंदा सार्वजनिक उपक्रमों में हिस्सेदारी 51 प्रतिशत से नीचे लाने का फैसला किया। विश्लेषकों के अनुसार इसके अलावा एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशकों) के भारत जैसे उभरते बाजारों को तरजीह देने से भी धारणा को बल मिला। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई (चीन), हांगकांग, सियोल (दक्षिण कोरिया) और तोक्यो (जापान) के शेयर बाजारों में 1.50 प्रतिशत तक की तेजी रही। वहीं यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में भी शुरूआती कारोबार में बढ़त देखने को मिली।

शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 1.81 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

नई दिल्ली। शेयर बाजारों में सोमवार को आई जोरदार तेजी से निवेशकों की संपत्ति 1.81 लाख करोड़ रुपए बढ़ी। अमेरिका-चीन के बीच व्यापार समझौते की उम्मीद बढ़ने और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स सोमवार को 530 अंक उछलकर 40,889.23 अंक की नई ऊंचाई पर बंद हुआ। तीस शेयरों वाला सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान एक समय 40,931.71 के नए रिकार्ड स्तर तक चला गया था। अंत में यह 529.82 अंक यानी 1.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,889.23 अंक पर बंद हुआ। यह सेंसेक्स का बंद के समय का अब तक का उच्चतम स्तर है।इस तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,81,930.89 करोड़ रुपए बढ़कर 1,54,55,740.67 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 लाभ में रहे। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। कंपनी का शेयर 7.20 प्रतिशत मजबूत हुआ। उसके बाद क्रमश: टाटा स्टील (4.99 प्रतिशत), इंडसइंड बैंक (3.49 प्रतिशत), एक्सिस बैंक (3.26 प्रतिशत) तथा वेदांता लि. (2.57 प्रतिशत) का स्थान रहा। ओएनजीसी तथा एस बैंक को छोड़कर सेंसेक्स में शामिल सभी शेयरों में तेजी रही। बीएसई के 1,413 शेयरों में तेजी आई जबकि 1,086 में गिरावट दर्ज की गई। वहीं 208 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

देश में कागज की खपत 2024-25 तक 2.4 करोड़ टन पहुंचने का अनुमान

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय कागज उद्योग का अनुमान है कि देश में कागज उद्योग औसतन सालाना 12 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर सकता है और इसके साथ अगले पांच साल में 2024-25 तक कागज की घरेलू खपत 2.4 करोड़ टन पहुंचने का अनुमान है। कागज विनिर्माताओं के संघ इंडियन पेपर एंड मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस समय कागज की खपत 1.5 करोड़ टन है।

एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और सेंचुरी पेपर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जे. पी. नारायण ने राजधानी में अगले सप्ताह आयोजित की जा रही कागज उद्योग की प्रदर्शनी पेपरएक्स2019 से पहले विज्ञप्ति में कहा, कागज उद्योग बदलाव के दौर से गुजर रहा है। कुछ बड़ी कागज कंपनियां अपने किसी क्षेत्र, उत्पाद या श्रेणी विशेष की मांग को मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन क्षमता का विस्तार कर रही हैं। उन्होंने कहा, अभी देश में कागज की कुल खपत डेढ़ करोड़ टन है जिसके 2024-25 तक बढ़कर 2.4 करोड़ टन होने का अनुमान है। नारायण ने कहा कि इस उद्योग की सालाना वृद्धि करीब 12 प्रतिशत रहने की उम्मीद हैं

पेपरएक्स, कागज उद्योग से जुड़ी दुनिया की सबसे बड़ी प्रदर्शनियों में से एक है। इस साल यह 3-6 दिसंबर दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित की जा रही है। विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्री नितिन गडकरी इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

कागज उद्योग क्षेत्र के वैश्विक समूह एशियाहाइव ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक गार्डन पेनी ने कहा, भारत को पेपरएक्स उद्योग प्रदर्शनी के आयोजन पर वास्तव में गर्व होना चाहिए। यह उद्यमियों को इस उद्योग के ताजा रुझानों और प्रौद्योगिकी को एक साथ देखने समझने तथा नए पुराने उद्यमियों को आपस में मिलने का एक बड़ा अवसर उपलब्ध कराती है। संघ ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इस प्रदर्शनी में 28 देशों के 700 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रदर्शनी में करीब 30,000 कारोबारी आगंतुकों के आने का अनुमान है। कागज उत्पादन से जुड़े देशभर के 1,100 से अधिक लघु उद्योग (एमएसएमई) पहली बार इस प्रदर्शनी में शामिल होंगे।नारायण ने कहा, मेरा मानना है कि देश में इस उद्योग के अंदर विलय और एकीकरण के रुझान बढ़ेंगे। हमें अधिक कंपनियों के विलय एवं अधिग्रहण देखने को मिल सकते हैं। चूंकि इस उद्योग में श्रमबल की आवश्यकता होती है, इसलिए उद्योग के विस्तार से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार बढ़ेगा। वर्तमान में देश में 462 कागज मिलें हैं। यह हर साल करीब तीन करोड़ टन कागत का उत्पादन करती हैं। पिछले तीन साल में देश का कागज निर्यात 6.6 लाख टन से बढ़कर 15 लाख टन हो गया है।

जम्मू में धान क्रय क्रेंद्र पर धान की तौल कराते किसान



एप्पल भारत में करेगी आईफोन एक्सआर का विनिर्माण: प्रसाद

भाषा। नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने सोमवार को कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एप्पल ने घरेलू बाजार और निर्यात के लिए आईफोन एक्सआर का उत्पाद शुरू किया है। उन्होंने कहा कि सरकार देश में मोबाइल फोन विनिर्माण को बढ़ावा दे रही है।

मंत्री ने यह भी कहा कि मोबाइल चार्जर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी सालकांप ने चेन्नई के समीप स्थित सेज में नोकिया के बंद कारखाने को लेने के लिए समझौता किया है। कंपनी आईफोन के लिए एप्पल को चार्जर की आपूर्ति करती है।सालकांप इकाई को पटरी पर लाएगी जो करीब 10 साल से बंद हैं। यह कारखाना मार्च 2020 से परिचालन में आ जाएगा। इकाई चार्जर और अन्य उपकरण का उत्पादन करेगी। कंपनी इसमें पांच साल में 2,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी।

प्रसाद ने कहा, नोकिया का कारखाना 10 साल से बंद है और उसे फिर से चालू किया जाएगा। इससे प्रत्यक्ष रूप से 10,000 और परोक्ष रूप से 50,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश का मोबाइल के साथ-साथ अन्य उपकरणों का निर्यात 2019-20 में 1.6 अरब डॉलर के पार कर जाने की उम्मीद है।

डीबीएस का अनुमान

दूसरी छमाही में बनी रह सकती है आर्थिक सुस्ती

भाषा। सिंगापुर

भारत की आर्थिक वृद्धि दर में आने वाले महीनों में खपत क्षेत्र की कमजोरी के चलते दूसरी छमाही के दौरान आर्थिक सुस्ती और गहरा सकती है। सिंगापुर के डीबीएस बैंक ने सोमवार को यह अनुमान व्यक्त किया। डीबीएस ने अपनी दैनिक आर्थिक रिपोर्ट में कहा है, वर्ष 2019 में अप्रैल से जून के पांच प्रतिशत के मुकाबले जुलाई से सितंबर में साल दर साल आधार पर वास्तविक जीडीपी वृद्धि 4.3 प्रतिशत रह सकती है। बैंक ने कहा है कि निजी क्षेत्र में गतिविधियों के कमजोर रहने के साथ साथ आर्थिक वृद्धि के लिहाज से अहम माने जाने वाले खपत क्षेत्र में सुस्ती बढ़ सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नई परियोजनाओं की घोषणा की रफ्तार कई साल के निम्न स्तर पर पहुंच गई है। दूसरी तरफ मध्यवर्ती और पूंजीगत सामानों, टिकाऊ उपभोक्ता क्षेत्र की कमजोर मांग की वजह से उत्पादन की रफ्तार भी धीमी पड़ी है। रिजर्व बैंक की सर्वेक्षण रिपोर्टों में आय और रोजगार की स्थिति को लेकर उपभोक्ता धारणा में गिरावट का रुख परिलक्षित होता है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर संग्रह भी मांग में कमी को दर्शाते हैं। बैंकों और गैर-बैंकिंग क्षेत्र में रिण वृद्धि भी पहले के मुकाबले धीमी पड़ी है। बैंकों ने कर्ज देने के मामले में छानबीन और दस्तावेजों की पड़ताल में सख्ती बरतनी शुरू की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थिति में संतुलन लाने के प्रयासस्वरूप वर्ष के शुरुआती महीनों में आम चुनाव की वजह से खर्च आवंटन धीमा रहने के बाद अब वित्तीय खर्च में तेजी आ सकती है।

सरकार ने चीनी टायर कोर्ड फेब्रिक पर डंपिंग रोधी शुल्क जारी रखने को लेकर जांच शुरू की

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने चीन से आयात होने वाले नाइलोन टायर कोर्ड फेब्रिक पर मौजूदा डंपिंग रोधी शुल्क जारी रखने की आवश्यकता की समीक्षा को लेकर जांच शुरू की है। मंत्रालय ने घरेलू उद्योग से मिली शिकायतों के बाद यह कदम उठाया है।एसोसिएशन ऑफ सिंथेटिक फाइबर इंडस्ट्री ने अपने सदस्यों... एसआरएफ लि. और सेंचुरी एंका लि... ने चीन से नाइलोन टायर कोर्ड फैब्रिक के आयात पर डंपिंग रोधी शुल्क जारी रखने की सिफारिश की है।मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की एक अधिसूचना के अनुसार आवेदनकर्ताओं ने साक्ष्य पेश किया है कि चीनी कंपनियां भारत में डंपिंग कर सकती हैं।अधिसूचना के अनुसार, प्राधिकरण ने शुल्क जारी रखने की जरूरत की समीक्षा को लेकर जांच शुरू की है...।

बेंगलूरू में आफिस किराया वृद्धि एशिया प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेज

भाषा। नई दिल्ली

रिपोर्ट

भारत में आर्थिक वृद्धि दर में नरमी के बावजूद बड़े शहरों में कार्यालय स्थल किराए का बाजार मजबूत बना हुआ है। एशिया प्रशांत क्षेत्र में तेजी से महंगे होते 20 कार्यालय स्थलों में बेंगलूरू केन्द्रीय व्यावसायिक जिला (सीबीडी) सबसे आगे रहा है। वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का कनाट प्लेस इस सूची में सातवें और मुंबई का बांद्रा कुर्ला परिसर 11वें स्थान पर रहा है। अंतरराष्ट्रीय संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक की ताजा तिमाही रपट के एशिया-पैसिफिक प्राइम ऑफिस रेंटल इंडेक्स 2019 के अनुसार बेंगलुरू में एमजी रोड, इन्फैंट्री रोड और रेजिडेंसी रोड जैसे इलाकों वाले केंद्रीय व्यावसायिक क्षेत्र (सीबीडी) में कार्यालय-स्थल के किराए में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है।

रपट के अनुसार बेंगलूरू के सीबीडी में 2019 की तीसरी तिमाही में कार्यालयों के किराए में सबसे अधिक 17.6% सालाना वृद्धि देखी गई। बेंगलुरु के बाद दूसरे और तीसरे स्थान पर मेलबर्न और बैंकॉक के सीबीडी का स्थान रहा, जहां पर कार्यालय के किरायों में क्रमश: 15.5% और 9.4% की सालाना वृद्धि देखी गई।नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, ऑफिसि की जगह का बाजार भारत में लगातार बढ़ रहा है और यह सब किराया दर में झलकता है। रपट के अनुसार 2019 की पहली छमाही के बाद से आईटी। आईटीईएस क्षेत्र में तेजी लौटने और निर्माण कंपनियों द्वारा बढ़ती गतिविधि ने बेंगलुरू सीबीडी में मांग में उछाल बनाए रखा। बेंगलूर के सीबीडी में नए और उच्च मूल्य वाली सम्पत्तियों के ऑनलाइन होने के साथ-साथ अच्छी संपत्तियों के किरायों में भी बढ़ोतरी हुई। रपट के अनुसार दिल्ली का कनॉट पैलेस और मुंबई में बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी)एशिया प्रशांत क्षेत्र में क्रमश: 7वें और 11वें सबसे तेजी से बढ़ते प्रमुख कार्यालय-स्थल के बाजार रहे। इन बाजारों में 2019 की तीसरी तिमाही में तुलनात्मक किराया वृद्धि 4.4% और 2% सालाना थी। हांगकांग 206.6 डॉलर प्रति वर्गमीटर के मासिक किराए के साथ एशिया प्रशांत क्षेत्र में सबसे महंगा बाजार था, इसके बाद टोक्यो (110.9 डालर प्रति वर्गमीटर) और सिंगापुर (80.5 डालर प्रतिवर्गमीटर) का स्थान रहा।एनसीआर दिल्ली और मुंबई के केंद्रीय व्यावसायिक इलाकों को आफिस के किराए के लिहाज से 5वें और 7वें सबसे महंगे बाजार के रूप में रखा गया। इसमें औसत मासिक किराया 51.8 डॉलर प्रति वर्गमीटर और 46.2 डॉलर प्रति वर्गमीटर है।

एनबीएफसी, एचएफसी को दिवाला प्रक्रिया में देने का प्रावधान बैंकों के लिए सकारात्मक

भाषा। मुंबई

गैर- बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और आवास वित्त कंपनियों (एनबीएफसी, एचएफसी) के खिलाफ दिवाला कार्वाई शुरू किए जाने की अनुमति दिया जाना बैंकों के लिए सकारात्मक कदम है। इस कदम से इन वित्तीय कंपनियों में फंसे कर्ज का सुनियोजित तरीके से समाधान हो सकेगा। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

सरकार ने हाल ही में रिजर्व बैंक को यह अधिकार दिया है कि कम से कम 500 करोड़ रुपए की निवल संपत्ति वाली दबाव में फंसी एनबीएफसी और एचएफसी को दिवाला प्रक्रिया के तहत भेजा जा सकता है। सरकार ने इसके लिए हाल ही में दिवाला एवं रिण शोधन अक्षमता संहिता की धारा 227 को अधिसूचित किया है। इससे पहले कर्ज बोझ के दबाव में फंसी एनबीएफसी के लिए समाधान

निकालने का एकमात्र जरिया उनका परिसमापन किया जाना था। बहरहाल, रिजर्व बैंक को दिवाला प्रक्रिया में भेजने का अधिकार मिलने के बाद डीएचएफएल पहली आवास वित्त कंपनी बनी है जिसे दिवाला प्रक्रिया अदालत में भेजा गया है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा, एनबीएफसी को दिवाला कानून के तहत लाए जाने का कदम बैंकों के लिए सकारात्मक होगा। दिवाला संहिता में दबाव में फंसी कंपनियों का सुनियोजित तरीके से समाधान करने का प्रावधान है। एनबीएफसी और एचएफसी के लिए धन का सबसे बड़ा स्रोत बैंक ही होते हैं। बैंकों से ही कर्ज लेकर ए संस्थाएं आगे आवास रिण एव अन्य कार्यों के लिए कर्ज देतीं हैं। दिवाला एवं रिण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा 227 के तहत सरकार को अधिकार दिया गया है कि वह वित्तीय क्षेत्र के नियामक के साथ विचार विमर्श के बाद दिवाला एवं परिसमापन प्रक्रिया के लिए अधिसूचना जारी कर सकती है। इस धारा में इसका उल्लेख है कि एनबीएफसी और एचएफसी के मामले में रिजर्व बैंक दिवाला प्रक्रिया शुरू कर सकता है। रिजर्व बैंक ने 20 नवंबर को डीएचएफएल के निदेशक मंडल को भंग कर अपना प्रशासक उसमें बिठा दिया। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि वह कर्ज संकट में फंसी इस कंपनी में दिवाला प्रक्रिया की शुरुआत करेगा।

श्रीलंका ऐसा कुछ भी नहीं करेगा जिससे भारत के हितों को नुकसान हो: राजपक्षे

भाषा। कोलंबो

श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ काम करेगा और वह ऐसा कुछ नहीं करेगा जिससे उसके हितों को नुकसान पहुंचे। राजपक्षे ने इस सप्ताह के अंत में भारत की अपनी यात्रा से पहले कहा कि वह चाहते है कि श्रीलंका एक तटस्थ देश बने और सभी देशों के साथ मिलकर काम करे। उन्होंने कहा, हम भारत के साथ एक मित्र राष्ट्र के रूप में काम करेंगे और ऐसा कुछ नहीं करेंगे जिससे भारत के हितों को नुकसान पहुंचे। राजपक्षे 29 नवम्बर को श्रीलंकाई राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के रूप में भारत की यात्रा पर जाएंगे।

उन्होंने भारतशक्ति डॉट इन के नितिन गोखले और स्ट्रेटेजिक न्यूज इंटरनेशनल को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हम एक तटस्थ देश बनना चाहते हैं। पिछले सप्ताह श्रीलंका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले राजपक्षे ने कहा, हम महाशक्तियों के शक्ति संघर्षों में नहीं पड़ना चाहते है ... हम इतने छोटे हैं कि हम इन कृत्यो में पड़कर खुद को बनाए नहीं रख सकते हैं। राजपक्षे ने कहा कि हम भारत और चीन दोनों से करीबी संबंध चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम सभी देशों के साथ काम करना चाहते हैं और हम ऐसा कुछ भी नहीं करना चाहते हैं जो किसी मामले में किसी अन्य देश को नुकसान पहुंचाए। हम भारत की चिंताओं को समझते हैं, इसलिए हम किसी भी उस गतिविधि में शामिल नहीं हो सकते हैं जिससे भारत की सुरक्षा को खतरा हो।

श्रीलंका सरकार एनजीओ के दबाव में नहीं झुकेगी

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने कहा है कि उनकी सरकार गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के दबाव में नहीं झुकेगी और स्थिति को बदलने की आवश्यकता है। राजपक्षे ने यहां एक शीर्ष बौद्ध मंदिर के दर्शन और मंदिर के मुख्य पदाधिकारी डॉ. बेल्लनविला धम्मरत्न थेरा से मिलने के बाद कुछ सीआईडी अधिकारियों द्वारा की गई जांच की आलोचना की और आरोप लगाया कि उन्होंने कुछ एनजीओ की उम्मीदों को पूरा करने के लिए जांच की। कोलंबो पेज समाचार पोर्टल ने उनके हवाले से कहा कि एनजीओ वह नहीं कर सकते जो वे चाहते हैं हैं और स्थिति को बदले जाने की आवश्यकता है। राजपक्षे ने कहा कि वह एनजीओ के हितों को पूरा करने के लिए काम नहीं करेंगे।

उन्होंने मंदिर में भिक्षुओं से कहा कि वह लोगों के जनादेश के अनुरूप काम करेंगे। राष्ट्रपति ने यह भी उल्लेख किया कि युद्ध नायकों पर मुकदमा चलाने की कोशिश करने वाला सीआईडी का मुख्य निरीक्षक निशांत डिसिल्वा अपने परिवार के साथ रविवार को देश छोड़कर जिनेवा भाग गया।

हांगकांग में चुनाव में जीत मिलने पर खुशी मनाते लोकतंत्र समर्थक

अमरिंदर सिंह ने करतारपुर गलियारे के लिए सेवा शुल्क पर पुन: विचार करने की अपील की

भाषा। बर्मिंघम

पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने पाकिस्तान से करतारपुर गलियारे के लिए श्रद्धालुओं से सेवा शुल्क वसूलने पर पुन: विचार करने की अपील करते हुए कहा कि यह गलियारा शांति और उम्मीद का प्रतीक है। सिंह ने सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के हिस्से के तौर पर बर्मिंघम टॉउन हॉल में रविवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान को श्रद्धालुओं के लिए पासपोर्ट अनिवार्य करने के निर्णय पर भी फिर से सोचना चाहिए। सिंह ने कहा कि ए सभी धार्मिक स्थल सभी समुदाय के हैं। हमें किसी को भी हमारी तरफ आने से नहीं रोकना चाहिए, चाहे यह अजमेर शरीफ हो या निजामुद्दीन की दरगाह। उन्होंने कहा कि हमारी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हमसे पैसे वसूलने का कारोबार जारी नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके विदेश कार्यालय को खत लिखकर मामले पर गौर करने की गुजारिश की है।

सिंह ने कहा कि उनका मानना है कि पहचान साक्ष्य के तौर पर आधार कार्ड को स्वीकार करना चाहिए, ताकि जो गरीब लोग पासपोर्ट नहीं बनवा सकते हैं, वह भी करतारपुर साहिब के दर्शन कर सकें। सिंह ने करतारपुर गलियारा खोल कर शांति की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इमरान खान के प्रति आभार व्यक्त किया। सिंह ने उम्मीद जताई कि यह पाकिस्तान में भारतीयों को प्रार्थना करने के लिए अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को खोलने का रास्ता बनाएगा। सिंह ने पांच-छह दिसंबर को होने वाले प्रोग्रेसिव पंजाब इंवेस्टर्स समिट में हिस्सा लेने के लिए ब्रिटेन के कारोबारियों से अपील की। वहीं, अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने बर्मिंघम में आयोजित कार्यक्रम में कथित रूप से बाधा डाली और नारेबाजी की।

कांगो में आतंकवादी हमले में आठ लोगों की मौत

बेनी (डीआर कांगो) (एएफपी)। लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो के अस्थिर शहर बेनी में ताजा उग्रवादी हमले में रात भर में आठ नागरिकों की मौत हो गई जबकि गुस्साए लोगों ने सोमवार को टाउन हॉल को आग के हवाले कर दिया। सेना के एक प्रवक्ता कर्नल माक हाजुकई ने युगांडा की सीमा के समीप स्थित शहर में आठ लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दुश्मन बोइकेने में घुसे और आठ नागरिकों की हत्या कर दी।

नाराज स्थानीय निवासियों ने इसके बाद टाउन हॉल को फूंक दिया और फिर बेनी के बाहरी इलाके में लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा मिशन के शिविर की ओर बढ़ गए। उन्होंने शांतिरक्षकों पर हमले न रोक पाने का आरोप लगाया।

स्वीडन के एक द्वीप के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है अन्ना हजारे का गांव

भाषा। स्टॉकहोम

सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे का गांव रालेगण सिद्धि इन दिनों बाल्टिक सागर में एक स्वीडिश द्वीप की भूजल रिचार्जिंग परियोजना के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। इस द्वीप में गर्मियों के दौरान पीने के पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्वीडन के मुख्यभाग में करीब एक करोड़ आबादी के लिए साफ पानी की कोई कमी नहीं है, लेकिन इस द्वीप में हालात एकदम उल्टे हैं। इस द्वीप की आबादी करीब 900 है, लेकिन गर्मियों में स्थानीय निवासियों के साथ ही पर्यटकों की आवक बढ़ने से भूजल का संकट खड़ा हो जाता है। ऐसे में स्थानीय प्रशासन को भवन निर्माण और पानी पर आधारित अन्य गतिविधियों को रोकना पड़ता है।

यहां पानी की किल्लत की वजह स्ट्रॉसड्रेट की मिट्टी की पतली परत में छिपी है, जिसके चलते बारिश का पानी भूजल को रिचार्ज नहीं कर पाता है और बहुत जल्दी समुद्र में बह जाता है। आईवीएल स्वीडिश पर्यावरण अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञ स्टॉफेन फिलिप्सन ने बताया कि गॉटलैंड के दक्षिणी हिस्से में पानी की काफी कमी है। इसलिए उत्तरी हिस्से से पानी की आपूर्ति की गई और विशेष प्रकार की जलशोधन विधि टेस्ट बेड का इस्तेमाल भी किया गया। शोधकर्ताओं ने बाल्टिक सागर का पानी भी शोधित करने की कोशिश की, हालांकि इसमें बहुत अधिक ऊर्जा खर्च होती थी। ऐसे में आईवीएल की एक अन्य विशेषज्ञ रूपाली देशमुख ने जल संचय के लिए भारत के गांवों के परंपरागत तरीकों को इस्तेमाल करने का सुझाव दिया। इसके नतीजों के अध्ययन के लिए इसे नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी साधनों से जोड़ा गया। फिलिप्सन ने कहा कि स्ट्रॉसड्रेट की जरूरत को पूरा करने के लिए यहां बारिश तो बहुत होती है, बस चुनौती उस पानी को रोक पाने की थी।

मतदाताओ की आवाज विनम्रता से सुनेगी सरकार: कैरी लैम

एएफपी। हांगकांग

सामुदायिक स्तर के चुनावों में लोकतंत्र समर्थकों को मिली शानदार जीत के बाद हांगकांग की विवादित नेता कैरी लैम ने सोमवार को कहा कि सरकार लोगों की आवाज विनम्रता से सुनेगी। हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक उम्मीदवारों ने शहर की 452 सदस्ईय 18 जिला परिषदों में भारी जीत दर्ज कर शानदार बहुमत हासिल किया।

इन सीटों पर चीन समर्थकों का दबदबा था। ये परिणाम चीन और मुख्य कार्यकारी कैरी लैम को करारा झटका हैं जिन्होंने राजनीतिक सुधार की मांग को खारिज कर दिया था और बार-बार कहा था कि अधिकतर लोग उनके प्रशासन के मौन समर्थक हैं और प्रदर्शन के विरोधी हैं। लैम ने सरकार की ओर से जारी एक बयान में कहा, सरकार नागरिकों की राय निश्चय ही विनम्रता से सुनेगी और उनपर गंभीरता से विचार करेगी।

प्योंगयांग में एक सैन्य इकाई का निरीक्षण करते उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग

अमेरिकी रक्षा मंत्री ने सील विवाद को लेकर नौसेना सचिव को निकाला

एपी। वाशिंगटन

अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने व्हाइट हाउस के समक्ष कथित तौर पर एक प्रस्ताव रखने के लिए नौसेना के एक शीर्ष अधिकारी को निकाल दिया है। पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता जोनाथन हॉफमैन ने बताया कि एस्पर के अनुरोध पर नौसेना अधिकारी रिचर्ड स्पेंसर ने रविवार को अपना इस्तीफा सौंप दिया। एस्पर ने कहा कि उन्होंने व्हाइट हाउस से सिफारिश की कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नॉर्वे में अमेरिका के राजदूत केनेथ ब्रेथवेट को स्पेंसर के उत्तराधिकारी के तौर पर नामित करें जो नेवी के अवकाश प्राप्त रियर एडमिरल हैं। यह पूरा मामला नेवी चीफ पेटी ऑफिसर एडवर्ड गैलाघर से जुड़ा है। बुधवार को नौसेना ने सूचित किया था कि गैलाघर इस बात की जांच का सामना करेंगे कि उन्हें नेवी सील में रखा जाए या नहीं। गैलाघर को इस्लामिक स्टेट के एक बंधक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप से बरी कर दिया गया लेकिन सेना की जूरी ने उन्हें 2017 में इराक रहते हुए शव के साथ तस्वीर खिंचवाने का दोषी पाया। उन्हें पदावनत कर दिया गया लेकिन ट्रम्प ने इस महीने गैलाघर की रैंक बहाल कर दी।

न्यू जर्सी के गवर्नर ने सिख समुदाय की प्रशंसा की

वाशिंगटन (भाषा)। न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने राज्य में विकास और सांस्कृतिक विविधता में अमेरिकी सिखों के योगदान की सराहना की। सिख पगड़ी पहनकर मर्फी ने सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के साथ अपने भाषण की शुरुआत की।

भारतीय किशोर, अन्य देशों के किशोरों की तुलना में अधिक सक्रिय हैं : डब्ल्यूएचओ

किशोरियों के मामले में भी बांग्लादेश और भारत का प्रदर्शन सबसे अच्छा

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

जब पूरा विश्व तकनीक के बढ़ते प्रभाव की वजह से बदलती जीवनशैली के कारण शारीरिक सक्रियता कम होने से जुड़ी समस्याओं को लेकर चिंतित है, तब ऐसे में भारत के लिए थोड़ी राहत की बात है कि उसके किशोर अन्य देशों के किशोरों की तुलना में अधिक सक्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। अध्ययन के परिणाम में कहा गया है कि लड़कियों के घरेलू काम करने और लड़कों के क्रिकेट जैसे खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के कारण वे शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं।

डब्ल्यूएचओ ने 11 से 17 उम्र के छात्रों को लेकर अपनी तरह का पहला अध्ययन किया है। उसने कहा कि विश्व भर में करीब 80 प्रतिशत किशोर प्रतिदिन 60 मिनट से भी कम समय के लिए कोई शारीरिक गतिविधि करते हैं। इस अध्ययन में 16 लाख बच्चों को शामिल किया गया है। वर्ष 2001 से 2016 के बीच किए गए अध्ययन के अनुसार चार देशों टोंगा, समोआ, अफगानिस्तान और जाम्बिया को छोड़कर 146 देशों में लड़कियां लड़कों से कम सक्रिय हैं। डब्ल्यूएचओ ने सिफारिश की है कि लोगों को दिन में कम से कम एक घंटा कोई शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। द लैंसेट चाइल्ड एंड अडोलेसेंट हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित डब्ल्यूएचओ के अनुसंधानकर्ताओं के अध्ययन में कहा गया है कि विश्वभर में 85 प्रतिशत लड़कियां और 78 प्रतिशत लड़के प्रतिदिन कम से कम एक घंटे शारीरिक सक्रियता की सिफारिश को पूरा करने में नाकाम हैं।

अध्ययन की सहलेखिका लिएने रिले ने कहा कि 2001 से 2016 के बीच इस आयुवर्ग में शारीरिक सक्रियता के मामले में कोई बदलाव नहीं आया। अध्ययन के अनुसार फिलीपीन में लड़कों से सक्रिय नहीं होने की दर सर्वाधिक (93 प्रतिशत) है जबकि दक्षिण कोरिया में 97 प्रतिशत किशोरियां कोई शारीरिक गतिविधि नहीं करतीं। किशोरों की पर्याप्त सक्रियता के मामले में अमेरिका, बांग्लादेश और भारत का प्रदर्शन बेहतर रहा। अध्ययन के अनुसार भारत और बांग्लादेश में क्रिकेट जैसे खेलों के कारण बच्चे मैदान में जाते हैं। किशोरियों के मामले में भी बांग्लादेश और भारत का प्रदर्शन सबसे अच्छा देखा गया। इसमें कहा गया, हमारे अध्ययन के अनुसार दोनों देशों में किशोरियों के अपर्याप्त रूप से सक्रिय होने की दर सबसे कम रही।

किम के इशारों पर फिर हुआ सैन्य अभ्यास

सियोल (एपी)। उत्तर कोरिया में सैनिकों ने अपने शीर्ष नेता किम जोंग-उन के इशारों पर दक्षिण कोरिया के साथ विवादित समुद्री सीमा पर तोपखाने का सैन्य अभ्यास किया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। उत्तर कोरियाई की कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि यह अभ्यास उस वक्त किया गया जब किम पश्चिमी दूर चंगरिन द्वीप पर एक सैन्य इकाई का निरीक्षण कर रहे थे।

पिछले साल परमाणु निरस्त्रीकरण पर अमेरिका के साथ वार्ता शुरू करने के बाद किम का यहां यह पहला दौरा है। दोनों के बीच बातचीत फिलहाल रूकी है क्योंकि उत्तर कोरिया लगातार अमेरिका पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध हटाने और शत्रुतापूर्ण नीतियां रोकने का दबाव बना रहा।

केसीएनए ने कहा कि किम ने तटीय तोपखाना कम्पनी को उसे निशाना बता गोला दागने को कहा और कम्पनी के सैनिकों ने अपनी गोलीबारी का पूरा जौहर दिखाया और शीर्ष नेता को खुश किया।

वर्ष 2018 में वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों में वृद्धि नए स्तर पर पहुंची: संरा

एएफपी। जिनेवा

संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को कहा कि पिछले साल वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि नए स्तर पर पहुंच गई। जलवायु परिवर्तन के लिए ग्रीन हाउस गैस अत्यधिक जिम्मेदार हैं। इन गैसों के स्तर में हुई इस वृद्धि को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने भविष्य में मानवजाति के भले के लिए त्वरित कदम उठाने का आह्वान किया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अध्यक्ष पेटेरी तलास ने एक बयान में कहा कि जलवायु परिवर्तन पर समझौते में तमाम प्रतिबद्धताओं के बावजूद वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों के एकत्र होने में कमी का कोई संकेत नहीं है। संगठन के मुख्य वार्षिक ग्रीन हाउस गैस बुलेटिन के अनुसार 2018 में कार्बन डाई ऑक्साइड (सीओ2) का सांद्रण 407.8 पीपीएम था जो 2017 के 405.5 पीपीएम से ज्यादा था। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार दो अन्य मुख्य ग्रीन हाउस गैस-मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड भी 2018 में वातावरण में नए स्तर पर पहुंच गईं। इसने कहा कि इस दीर्घकालिक स्थिति के लगातार जारी रहने का मतलब यह है कि भविष्य की पीढ़ियों को जलवायु परिवर्तन के बढ़े हुए गंभीर प्रभावों का सामना करना पड़ेगा जिसमें तापमान में वृद्धि, अत्यंत प्रतिकूल मौसम, जल संकट, समुद्र के स्तर में वृद्धि और समुद्री तथा भूमि पारिस्थितिकी में गड़बड़ी जैसे प्रभाव शामिल हैं।

बलात्कार की संस्कृति का सामान्यीकरण चिंता का विषय है: अनीता भाटिया

न्यूयार्क (भाषा)। संयुक्त राष्ट्र की एक शीर्ष अधिकारी ने बलात्कार की संस्कृति के सामान्ईकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि फिल्मों एवं टीवी में महिलाओं को वस्तु की तरह दिखाए जाने, विज्ञापनों में हिंसा को बढ़ावा देने और महिला विरोधी भाषा के लगातार इस्तेमाल के जरिए लोग रोजर्मा के जीवन में इस संस्कृति को देख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला की कार्यकारी उपनिदेशक अनीता भाटिया ने यहां एक साक्षात्कार में कहा, बलात्कार की संस्कृति सामान्य बात हो गई है। उन्होंने कहा, और हम सभी बलात्कार की इस संस्कृति को रोज देख रहे हैं, क्योंकि हम रोज महिला विरोधी भाषा सुनते हैं, महिलाओं के शरीर को वस्तु की तरह पेश किया जाता है, महिलाओं पर चुटकुले सुनाए जाते हैं और इस सहमति के मुद्दे को कमतर समझा जाता है कि हां का मतलब हां और न का मतलब न होता है। हम कई ऐसे विज्ञापन देखते हैं, जिनमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा का महिमामंडन किया जाता है।

जोहानिसबर्ग में अग्निकांड के बाद खतरनाक हो चुकी बैंक ऑफ लिस्बन बिल्डिंग को नियंत्रित विस्फोट कर गिरा दिया गया।

डेविस कप क्वालीफायर्स में क्रोएशिया से हो सकती है भारत की भिड़ंत

● आगामी मुकाबले में पाकिस्तान को हराने पर होगा फैसला

भाषा। मैड्रिड

भारतीय डेविस कप टीम अपने आगामी मुकाबले में अगर पाकिस्तान को हरा देती है तो उसे विश्व क्वालीफायर्स ग्रुप के मुकाबले के लिए अगले साल मार्च में क्रोएशिया का दौरा करना पड़ सकता है। रविवार को निकाले गए ड्रा के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मैच के विजेता का सामना 2018 के चैम्पियन क्रोएशिया से होगा। यह क्वालीफायर मुकाबला छह और सात मार्च को खेला जाएगा। इस महीने 29 और 30 तारीख को भारतीय टीम कजाखस्तान की राजधानी नूर सुल्तान में पाकिस्तान से भिड़ेगी। इस मुकाबले से पाकिस्तान के बड़े खिलाड़ियों के हटने के बाद भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार होगी। दोनों टीमों को हालांकि यहां की ठंड से सामंजस्य बैठाना होगा। क्रोएशिया की टीम इस साल मैड्रिड में खेले गए ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सकी। इस साल सेमीफाइनल में पहुंचने वाली स्पेन, कनाडा, ग्रेट ब्रिटेन और रूस की टीमें स्वत: ही अगले साल के लिए क्वालीफाई करेंगी। सर्बिया और फ्रांस को वाइल्ड कार्ड मिला है जिसका मतलब यह हुआ कि बचे हुए 12 स्थानों के लिए 24 टीमों के बीच मुकाबला होगा। भारत और क्रोएशिया का डेविस कप में सिर्फ एक बार आमना सामना हुआ है। लिएंडर पेस की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने 1995 में नई दिल्ली में घसियाले कोर्ट पर खेले गए इस मुकाबले को 3-2 से जीता था।

जीवन ने डेविस कप में पदार्पण पर कहा, मेरी टेनिस यात्रा का यह विशेष सप्ताह होगा

नई दिल्ली। जीवन नेदुचेझीयन के लिए 30 साल की उम्र में डेविस कप में खेलना आगे बढ़ना जैसा नहीं है लेकिन उन्हें लगता है जब वह पाकिस्तान का सामना करेंगे तो यह उनकी टेनिस यात्रा में विशेष सप्ताह होगा। उनका मानना है कि कमजोर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत दर्ज करने से उनका पदार्पण का महत्व कम नहीं होगा। चेन्नई के इस खिलाड़ी को पिछले दो तीन वर्षों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण डेविस कप टीम में जगह नहीं मिली। शीर्ष खिलाड़ियों के पाकिस्तान जाने से मना करने के कारण उनके लिए मौका बना लेकिन इस्लामाबाद से मैच स्थल हटने के बाद वे फिर से तैयार हो गए जिससे जीवन की खेलने की संभावना कम हो गई। लेकिन रोहन बोपन्ना कंधे की चोट के कारण बाहर हो गए जिससे जीवन का अब दिग्गज लिएंडर पेस के साथ युगल मुकाबले में खेलना तय है। जीवन ने कहा, हमारे देश में युगल में काफी अच्छे खिलाड़ी है। हमारे दो खिलाड़ी शीर्ष 50 में शामिल हैं। टेनिस एक यात्रा है। मैं अब 30 साल का हूं और टूर में खेलने का लुत्फ उठा रहा हूं भले ही मुझे डेविस कप में मुझे खेलने का मौका मिले या नहीं। लेकिन देश के लिए खेलना विशेष अहसास है और आगे बढ़ना जैसा नहीं है। यह यात्रा का हिस्सा है। मैं टीम का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। देश का प्रतिनिधित्व करना किसी भी खिलाड़ी का सपना होता है। देश का प्रतिनिधित्व करना किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा सम्मान होता है। साकेत मयनेनी भी टीम में हैं लेकिन पेस के साथ युगल में जीवन के खेलने की संभावना है। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने कहा कि पेस के साथ समय बिताने से उन्हें नए सबक मिलेंगे। मैं नए सबक सीखने की उम्मीद कर रहा हूं। टेनिस कोर्ट पर वह बेहद तेज खिलाड़ी है। मैच के बारे में उनकी सोच उन खिलाड़ियों से भिन्न है जिनके साथ मैं खेला हूं।

कोहली, इशांत और धवन सहित 30 संभावित खिलाड़ी दिल्ली रणजी टीम में

नई दिल्ली। भाषा



कप्तान विराट कोहली, इशांत शर्मा, शिखर धवन और ऋषभ पंत सहित भारतीय टीम के खिलाड़ियों को सोमवार को मंगलवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्राफी शिविर के लिए दिल्ली के 30 संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया। रणजी ट्राफी नौ दिसंबर से शुरू होगी जिसमें दिल्ली का पहला मुकाबला केरल से होगा। कोहली के भारतीय टीम के साथ व्यस्त रहने के कारण टूर्नामेंट में खेलने की संभावना नहीं है लेकिन सभी प्रारूपों में नहीं खेलने वाले धवन और इशांत जैसे खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के साथ व्यस्त नहीं होने पर चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। पंत की टेस्ट टीम में अंतिम एकादश में जगह पक्की नहीं है और वह भी टूर्नामेंट में खेल सकते हैं। वह बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम में थे लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। इसलिए उन्हें सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दी गई। भारतीय टीम में शामिल रहे नवदीप सैनी भी संभावित खिलाड़ियों का हिस्सा है। संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं : विराट कोहली, शिखर धवन, इशांत शर्मा, ऋषभ पंत, नवदीप सैनी, कुंवर बिधुड़ी, जोंटी सिद्धू, नितीश राणा, शिवम शर्मा, विकास टोकस, प्रांशु विजयरण, ध्रुव शौरी, विकास मिश्रा, तेजस बरोका, मनन शर्मा, सुबोध भाटी, हितेन दलाल , शिवांक वशिष्ठ, अनुज रावत, सिमरजीत सिंह, करण डागर, कुणाल चंदेला, कुलवंत खेजरोलिया, ललित यादव, गौरव कुमार, राजेश शर्मा, हिम्मत सिंह, कुलदीप यादव, पवन सुयाल, क्षितिज शर्मा।

सालाह सहित 30 खिलाड़ी अफ्रीका के शीर्ष फुटबाल पुरस्कार की दौड़ में

जोहानिसबर्ग। पिछली बार के विजेता मोहम्मद सलाह सहित 30 खिलाड़ियों को 2019 के अफ्रीका के साल के सर्वश्रेष्ठ फुटबाल खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया। इंग्लिश प्रीमियर लीग में खेलने वाले 10 फुटबालरों को इस सूची में जगह मिली है जिसमें सालाह भी शामिल हैं। लीवरपूल टीम के सलाह के साथियों सादियो माने और नाबी केइता को भी इस सूची में जगह मिली है। यूरोप की अन्य फुटबाल लीग में खेलने वाले 12 खिलाड़ियों, एशियाई लीग में खेलने वाले पांच खिलाड़ियों और अफ्रीका में खेलने वाले तीन खिलाड़ियों को इस सूची में शामिल किया गया है। सलाह की नजरें साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की हैट्रिक पर टिकी हैं लेकिन इस बार सेनेगल के माने उन्हें पछाड़ सकते हैं जिन्होंने लीवरपूल के लिए सत्र में शानदार प्रदर्शन किया।

साइना व सिंधू नहीं खेलेंगी मोदी बैडमिंटन

● कैरोलिना, कश्यप, श्रीकांत, होंगे टूर्नामेंट के आकर्षण का केन्द्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

तीन बार की चैंपियन साइना नेहवाल ने भी मंगलवार से शुरू हो रहे सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। इससे पहले मौजूदा विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने पहले ही खेलने से इनकार चुकी हैं। नामी खिलाड़ियों के नहीं खेलने से टूर्नामेंट की चमक फीकी रहेगी। पूर्व चैम्पियन साइना मौजूदा सत्र में बीमारी और चोटों से जूझ रही हैं, जिसका असर उनके खेल पर भी दिखा है। हैदराबाद की 29 साल की यह खिलाड़ी अगले सत्र में खुद को तरोताजा रखने के लिए पहले ही प्रीमियर बैडमिंटन लीग से भी नाम वापस ले चुकी है।

यूपी बैडमिंटन अकादमी में होने वाले मुकाबलों में पूर्व विश्व कैरोलिना मारिन, समीर वर्मा, के. श्रीकांत, बी. साई प्रणीत के साथ महिला एकल की पिछली विजेता चीन की हान यू, सहित कई सितारे खिलाड़ी खेलते दिखाई देंगे। इसके अलावा एचएस प्रणय, सात्विक, चिराग शेट्टी, अश्विनी पोनप्पा (भारत), पोरनपावे चुवांग (थाईलैंड), चेंग की हान, हो डांग झू (चीन), मार्कस इलिस, लॉरेन स्मिथ (इंग्लैंड) भी हिस्सा लेंगे। युवा पुरुष खिलाड़ी लक्ष्य सेन सत्र का पांचवां खिताब जीतना चाहेंगे। चैंपियनशिप में चीन के सीनियर खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। डेढ़ लाख डालर की ईनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में मंगलवार को क्वालीफाइंग मुकाबले होंगे। मुख्य मुकाबले बुधवार से होंगे। वहीं टूर्नामेंट के लिए पहुंच चुके भारतीय खिलाड़ी पी.कश्यप, बी. साई प्रणीत के साथ अन्य खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। पी. कश्यप, बी. साई प्रणीत ने सुबह के सत्र में और शाम के सत्र में कई देशी-विदेशी शटलरों ने कोर्ट पर जमकर अभ्यास किया।

श्रीकांत ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं पर ध्यान देने के लिए पीबीएल से नाम वापस लिया

नई दिल्ली। भारत के शीर्ष पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और 2020 तोक्यो ओलंपिक पर ध्यान देने के लिए प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के आगामी सत्र से नाम वापस ले लिया है। गुंटूर के 26 साल के इस खिलाड़ी ने बेंगलुरु रैपटर्स को पीबीएल के पिछले सत्र में खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 20 जनवरी से नौ फरवरी तक होने वाले आगामी सत्र में भाग नही लेंगे। श्रीकांत ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, आगे कड़े टूर्नामेंट है। मुझे पूरी सजगता से उम्मीदों को पूरा करना है। इसलिए, मैं इस वर्ष पीबीएल में नही खेलूंगा ताकि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं पर पर अधिक ध्यान दे पाऊं बेंगलुरु रैपटर्स को मेरी शुभकामनाएं। उम्मीद है आगामी सत्र भी शानदार होगा। इससे पहले लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतने वाली साइना नेहवाल ने भी अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिए खुद को तैयार करने के लिए पीबीएल के आगामी सत्र से नाम वापस ले लिया था।

आनंद का मिश्रित प्रदर्शन, कार्लसन का खिताब जीतना तय

भाषा। कोलकाता

भारतीय स्टार विश्वनाथन आनंद को सोमवार को यहां दो बाजियों में जीत और इतनी ही बाजियों में हार मिली जिससे वह टाटा स्टील रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। मौजूदा विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन ने अपना दबदबा बरकरार रखा और उन्होंने अपनी बढ़त पांच अंक की कर दी है। अभी टूर्नामेंट में एक दिन बचा हुआ है लेकिन नार्वे के इस खिलाड़ी ने खिताब अपने नाम पर लगभग पक्का कर दिया है। आनंद के कुल 12.5 हैं और वह लंदन में दिसंबर में होने वाले ग्रैंड शतरंज टूर के ग्रैंड फिनाले में जगह बनाने के दावेदार बने हुए हैं। पांच बार के विश्व चैंपियन ने रूस के इयान नेपोमिनियाची के खिलाफ हार से शुरुआत की लेकिन दूसरे और तीसरे दौर में लेवोन आरोनियन और वेस्ली सो को हराने में सफल रहे। उनकी बाकी बाजियां ड्रा छूटी जबकि कार्लसन से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को नौ बाजियां खेली जाएंगी और कार्लसन संभावित 27 में से 21.5 अंकों के साथ बढ़त पर हैं। वह बाकी बची बाजियों में केवल दो अंक बनाने पर खिताब अपने नाम कर देंगे। अमेरिका के हिकारू नकामुरा 16.5 अंक के साथ दूसरे जबकि उनके हमवतन वेस्ली सो (13.5) तीसरे स्थान पर हैं। नीदरलैंड के अनीस गिरी चौथे जबकि आनंद, चीन के डिंग लीरेन और नेपोमिनियाची संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। पी हरिकृष्णा 12 अंक साथ आठवें जबकि आर्मेनिया के आरोनियन (11) नौवें और भारत के विदित गुजराती (10 अंक) दसवें स्थान पर हैं।

राठौड़ के बेटे मानवादित्य की निगाहें भारतीय सीनियर टीम में चयन पर

भाषा। नई दिल्ली

मानवादित्य सिंह राठौड़ को पहले लगता था कि एक चैंपियन निशानेबाज का बेटा होने के कारण उन्हें तुलना से गुजरना होगा और इससे वह सतर्क भी हो गए लेकिन इस धारणा में बदलाव लाने पर उन्हें फायदा हुआ और वह अच्छा प्रदर्शन करने लगे। निशानेबाजी अपनाने के आठ साल बाद तथा ओलंपिक रजत पदक विजेता पिता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से मिले गुर के दम पर मानवादित्य की निगाहें अब भारतीय सीनियर टीम में जगह बनाने पर लगी हैं। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने हाल में यहां समाप्त हुई दो दिवसीय 63वीं राष्ट्रीय शॉटगन निशानेबाजी चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते। जूनियर स्तर के टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद मानवादित्य अब अगले महीने होने वाले ट्रायल्स में अच्छा प्रदर्शन करके सीनियर टीम में चयन के लिए दावा पेश करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं इस तरह के प्रदर्शन के साथ जूनियर स्तर के टूर्नामेंट का समापन करके खुश हूं। किसी भी अन्य खिलाड़ी की तरह मेरा लक्ष्य भी ओलंपिक में भाग लेना और वहां पदक जीतना है। लेकिन मेरा तात्कालिक लक्ष्य भारतीय सीनियर टीम में जगह बनाना है। अपनी चिकित्सक मां के अलावा मानवादित्य के लिए उनके पिता प्रेरणास्रोत हैं। मानवादित्य से पूछा गया कि क्या अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पिता का बेटा होने से उन्हें फायदा मिला, उन्होंने कहा, शुरू में जब भी मैं किसी टूर्नामेंट में खेलता था तो मैं अधिक सतर्क हो जाता था। मैं कई चीजों के बारे में सोचता था।

नेहरू हाकी फाइनल के दौरान पंजाब पुलिस और पीएनबी के खिलाड़ियों के बीच मारपीट

नई दिल्ली। पंजाब पुलिस और पंजाब नेशनल बैंक के (पीएनबी) के खिलाड़ियों ने 56वें नेहरू हाकी टूर्नामेंट के फाइनल के दौरान सोमवार को यहां मैदान पर ही आपस में मारपीट की। राष्ट्रीय महासंघ हाकी इंडिया ने इस पर टूर्नामेंट के आयोजकों से विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा है। झगड़ा उस समय शुरू हुआ जब दोनों टीमें 3-3 से बराबरी पर थी और गेंद पंजाब पुलिस के सर्कल में पीएनबी के पास थी। खिलाड़ियों ने टर्फ पर ही एक दूसरे पर घूंसे जड़े और हाकी स्टिक से मारपीट की।

शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रदर्शन से ओलंपिक की तैयारियों का पता चलेगा: मनप्रीत

बेंगलुरु। हाकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा कि आगामी प्रो लीग में आस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना जैसी शीर्ष टीमों के खिलाफ भारत के प्रदर्शन से तोक्यो ओलंपिक 2020 की तैयारियों का आकलन होगा। भारतीय टीम 18 जनवरी से शुरू होने वाली एफआईएच प्रो लीग में भाग लेगी। पांच महीने तक चलने वाली इस लीग में भारत के अलावा आठ अन्य शीर्ष टीमें भाग लेगी। मनप्रीत ने कहा, टीम का लक्ष्य अपने पूल (ओलंपिक) में शीर्ष दो टीमों में रहने का है। अगले साल प्रो लीग में हमें आस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना जैसी शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना है। इन दोनों टीम के खिलाफ हमारा प्रदर्शन यह तय करेगा कि ओलंपिक में जाने से पहले टीम की स्थिति कैसी है। इसके बाद हमें उसके मुताबिक तैयारी करनी होगी। भारतीय पुरुष टीम को मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना और दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ पूल ए में रखा गया है। इनके अलावा भारत के पूल में स्पेन, न्यूजीलैंड और मेजबान जापान भी शामिल हैं। ओलंपिक में कोई ग्रुप आसान नहीं होता है। रैंकिंग के मामले में हम अपने पूल में आस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के बाद तीसरी सर्वश्रेष्ठ टीम हैं जिससे हमारा पूल थोड़ा आसान लग रहा है। पूल बी में बेल्जियम, नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, कनाडा और दक्षिण अफ्रीका की टीमें हैं। ओलंपिक में रैंकिंग का कोई ज्यादा असर नहीं होता। किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता है हमें अपने पूल के सभी मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा जिससे यह पता चलेगा कि क्वार्टर फाइनल में कौन सी टीमें भिड़ेगी। हमें अब भी याद है कि रियो (2016) में कनाडा (2-2) के खिलाफ क्या हुआ था। भारतीय महिला टीम को पूल बी में रखा गया है जहां विश्व चैम्पियन नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नामः नामालुम, पुत्रः नामालुम, पताः नामालुम, उम्रः 60 वर्ष, कदः 5'4" फीट, रंगः सॉवला, चेहराः लम्बा, पहनावाः अस्पताल के कपड़े। जो दिनांक 21.11.2019 को सदर बाजार रेलवे स्टेशन से रेल दुर्घटनाग्रत बेहोशी की हालत में मिला, जिसे एल0एन0जे0पी0 अस्पताल, दिल्ली में भर्ती कराया । जिसे इलाज के दौरान डाक्टरों ने 21.11.2019 को मृत घोषित कर दिया। जिसके संदर्भ में DD No.05A दिनांक 21.11.2019 से थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है। मृत शरीर को 72 घंटों के लिए पहचान हेतु एल0एन0जे0पी0 अस्पताल, दिल्ली के शवगृह में संरक्षित रखा गया था।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बावजूद भी अब तक इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो वह तुरन्त अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोनः 011-23961522, 8750871302

DP/4202/Rly/19

लखनऊ और सैफई की टीमें खिताबी दौर में

(फोटो लखनऊ बनाम सैफई)

● राज्य स्तरीय सब जूनियर हाकी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

स्पोर्ट्स हास्टल लखनऊ और स्पोर्ट्स हास्टल सैफई की टीमें राज्य स्तरीय सब जूनियर हाकी प्रतियोगिता के खिताबी दौर में पहुंच गयी है। मो. शाहिद हाकी स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में स्पोर्ट्स हास्टल लखनऊ ने स्पोर्ट्स कालेज सैफई को 5-1 गोलों से शिकस्त दी। स्पोर्ट्स हास्टल लखनऊ की तरफ से जैद खान ने 41वें, 46वें और 55वें मिनट में तीन गोल किए। इससे पहले सूरजपाल ने 11वें मिनट में एक गोल करके अपनी टीम को 1-0 गोल की बढ़त दिलायी। इसके अलावा राहुल राजभर ने खेल के 45वें मिनट में एक गोल किया। वहीं स्पोर्ट्स कालेज सैफई की तरफ से एकमात्र गोल खेल के 39वें मिनट में आकाश यादव ने किया। दूसरे सेमीफाइनल में स्पोर्ट्स हास्टल सैफई ने वाराणसी को 3-0 गोल से पराजित किया। स्पोर्ट्स हास्टल सैफई की तरफ से विजय गोंड ने खेल के दूसरे और 35वें मिनट में दो गोल किए। इसके अलावा अभिषेक यादव ने खेल के 52वें मिनट में एक गोल किया।

भारत क्लब विजयी

लखनऊ। भारत क्रिकेट क्लब ने चैंपियन लीग क्रिकेट सीरीज में क्रांति क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराया। मल्टी एक्टिविटी सेंटर में क्रांति क्रिकेट क्लब ने पहले बैटिंग करके 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए। अनिल गौतम ने 36, नितिन श्रीवास्तव ने 35 और अभिषेक ने 16 रन का योगदान दिया। सुमित ने दो विकेट लिए।

जवाब में भारत क्रिकेट क्लब ने 15.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाकर छह विकेट से जीत हासिल की। प्रफुल्ल सिंह ने नाबाद 30, निशांत पटेल ने 26, विकास सिंह ने 24 और अमित सिंह ने 23 रन का योगदान दिया। कृष्णा ने तीन विकेट लिए। दूसरे लीग मैच में सुपर नोवा ने पेस हिटर्स को 69 रनों से पराजित किया।

डीएससी इलेवन ने टी-20 कारपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट

लखनऊ। मैन आफ द मैच सैफ के हरफनमौला प्रदर्शन की सहायता से डीएससी इलेवन ने एलीना क्लब को 14 रन से हराकर डे ग्लोब पार्क ट्विन ट्राफी टी-20 कारपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए फाइनल में डीएससी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करके सैफ के 42 और जीशान शाजी के नाबाद 37 रनों की सहायता से 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए। एलीना क्लब से राहुल चौधरी व मोइन ने दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में एलीना क्लब की टीम निर्धारित ओवर में आठ विकेट गंवाकर 121 रन ही बना सकी। टीम से कामरान ने 38, सत्यप्रकाश ने 27 व सौरभ भल्ला ने 24 का योगदान दिया। डीएससी इलेवन से सैफ , अहसान व नासिर सिद्दीकी ने दो-दो विकेट चटकाए।

स्कन्द त्रिपाठी ने शतरंज टूर्नामेंट जीता

लखनऊ। स्कन्द त्रिपाठी ने शिवम पांडेय को हराकर द्वितीय प्रिसीजन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है। स्कन्द त्रिपाठी ने 4.5 जुटाकर शीर्ष पर रहे। पृथ्वी सिंह दूसरे, अर्जुन सिंह तीसरे पवन बाथम चौथे और मेधांश सक्सेना पांचवें स्थान पर रहे। अंडर-12 में आर्यन पांडेय प्रथम, अक्षिन श्रीवास्तव दूसरे तथा अर्थव रस्तोगी तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-16 में अनुभव सिंह प्रथम, अक्षत भटनागर द्वितीस और आकाश त्रिपाठी तीसरे स्थान पर रहे। बेस्ट गर्ल का खिताब सिमरन साधवानी को मिला।

भारत ने हमारे खिलाफ आक्रामक क्रिकेट नही खेली: शकील

कराची। पाकिस्तान अंडर-23 क्रिकेट टीम के कप्तान सउद शकील ने कहा कि एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) एमर्जिंग टीम कप के सेमीफाइनल में भारत ने उनके खिलाफ आक्रामक खेल नहीं खेला जो चौंकाने वाला था। पाकिस्तान ने इस मुकाबले में भारत को तीन रन से हराने के बाद फाइनल में बांग्लादेश को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया था। शकील ने सोमवार को यहां कहा, हम जानते हैं कि भारत के खिलाफ मैच हमेशा कड़ी चुनौती वाला होता है क्योंकि वे आक्रामक तरीके से खेलते हैं और कड़ी मेहनत करते हैं लेकिन जब हम सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेले तो मुझे उनके रवैए पर थोड़ा आश्चर्य हुआ। हम यह देखकर थोड़ा हैरान थे कि भारतीय टीम ने आक्रामक रुख नहीं अपनाया। मुझे और हमारी टीम के दो और खिलाड़ियों को तीन बार अंपायर से चेतावनी भी मिली क्योंकि हमने उनके खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया था।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला झाबुआ
म.प्र क्रमांक/रीडर-1/2019/1549

झाबुआ, दिनांक 11/11/2019

-:: जाहिर अंतिम सूचना पत्र ::-

इस न्यायालय में प्रचलित आबकारी अधिनियम में जप्तशुदा निम्नलिखित वाहन के मालिक/अनावेदको को समाचार पत्र में प्रकाशित अंतिम जाहिर सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी झाबुआ के समझ व उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। इसके पूर्व भी इस कार्यालय से आप निम्नलिखित वाहन स्वामी/अनावेदकों को सूचना पत्र जारी किये गये थे जिस पर आप उपस्थिति नहीं हुए या सूचना पत्र अदम तामिल वापिस हुए।

अतः इस अंतिम जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर अद्योलिखित कार्यालय में मय लेखी दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थिति होकर अभ्यावेदन/सुनवाई का अंतिम अवर प्रदान किया जा रहा है। ऐसा न होने पर प्रकरण में म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) एवं धारा 47 (क) के अंतर्गत जप्तशुदा वाहन एवं मादक द्रव्यों को जाहिर सूचना प्रकाशित होने के दिनांक के 07 दिन के पश्चात् राजसात किए जाने के आदेश पारित कर दिये जावेगें तथा राजसात की कार्यवाही के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. स.	अनावेदक/वाहन मालिक का नाम व पता	थाने का नाम	अपराध क्रमांक	वाहन का प्रकार	वाहन क्रमांक
1	2	3	4	5	6
1.	भारत पिता दयाराम सिंगाड निवासी उण्डवा	पेटलावद	407/18	मोटर सायकल हिरो एच.एफ डिलक्स	M.P.-45-ML-6608
2.	मनोज पिता दिनेश जैन निवासी 797/एस.नं 51 संगम नगर इंदौर	पेटलावद	110/19	मारूती वेन	M.P.-45-MD-8510
3.	छगन पिता हुमा मचार निवासी नागनखेडी तह रानापुर	झाबुआ	124/19	जीप बोलेरो	GJ-10-CL-1004
4.	प्रभु पिता कोदा गामड निवासी पनास तह पेटलावद	रायपुरिया	53/19	एवन सायकल	-
5.	अज्ञात	मेघनगर	312/19	मोटर सायकल	GJ-23-AE-5445
6.	फकीरा पिता गफुर मुल्तानी नि.जमवन तालुका मांगरोड सुरत (गुजरात)	झाबुआ	688/19	मारूती वेन	M.P.-09-HC-6951
7.	कनीराम उर्फ कान्हा पिता प्रकाश खराडी नि. उमेदपुरा तहसील पेटलावद	पेटलावद	335/19	मोटर सायकल	M.P.-13-MB-8226

हस्ता/-
कलेक्टर
एवं जिला दण्डाधिकारी
जिला झाबुआ, म.प्र.

R.O. No: G19599
R.O. Date: 23.11.19

प्लास्टिक से तिरंगे का निमार्ण
पर्यावरण का नुकसान

कूलिंग आफ नियम में बदलाव जरूरी: धूमल

● उम्र की सीमा नहीं

भाषा। नई दिल्ली

बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने सोमवार को कहा कि बोर्ड की आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में पदाधिकारियों के 70 साल की उम्र सीमा को बदलने के बारे में विचार नहीं किया जाएगा लेकिन कूलिंग आफ (दो कार्यकाल के बाद विश्राम का समय) के नियम को बदलने पर विचार किया जाएगा क्योंकि इससे अधिकारियों के अनुभव का सही फायदा होगा। सौरव गांगुली के अध्यक्ष बनने के बाद पहली एजीएम के लिए जारी कार्यसूची में बोर्ड ने मौजूदा संविधान में महत्वपूर्ण बदलाव करने का प्रस्ताव दिया है जिससे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त लोढ़ा समिति की सिफारिशों पर आधारित सुधारों पर असर पड़ेगा। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित नए कानून के मुताबिक बीसीसीबाई या राज्य संघों में तीन साल के कार्यकाल को दो बार पूरा करने वाले पदाधिकारी को तीन साल तक कूलिंग आफ पीरियड में रहना होगा। बीसीसीआई के नए पदाधिकारी चाहते है कि कूलिंग आफ का नियम उन पर लागू हो जिन्होंने बोर्ड या राज्य संघ में तीन-तीन साल का दो कार्यकाल पूरा किया है यानि बोर्ड और राज्य संघ के कार्यकाल को एक साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए। हमने उम्र की सीमा में कोई बदलाव नहीं किया है। उसे पहले की तरह रहने दिया है। कूलिंग आफ पीरियड के मामले में हमारा मानना यह है कि अगर किसी ने राज्य संघ में काम का अनुभव हासिल किया है तो उस अनुभव का फायदा खेल के हित में होना चाहिए। अगर वह

बीसीसीआई के लिए योगदान कर सकता है तो उसे ऐसा करना चाहिए। राज्य संघ में दो कार्यकाल पूरा करने के बाद अगर किसी का कूलिंग आफ पीरियड 67 वर्ष की उम्र में शुरू होता है तो इस अवधि के खत्म होने तक वह 70 साल का हो जाएगा और बीसीसीआई के लिए कोई योगदान नहीं कर सकेगा। बीसीसीआई चाहता है कि अध्यक्ष और सचिव को कूलिंग आफ से पहले लगातार दो कार्यकाल जबकि कोषाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों को तीन कार्यकाल मिलने चाहिए। गांगुली की अगुवाई में वर्तमान पदाधिकारियों ने पिछले महीने ही पदभार संभाला था जिससे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति का 33 महीने का कार्यकाल समाप्त हो गया था। आप ने पिछले महीने बीसीसीआई के चुनावों में देखा होगा। निर्वाचन नामावली में शामिल 38 सदस्यों में सिर्फ चार या पांच के पास इससे पूर्व किसी बैठक में शामिल होने का अनुभव था। ऐसे में किसी ने अगर राज्य संघ में अनुभव हासिल किया है तो उस अनुभव का लाभ बीसीसीआई को मिलना चाहिए। आपने एक चाल में कई राज्यों में सभी पदाधिकारियों को अयोग्य करार दिया। (लोढ़ा समिति की सुधारों के मुताबिक)। धूमल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले भी लोढ़ा समिति की कुछ सिफारिशों में छूट दी है जिसमें एक राज्य, एक वोट शामिल है। हम एजीएम में पारित हुए सभी संशोधनों को सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखेंगे। कुछ चीजों में हम व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं जिसके बारे में उन्हें अवगत कराएंगे। अगर न्यायालय हमारे संशोधनों से सहमत होता है तो हम उसे लागू करेंगे। धूमल से जब पूछा गया कि अगर संशोधनों को मंजूरी मिल जाती है तो क्या लोढ़ा सुधार से समझौता किया जाएगा? तो उन्होंने कहा, कई सिफारिशों को सर्वोच्च न्यायालय ने खुद ही हटा दिया। वे समझ रहे थे कि एक राज्य एक वोट के संबंध में तकनीकी कठिनाइयां है। हमारे पास अधिकतर सिफारिशों को लेकर कोई समस्या नहीं है, लेकिन कुछ के साथ तकनीकी दिक्कतें हैं।

उम्मीद है कि गांगुली चयन पैनल में बदलाव करेंगे, मजबूत लोगों की जरूरत: हरभजन

भाषा। नई दिल्ली

भारत के अनुभवी आफ स्पिनर हरभजन सिंह को उम्मीद है कि बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली मौजूदा चयन पैनल में बदलाव करेंगे और मजबूत लोगों को इसमें शामिल करेंगे। हरभजन सिंह हाल में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को मौका नहीं दिए जाने के बावजूद भारत की टी20 टीम से बाहर किए जाने पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। हरभजन ने ट्वीट किया, मुझे लगता है कि वे उसके धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। चयन पैनल में बदलाव की जरूरत। मजबूत लोगों की जरूरत... उम्मीद करते हैं कि दादा (सौरव गांगुली) जो जरूरी है वह करेंगे।

हरभजन ने तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य कांग्रेस के शशि थरूर के ट्वीट का भी हवाला दिया। थरूर ने 25 साल के केरल के खिलाड़ी सैमसन को मौका नहीं दिए जाने पर निराशा जताई थी। बिना मौका दिए बिना संजू सैमसन को बाहर किए जाने से बेहद निराश हूं। तीन टी20 मैचों में वह पानी लेकर गया और इसके बाद उसे बाहर कर दिया गया। वे उसकी बल्लेबाजी की परीक्षा ले रहे हैं या धैर्य की? मौजूदा चयन समिति के प्रमुख एमएसके प्रसाद हैं जिन्हें छह टेस्ट और 17 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने का अनुभव है। समिति के अन्य सदस्य देवांग गांधी, जतिन परांजपे, सरनदीप सिंह और गगन खोड़ा हैं। सैमसन ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप में केरल के लिए चार मैचों में 112 रन बनाए। वह अपना एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 2015 में जिंबाब्वे के खिलाफ खेले थे।

दूसरे टेस्ट के चौथे और पांचवें दिन की टिकट का पैसा लौटाएगा कैब

कोलकाता। भारत के पहले दिन-रात्रि टेस्ट के तीसरे ही दिन समाप्त होने के बाद बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने चौथे और पांचवें दिन का टिकट खरीदने वाले प्रशंसकों के पैसे लौटाने का फैसला किया है। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट दो दिन से कुछ अधिक समय चला और भारत ने रविवार को इसे पारी और 46 रन से जीत लिया। कैब ने बयान में कहा, चौथे और पांचवें दिन के टिकट का पैसा लौटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आनलाइन टिकट खरीदने वाले उन सभी लोगों को मैसेज भेजा जाएगा जिन्होंने सिर्फ इन दो दिनों के टिकट बुक किए है। कैब के सचिव अविषेक डालमिया ने कहा, कैब ने हमेशा क्रिकेट प्रेमियों का साथ दिया है और उन्हे सर्वश्रेष्ठ सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। इस बाद भी कोई अपवाद नही होगा। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि अंतिम दो दिन के टिकट का पैसा लौटाया जाए जिस दिन कोई मैच नही हुआ। इस मैच के लिए दैनिक टिकट की कीमत 50, 100 और 150 रुपए थी। कैब ने कहा, प्रत्एक दिन बड़ी संख्या में आने के लिए हम दर्शकों के आभारी है। लोगों को पता था कि तीसरे दिन काफी खेल नही होगा लेकिन इसके बाद काफी दर्शक आए जो काफी सुखद है। लोगों की टेस्ट क्रिकेट में दिलचस्पी वापस लाने के लिए यह कदम उठाने पर हम बीसीसीआई और उसके अध्यक्ष सौरव गांगुली का आभार जताना चाहते है।

आस्ट्रेलियाई टीम में और सुधार हो सकता है: पेन

ब्रिस्बेन। आस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन ने कहा कि पाकिस्तान को पहले टेस्ट में रौंदने के बाद भी उनकी टीम में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने साथ ही अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों के स्तर की सराहना की। दोनों टीमों के बीच अब शुक्रवार से एडीलेड में दिन-रात्रि का टेस्ट खेला जाएगा जिसमें आस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी माना जा रहा है। आस्ट्रेलिया ने अब तक गुलाबी गेंद से खेले गए अपने पांचों टेस्ट जीते है। पाकिस्तान के खिलाफ डेविड वार्नर ने 154, उनके सलामी जोड़दार जो बर्न्स ने 97 और तीसरे नंबर पर उतरे मार्नस लाबुशेन ने 185 रन की पारी खेली। स्टीव स्मिथ (04) हालांकि नाकाम रहे जिन्होने इंग्लैंड में एशेज श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया। यह पूछने पर कि क्या आस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी क्रम में लंबे समय तक शीर्ष तीन में खेलने वाले गेंदबाज मिल गए है, पेन ने कहा, शुरुआती संकेतों से ऐसा ही सुझाव मिलता है। एक पारी से पूरा सत्र अच्छा नही होता लेकिन हमने जो सकारात्मक संकेत देखे है उससे हम खुश है।

बेली आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का चयनकर्ता बनेंगे

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया की एकदिवसीय टीम के पूर्व कप्तान जार्ज बेली नया चयनकर्ता बनने के करीब है जिन्हे कोच जस्टिन लैंगर और चेयरमैन ट्रेवर होस के साथ नई चयन समिति के लिए चुना गया है। सैंतीस साल के बेली अब भी सक्रिय क्रिकेटर है जो बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस जबकि शेफील्ड शील्ड में तस्मानिया के लिए खेलते है। उन्होंने पांच टेस्ट, 90 एकदिवसीय और 30 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है। द सिडनी मार्निंग हेराल्ड और द एज की रिपोर्ट के मुताबिक बेली राष्ट्रीय चयनकर्ता बनने वाले पहले सक्रिय क्रिकेटर नही है। इससे पहले डान ब्रैडमैन और माइकल क्लार्क कप्तान रहते हुए राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ता रहे है। आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बेली को चयनकर्ता बनाने का फैसला किया है। ऐसा माना जाता है कि सीमित ओवरों के क्रिकेट पर उनकी अच्छी पकड़ है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय टीमों के प्रमुख बेन इस समिति में शामिल तीनों चयनकर्ता आस्ट्रेलियाई पुरुष टीम के चयन के लिए जिम्मेदार होंगे।

लक्ष्य ने स्काटिश ओपन जीता

● सत्र का चौथा खिताब

भाषा। ग्लास्गो

भारतीय बैडमिंटन के उभरते खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने यहां स्काटिश ओपन के पुरुष एकल फाइनल में ब्राजील के यगोर कोएल्हो के खिलाफ रोमांचक जीत के साथ तीन महीने में चौथा खिताब अपने नाम किया।

भारत के शीर्ष वरीय लक्ष्य ने रविवार रात हुए फाइनल में ब्राजील के अपने विरोधी को 56 मिनट में 18-21, 21-18, 21-19 से हराया। उत्तराखंड के 18 साल के लक्ष्य का पिछले चार टूर्नामेंट में यह तीसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले सारलोरलक्स ओपन, डच ओपन और बेल्जियम इंटरनेशनल का खिताब जीता था। आयरिश ओपन के दूसरे दौर में शिकस्त झेलने के बाद लक्ष्य ने यहां शानदार वापसी की। लक्ष्य ने ट्वीट किया, स्काटिश ओपन का खिताब

जीतकर खुश हूं। मेरे मित्र कोएल्हो के खिलाफ कड़ा मुकाबला। डेनमार्क में आपके साथ ट्रेनिंग करना और आज आपके खिलाफ कड़ा मैच खेलना काफी अच्छा रहा। भारतीय खिलाड़ी ने अपने अभियान की शुरुआत आस्ट्रिया के लुका व्रेबर के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ की और फिर हमवतन किरन जार्ज को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के 41वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने छठे वरीय ब्रायन यंग को सीधे गेम में हराया और फिर सेमीफाइनल में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव को शिकस्त दी। इस जीत से लक्ष्य बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष 40 में जगह बना लेंगे और ग्रेड 2 की शीर्ष प्रतियोगिता में सीधे प्रवेश के करीब होंगे। लक्ष्य से पहले आनंद पवार (2010 और 2012), अरविंद भट (2004) और पुलेला गोपीचंद (1999) स्काटिश ओपन का खिताब जीत चुके हैं। लक्ष्य ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की लेकिन इसके बाद 10-8 की बढ़त बनाने में सफल रहे। कोएल्हो हालांकि लगातार छह अंक के साथ 14-10 से आगे हो गए जिसके बाद उन्होंने पहला गेम अपने नाम किया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में शानदार शुरुआत करते हुए 7-0 की बढ़त बनाई लेकिन ब्राजील के खिलाड़ी ने 17-17 पर स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी हालांकि अगले पांच में से चार अंक जीतकर मुकाबला।-। से बराबर करने में सफल रहा। तीसरे और निर्णायक गेम में भी कड़ी टक्कर मिली। ब्रेक के समय कोएल्हो 11-8 से आगे थे लेकिन लक्ष्य ने बराबरी हासिल की और फिर गेम और मैच जीतकर खिताब अपनी झोली में डाला।

संग्राम दहिया, वर्षा वर्मन को डबल ट्रैप का राष्ट्रीय खिताब

नई दिल्ली। हरियाणा के संग्राम दहिया और मध्य प्रदेश की वर्षा वर्मन ने 63वीं राष्ट्रीय शॉटगन निशानेबाजी चैंपियनशिप के डबल ट्रैप में सोमवार को यहां क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। संग्राम ने 150 में से 142 लक्ष्य लगाए और ओएनजीसी की तरफ से खेल रहे पूर्व विश्व चैंपियन अंकुर मित्तल को पीछे छोड़ा। मित्तल ने 30 लक्ष्यों के पांच राउंड में 137 शॉट लगाए। पंजाब के पृथ्वी सिंह चहल ने 135 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। वर्षा ने महिला वर्ग में 120 में से 97 सही निशाने लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उनके ही राज्य की मनीषा कीर (93) दूसरे और महिमा विश्वकर्मा (92) ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस तरह से मध्य प्रदेश ने इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। संग्राम और वर्षा ने अपने राज्यों के लिए टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक भी जीते।

भारतीय तीरंदाजों ने रिकर्व में कांस्य जीत

● एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप
● कंपाउंड में भी पदक पक्का

भाषा। कोलकाता

अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी संघ से निलंबित भारतीय तीरंदाजों ने यहां एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को रिकर्व वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ कंपाउंड के मिश्रित स्पर्धा में भी कम से कम रजत पदक पक्का किया। भारतीय महासंघ के निलंबन के कारण तटस्थ ध्वज के तले भाग ले रहे भारतीय तीरंदाजों ने रिकर्व के मिश्रित वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। अतनु दास और दीपिका कुमारी की मिश्रित भारतीय जोड़ी ने चीन की यिचाई झेंग और शाएजुआन वेई की जोड़ी को 6-2 से हराया। कंपाउंड वर्ग में अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नाम की भारतीय जोड़ी ने कोरियाई जोड़ी को 159-154 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। बुधवार को खेले जाने वाले फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना चीनी ताईपे की जोड़ी से होगा। टीम के मुकाबले बुधवार से शुरु होंगे। भारतीय महिला तीरंदाज गुरुवार को क्वालीफिकेशन दौर से ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

सूर्यकुमार के नाबाद अर्धशतक से मुंबई चमका

● मुश्ताक अली ट्राफी : कर्नाटक को सात विकेट से हराया
● हरियाणा और तमिलनाडु भी जीते

भाषा। सूरत

कप्तान सूर्यकुमार यादव की नाबाद 94 रन की तेजतर्रार पारी की बदौलत मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के सुपर लीग के ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां कर्नाटक को सात विकेट से हराया जबकि हरियाणा और तमिलनाडु भी अपने अपने मैच जीतने में सफल रहे। कर्नाटक के 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने बेहतरीन फार्म में चल रहे सूर्यकुमार की पारी की मदद से 19 ओवर में तीन विकेट पर 174 रन बनाकर जीत दर्ज की। सुपर लीग में यह कर्नाटक की पहली हार है। सूर्यकुमार ने 53 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे। वह उस समय बल्लेबाजी के लिए उतरे जब टीम 44 रन के स्कोर तक दोनों सलामी बल्लेबाजों आदित्य तारे (12) और पृथ्वी साव (30) के विकेट गंवा चुकी थी। दाएं हाथ के आक्रामक

बल्लेबाज सूर्यकुमार ने इसके बाद श्रेयस अय्यर (14) के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। कर्नाटक ने 11वें ओवर में अय्यर को पवेलियन भेजकर इस साझेदारी को तोड़ा। सूर्यकुमार ने हालांकि इसके बाद शिवम दुबे (18 गेंद में नाबाद 22) के साथ चौथे विकेट के लिए नाबाद 84 रन की साझेदारी करके मुंबई को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले टास हारकर बल्लेबाजी करने उतरे कर्नाटक ने फार्म में चल रहे लोकेश राहुल (00), कप्तान मनीष पांडे (04) और करूण नायर (08) के विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद छह विकेट पर 171 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने 34 गेंद में चार छक्कों और चार चौक्कों से 54 रन की पारी खेली जबकि रोहन कदम ने 47 गेंद में 71 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी भी की। कदम ने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के मारे। मुंबई की ओर से शार्दुल ठाकुर (29 रन पर दो विकेट) और दुबे (39 रन पर दो विकेट) ने दो-दो जबकि बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी (आठ रन पर एक विकेट) ने एक विकेट चटकाया। दूसरे मैच में हरियाणा ने चैतन्य बिश्नोई (56) और शिवम चौहान (नाबाद 50) के अर्धशतकों की मदद से बड़ौदा को छह विकेट से हराया। हरियाणा के सामने 139 रन का लक्ष्य था जो उसने 15 गेंद शेष रहते हासिल कर दिया। बड़ौदा की टीम पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर पांच विकेट पर 138 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से यूसुफ पठान ने सर्वाधिक नाबाद 45 रन बनाए। एक अन्य मैच में तमिलनाडु ने स्पिनर एम साई किशोर (दस रन देकर तीन विकेट) और एम सिद्धार्थ (नौ रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से पंजाब को चार विकेट से हराया। पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मयंक के नाबाद 33 रन के बावजूद आठ विकेट पर 94 रन ही बना पाया। तमिलनाडु ने छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया।

वैगनर के पांच विकेट से न्यूजीलैंड जीता

● इंग्लैंड को पहले टेस्ट में पारी व 65 रनों से हराया

भाषा। माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)

तेज गेंदबाज नील वैगनर के पांच विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन इंग्लैंड को पारी और 65 रन से हरा दिया। इस जीत से न्यूजीलैंड ने दो मैचों की श्रृंखला में।-0 की अजेय बढ़त बना ली है। साथ ही यह भी तय हो गया है कि टीम घरेलू सरजमीं पर

लगातार सातवीं श्रृंखला में अजेय रहेगी। अंतिम सत्र में न्यूजीलैंड को जीत के लिए दो विकेट की दरकार थी। सैम कुरेन (नाबाद 29) और जोफ्रा आर्चर (30) ने नौवें विकेट के लिए 59 रन जोड़कर इंग्लैंड की ड्रा की उम्मीद बांधी। वैगनर ने हालांकि लगातार गेंदों पर आर्चर और स्टुअर्ट ब्राड (00) को आउट करके इंग्लैंड को 197 रन पर समेटकर न्यूजीलैंड की जीत सुनिश्चित की। इंग्लैंड ने पहली पारी में 353 रन बनाए थे जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने नौ विकेट पर 615 रन बनाने के बाद पारी घोषित की थी। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 55 रन से की। टीम को पारी की हार से बचने के लिए इस समय 207 रन की दरकार थी। इंग्लैंड की टीम ड्रा के इरादे से उतरी। टीम ने बेहद धीमी बल्लेबाजी करते हुए दिन के शुरुआती 41 ओवर में कप्तान जो रूट (11) का विकेट गंवाकर सिर्फ 66 रन जोड़े। लंच के बाद बेन स्टोक्स (28) का धैर्य जवाब दे गया और वह टिम साउथी की बाहर जाती गेंद को विकेटों पर खेल गए। वैगनर ने इसके बाद जो डेनली (35), ओली पोप (06) और जोस बटलर (00) को पवेलियन भेजा जिससे इंग्लैंड ने 17 रन पर चार विकेट गंवाए। वैगनर ने 44 रन देकर पांच जबकि सेंटनर ने 53 रन देकर तीन विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड को हालांकि झटका लगा जब ट्रेंट बोल्ट सुबह सिर्फ एक ओवर फेंकने के बाद पसली में दर्द के कारण मैदान से बाहर चले गए और फिर दोबारा खेलने नहीं आए।

आर्चर ने नस्ली अपमान का दावा किया

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने माफी मांगी

वेलिंगटन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने सोमवार को कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के अंतिम दिन उन्हे एक दर्शक से नस्ली अपमान का सामना करना पड़ा। आर्चर के इस दावे के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने इस अस्वीकार्य अनुभव के लिए उनसे माफी मांगी। यह घटना कथित तौर पर माउंट मोनगानुई के बे ओवल में पहले टेस्ट के समाप्त होने के बाद हुई जब आर्चर मैदान से बाहर जा रहे थे। चौबीस साल के आर्चर ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, अपनी टीम को हार से बचाने के लिए बल्लेबाजी करते हुए आज नस्ली अपमान का सामना करना थोड़ा निराशाजनक है। उस एक व्यक्ति के अलावा इस हफ्ते दर्शक शानदार थे। बार्मी आर्मी भी हर बार की तरह अच्छी थी। बारबडोस में जन्मे इंग्लैंड के क्रिकेटर आर्चर ने दोहरा शतक जड़ने वाले बीजे वाटलिंग (205) को आउट करने के अलावा 50 गेंद में 30 रन की पारी भी खेली लेकिन न्यूजीलैंड की पारी और 65 रन से जीत दर्ज करने से नही रोक पाए। एनजेडसी ने इसके बाद बयान जारी करके इस घटना के लिए आर्चर से माफी मांगी। एनजेडसी ने ट्वीट किया, हम आज टेस्ट मैच के बाद जोफ्रा आर्चर से मौखिक दुर्व्यवहार की बात सुनकर स्तब्ध और निराश है। वे भले ही हमारे प्रतिद्वंद्वी हो लेकिन हमारे मित्र भी है और नस्ली दुर्व्यवहार कभी ठीक नही है। मेजबान बोर्ड ने कहा कि वे किसी तरह के दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नही करेंगे और वादा किया कि उस व्यक्ति की पहचान करके उसके खिलाफ कार्वाई की जाएगी। एनजेडसी ने कहा कि वे मंगलवार को आर्चर से संपर्क करके उनसे माफी मांगेंगे।

गेंद को पकड़ने के तरीके में बदलाव करने का फायदा मिला : यादव

भाषा। कोलकाता

पिछले कुछ समय से शानदार लय में चल रहे भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव ने कहा कि उन्होंने गेंद को पकड़ने के तरीके में बदलाव किया जिससे उनकी गेंदबाजी में पैनापन आया और आउटस्विंग को बेहतर करने में मदद मिली। यादव ने भारत के पहले दिन-रात्रि टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ यहां 81 रन देकर आठ विकेट चटकाए जिससे टीम ने रविवार को पारी और 46 रन की जीत दर्ज की। बीसीसीआई.टीवी के लिए सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के सवाल पर यादव ने कहा, मैंने गेंद पकड़ने के तरीके में बदलाव किया जिससे मुझे काफी मदद मिली। पहले मेरी ग्रिप अलग थी जिससे एक-दो गेंद स्विंग करती थी जबकि कुछ गेंद पैर की तरफ से निकल कर बाई के रूप में सीमा रेखा के पार चली जाती थी। उस तरीके में ग्रिप पर नियंत्रण करना मुश्किल था। इसके बाद मैंने कोचों से बात की, कई बार हम आपस में भी बात करते हैं फिर मुझे लगा कि जब मैं गेंद

को सही तरीके से पकड़ता हूं तो मेरे पास गेंद को नियंत्रित और स्विंग करने का अच्छा मौका होता है। ऐसे में मैं नियमित तौर पर आउटस्विंगर करने में सफल रहा और कुछ गेंद अंदर भी डाल सकता हूं। बांग्लादेश के खिलाफ पहली पारी में पांच और दूसरी पारी में चार विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने कहा कि कलाई की स्थिति में बदलाव करने से उन्हें कोण बनाने में मदद मिली जिससे खासकर बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए स्थिति मुश्किल हो गई। जब आप ज्यादा खेलते हैं तो आप खुद ही अपनी गेंदबाजी के बारे में जानते हैं। आप खुद सोचते हैं कि अपनी गेंदबाजी में क्या नया कर सकते हैं। मैं कलाई की स्थिति के हिसाब से गेंदबाजी के दौरान कोण बनाने में सफल रहा। ऐसे में जब बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ मैं राउंड द विकेट गेंदबाजी कर रहा था तब उनके लिए काफी मुश्किल हो गया। इससे पहले मेरी गेंद पर बल्ले का किनारा नहीं लगता था। गेंद टप्पा खाकर बाहर निकल जाती थी। जब मैं विकेट के सामने गेंद करता हूं और और गेंद बाहर की तरफ निकलती है तो बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल होता है। लाल और गुलाबी गेंद के अंतर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, गुलाबी गेंद लाल गेंद से पूरी तरह अलग है। लाल गेंद सुबह में स्विंग होती है लेकिन इसके साथ ऐसा नहीं होता। जब हमने गेंदबाजी शुरू की तो पता चला कि ए ऐसी गेंद नहीं है जो स्विंग होगी। हमने आपस में बात करके गेंद को तेजी से टप्पा खिलाने पर ध्यान दिया जिसका फायदा मिला।

नडाल की अगुआई में स्पेन ने छठा डेविस कप खिताब जीता

भाषा। मैड्रिड

रफेल नडाल ने अपने शानदार सत्र का अंत रविवार को यहां डेनिस शापालोव को हराकर कनाडा पर जीत से स्पेन को छठा डेविस कप खिताब दिलाकर किया। नडाल ने शापालोव को 6-3, 7-6 से हराकर स्पेन को 2-0 की विजई बढ़त दिलाई। पहले एकल में रोबर्टो बतिस्ता आगुत ने फेलिक्स आगर एलियासिम को 7-6, 6-3 से हराकर स्पेन को।-0 से बढ़त दिलाई थी। नडाल ने मैच के बाद कहा, साल का अंत इस तरह से करके मैं बेहद खुश हूं। नडाल ने 2019 में फ्रेंच और अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने के बाद साल का अंत दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के रूप में किया।

'जल संबंधी समस्याओं का समाधान हमारे घरों से ही निकलेगा'

गायक और वीडियो निर्माता **भुवन बैम** ने प्रारंभ में रेस्तरां आदि में गाकर अपने कॅरियर को आकार दिया है। उन्हें अनायास ही यूट्यूब पर वीडियो बनाकर पोस्ट करने का विचार आया और उन्होंने इसे प्रारंभ कर दिया। पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** के साथ एक बातचीत में उन्होंने यूट्यूब पर अपने नवीनतम गाने तथा पानी की समस्या पर बनाए गए उनके वीडियो को क्यों इतनी चर्चा मिली, आदि विषयों पर अपने विचार रखे। प्रस्तुत है उनसे बातचीत के अंश-



■ एक गायक से वीडियो बनाने तक की आपकी यात्रा कैसी रही है?

मेरी यात्रा अद्भुत रही हैं। रेस्तरां में गाना प्रस्तुत करने से लेकर यूट्यूब पर वीडियो बनाकर पोस्ट करने तक अनवरत संघर्ष करते हुए ही मैं आज यहां तक पहुंचा हूं। मेरी यात्रा का हर पल यादगार रहा है। ये रोमांचक रही है और इसके कारण आज मैं अत्यंत कृतज्ञ अनुभव कर रहा हूं। संगीत का मैं सदैव से धुनी रहा हूं। कॅरियर के रूप में उसे करना और फिर रचनात्मक कंटेंट का सृजन करके मैं अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह कर पा रहा हूं। मेरे लिए तो ये सब सपने के सचन होने जैसा है। हाल ही में मैंने अपना एक सिंगल गाना प्रस्तुत किया है और उसने आईट्यून के चार्ट के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। और हर चार्ट को धता बताते हुए ये नंबर एक पर जा पहुंचा है। इसने इंडी पॉप तथा आई ट्यून चार्ट के आई ट्यून का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। मैं तो इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता था। इंडिपेंडेंट कलाकार होने के कारण मैं तो अपने प्रशंसकों की प्रतिक्रिया पर दंग था। बल्कि उनका कृतज्ञ हो गया हूं।

■ आपने जल और उससे संबंधित समस्याओं को ही क्यों रेखांकित किया?

मैं तो अपने देष में जल की दुर्लभता को रेखांकित करना चाहता था क्योंकि इससे मानव जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। मैंने इसे हास्यपूर्ण ढंग से सामने रखा है ताकि लोग जल से जुड़ी समस्या का संज्ञान लें। हम एक ऐसी समस्या से दो चार हैं कि यदि सही समय पर सही कदम न उठाए तो हमें गहरा पश्चाताप करना होगा। मेरे वीडियो की कंटेंट सारगर्भित है और सरलता से समझ में आती है। यही कारण है कि मैंने पानी की समस्या पर अपने विचार रखने का निर्णय लिया।

■ आप इसके माध्यम से क्या संदेश देना चाहते थे?

इस वीडियो के माध्यम से जो संदेश हम देना चाहते थे वो ये था कि जल समस्या से मुक्ति पाने के लिए हमें छोटे छोटे समाधानों को अपनाने पर जोर देना चाहिये। क्योंकि इन्हीं छोटे छोटे प्रयासों से समस्या का बड़े स्तर पर भी समाधान निकाला जा सकता है। यदि हम ये सोचते रहे कि प्रात:काल ब्रष करते समय नल की टोटी बंद करने से किस प्रकार समस्या हल हो सकती है और ये सोचकर हम ऐसा न करें तो फिर समस्या लोगों की मानसिकता की भी है क्योंकि हम सभी मिलकर पानी का अपव्यय कर रहे हैं और इससे नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। मैं अपने वीडियो में इन्हीं छोटे छोटे उपायों पर ध्यान आकर्षित करना चाहता था। यदि इन पर ध्यान दिया गया तो बड़े स्तर पर भी जल की समस्या का निदान किया जा सकता है।

■ क्या आप समझते हैं कि इस प्रकार के वीडियो का भी सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है?

कम से कम मैं ये आशा तो करता ही हूं। मुझे पता है कि मेरे दर्षक इन वीडियो को देखते हैं और उनका अंतर्निहित संदेश भी उनकी समझ में आ जाता है। आशा है कि वो इन वीडियो में दी गई मेरी सलाह को मानेंगे।

■ क्या आपको लगता है कि लोगों को जल बचाने की जरा भी चिंता नहीं है?

लोग तभी चेतते हैं जब मार उनपर पड़ती है। देश में जल एक ज्वलंत समस्या है और हर समस्या का हल हमारे घरों से ही निकलेगा।

■ क्या आपने अपने अगले वीडियो पर काम प्रारंभ कर दिया है?

मैं अपने अगले वीडियो को लेकर सदैव सोचता रहता हूं।

■ आपका 'अजनबी' वाला अगला गाना किस बारे में है?

मैंने इसे एक निश्छल प्यार की कहानी की ओर ध्यान आकर्षित करने से प्रेरित होकर ही लिखा था अपरिहार्य कारणों से दशकों पूर्व जिसका अंत हो गया, लेकिन दूरियों, समय के दबाव और अनकहे बोलों के बावजूद प्यार जीवित रहा।

■ ये 'टीटू टॉक्स' किस बारे में है?

ये टीटू मामा और सिलेब्रिटीज़ का साक्षात्कार करने की उनकी कल्पना के बारे में है वो उनसे सहज, मजाकिया और व्यंगात्मक ढंग से उनसे बात करते हैं। मैं अपने पहले अतिथि के रूप में शाहरुख खान का साक्षात्कार कर अत्यंत प्रसन्न था। इससे मुझे इसे आगे ले जाने की प्रेरणा मिली।

■ रणवीर सिंह ने आपको 'शरारत का देवता' कहा था। आप इससे सहमत हैं?

जी, बिलकुल! मुझे ये टाइटल पसंद है। उन्होंने अपनी शादी के आसपास मेरे वीडियोज़ तथा वॉयस-ओवर को संबोधित किया था। इसके लिए उनका धन्यवाद। वो हम सब के प्रिय अभिनेता हैं।

हीरो या हीरोइन के पिता की भूमिका नहीं निभाना चाहते ऋषि कपूर

मुंबई। अनुभवी अभिनेता ऋषि कपूर ने कहा कि वह ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां यह मायने नहीं रखता कि किसी फिल्म में उनका किरदार कितना लंबा है, बल्कि किरदार की अहमियत मायने रखती है और वह केवल प्रमुख किरदारों के पिता की भूमिका ही नहीं निभाना चाहते। हाल में आईं फिल्मों मुल्क और कपूर एंड संस के लिए सराहे गए अभिनेता ने कहा कि वह ऐसी भूमिकाओं की तलाश में हैं जिनका फिल्म की कहानी पर असर हो। कपूर ने कहा, मैं सच में अपने काम से प्यार करता हूं और मैं इसे लेकर जुनूनी हूं। किरदार की लंबाई महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि मैं किसी फिल्म में हीरो या हीरोइन के पिता जैसी कोई महत्वहीन भूमिका नहीं निभाना चाहता। मैंने पहले ऐसा किया था लेकिन हर चीज से सीख मिलती है। उन्होंने कहा, अब मैं ऐसी भूमिकाएं करना चाहता हूं जो कहानी में योगदान दें। कपूर 1970 में आई फिल्म मेरा नाम जोकर से फिल्मी दुनिया में कदम रखने के साथ अगले साल इस उद्योग में 50 साल पूरे करेंगे। बहरहाल, 67 वर्षीय अभिनेता मशीन की तरह चौबीसों घंटे काम करने में यकीन नहीं रखते। उन्होंने कहा कि हर कलाकार के लिए काम से अवकाश लेना बहुत जरूरी है। कपूर ने उस दौर को याद किया जब मिथुन चक्रवर्ती और गोविंदा जैसे अभिनेता चार-छह पालियों में काम करते थे। वह अब जीतू जोसेफ की द बॉडी फिल्म में दिखाई देंगे। इसी नाम से स्पेनिश फिल्म का यह हिंदी रीमेक है। द बॉडी 13 दिसंबर को रिलीज होगी।

शाहरुख की बॉब बिस्वास में मुख्य किरदार में दिखेंगे अभिषेक बच्चन

मुंबई। अभिनेता शाहरुख खान बॉब बिस्वास नाम की फिल्म बनाएंगे जिसमें अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में होंगे। खान ने ट्विटर पर सोमवार को यह सूचना साझा की। वह इस फिल्म के सह निर्माता हैं। इस फिल्म के निर्माताओं में रेड चिलिज़ एंटरटेंमेंट और निर्देशक सुजॉय घोष की बाउंड स्क्रिप्ट प्रॉड्क्शन शामिल हैं। खान ने बच्चन की तस्वीर के साथ ट्वीट किया कि बॉब बिस्वास आ रही है। बाउंड स्क्रिप्ट प्रॉड्क्शन के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन भूमिका निभाएंगे और दिव्या अन्नपूर्णा घोष फिल्म का निर्देशन करेंगी। बॉब बिस्वास 2012 में आई सुजॉय घोष की कहानी से निकला एक किरदार है। बिस्वास एक एलआईसी एजेंट था लेकिन रात में छुपकर वह सुपारी लेकर हत्याएं करता था। इस किरदार को सास्वत चटर्जी ने निभाया था। बच्चन ने कहा है कि वह फिल्म में काम करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने ट्वीट किया, मैं अपनी अगली फिल्म का ऐलान करने के लिए उत्सुक हूं। अब मुझसे इंतजार नहीं हो रहा है। मैं अपने पसंदीदा कलाकारों के साथ काम कर रहा हूं। सुजॉय ने कहा कि उन्हें फिल्म के लिए आशीर्वाद और शुभकामनाओं की जरूरत है।

ज़रीन खान ने किया समलैंगिकता का समर्थन

बॉलिवुड अभिनेत्री ज़रीन खान का कहना है कि 'हम भी अकेले तुम भी अकेले' की कहानी सुनने के बाद मुझे ये अत्यंत महत्वपूर्ण लगी। यद्यपि अनुच्छेद 377 को संषोधित कर दिया गया है लेकिन समाज आज भी समलैंगिकों को पूरी तरह से स्वीकार और अंगीकार नहीं कर सका है। ये मेरे लिए केवल एक अन्य प्रकार की लैंगिकता है और कुछ नहीं। जब तक समाज का समर्थन न मिले, युवा स्वतंत्र होकर कैसे रह सकते हैं?

'जवानी जानेमन' की रिलीज टली, अब सात फरवरी

सैफअली खान, तब्बू अभिनीत फिल्म 'जवानी जानेमन' की रिलीज़ को विलंबित कर दिया गया है। पहले ये 29 नवंबर को रिलीज़ होने वाली थी लेकिन अब ये अगले साल की 7 फरवरी को रिलीज़ होगी। फिल्म के सह निर्माता जैकी भगनानी ने बुधवार को ट्वीट करते हुए लिखा, 'ये सही है कि आयु मात्र एक संख्या भर है.... जवानी जानेमन अब 7 फरवरी 2020 को रिलीज़ होगी।' फिल्म में सैफएक 40 वर्षीय पिता बने हैं जबकि आलिया उनकी युवा पुत्री का चरित्र निभा रही हैं। तब्बू भी इसमें एक केन्द्रीय भूमिका में हैं। इस रोमांटिक कॉमेडी को नितिन कक्कड़ ने निर्देषित किया है।

दुर्घटना के बाद केविन हार्ट ने की वापसी

अभिनेता और हास्यकलाकारर केविन हार्ट जुमांजी: द नेक्स्ट लेवेल' की स्क्रीनिंग से पहले स्टेज़ पर पहले की तरह स्वस्थ और प्रसन्न दिखाई दे रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी साल हुई भयानक दुर्घटना के बाद वो उससे उबर पाने और जुमांजी की यात्रा का हिस्सा बनने में सफल रहे हैं। दुर्घटना के बाद सितंबर माह से ही वो अस्पताल में भर्ती थे। लेकिन उससे उबर कर ड्वेन जॉन्सन, जैक ब्लैक, केरन गिलन, अक्वाफिना तथा फिल्म के निर्देषक जेक कास्डन के साथ स्टेज पर आकर उन्होंने सभी को आष्चर्य में डाल दिया। उन्होंने कहा, 'मैं इससे अधिक उत्साहित कभी किसी भी दूसरी चीज का हिस्सा बनकर नहीं हुआ।'

लोग उम्मीद करते हैं कि मैं गैंगस्टर जैसी भूमिकाएं निभाऊं: इमरान हाशमी

भाषा। मुंबई

अभिनेता इमरान हाशमी ने कहा कि पता नहीं क्यों लोग उनसे ऐसी उम्मीद करते हैं कि वह या तो गैंगस्टर की भूमिका निभाएंगे या दुश्मन की। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस छवि से बाहर निकलने के लिए एक दमदार पटकथा की जरूरत होगी। इमरान ने 2000 के दशक में आई गैंगस्टर , जन्नत , वो लम्हे , वन्स अपॉन अ टाइम इन मुंबई समेत कई हिट फिल्में दीं। इसके बाद उन्होंने लीक से थोड़ा हटते हुए शंघाई , घनचक्कर और व्हाय चीट इंडिया जैसी फिल्में कीं। 40 वर्षीय अभिनेता अब थ्रिलर फिल्म द बॉडी में दिखाई देंगे जिसमें उन्होंने एक ऐसे पति का किरदार निभाया है जिस पर अपनी पत्नी की हत्या करने का आरोप है। इसके बाद उनकी मुंबई सागा फिल्म आएगी। इन भूमिकाओं पर चर्चा करते हुए इमरान ने कहा कि उन्हें हैरानी होती है जब लोग उनसे ऐसे किरदार निभाते रहने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा, लोग हमेशा मुझसे खराब भूमिकाओं की उम्मीद करते हैं। या तो मैं गैंगस्टर होता हूं या हत्या या घोर अपराध करने जैसा कोई काम कर रहा होता हूं। यह छवि बन गई है कि मैं एक संतुलित शख्स का किरदार नहीं निभा सकता। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि एक दिन मैं यह करूंगा लेकिन इसके लिए दमदार पटकथा की जरूरत है। बहरहाल, अभिनेता ने राहत जताई कि आज परिस्थितियां बदल रही हैं। द बॉडी में वह वरिष्ठ अभिनेता ऋषि कपूर और एक अन्य फिल्म चेहरे में अमिताभ बच्चन के साथ काम कर रहे हैं। अभिनेता ने कहा कि बच्चन (77) के साथ काम करना सीखने के लिहाज से बहुत अच्छा अनुभव है।

अमेरिकन शो 'फ्रेश ऑफ द बोट' में दिखेंगी प्रीति ज़िंटा

बॉलिवुड अभिनेत्री प्रीति ज़िंटा पुन: सक्रिय हो गई हैं और इस बार वो अमेरिकन शो 'फ्रेश ऑफद बोट' के माध्यम से ऐसा कर रही हैं। प्रीति इसके अगले एपिसोड में दिखाई देंगी और उन्होंने इसकी शूटिंग भी प्रारंभ कर दी है। अपने इस नए प्रोजेक्ट के बारे में सोषल मीडिया पर उन्होंने लिखा, 'अब मैं पुन: आ रही हूं। मैं 'फ्रेश ऑफद बोट' की शूटिंग लोकेशन पर हूं। पहले दिन की शूटिंग पूरी हुई, मैं अब तक जीवित हूं किसी प्रकार की घबराहट नहीं है ये आष्चर्य है... ये रहा इसका फोटो...कितने आश्चर्य की बात है कि दृष्य बदलते ही लगने लगता है जैसे आप नवागतुंक हैं। सबकुछ बहुत अच्छा लग रहा है।'